WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार, 20 जुलाई 2024 वर्ष-13 अंक- 150 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

साइकिल वाले भईया ने तराना छेड़ दिया है कि - आजा मेरी साइकिल में बैठ जा...। अब देखना होगा कि उनके इस मानसून ऑफर को स्वीकारा जाता है या नाकारा जाता है। दरअसल उत्तरप्रदेश में लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन खराब रहा। इसे लेकर वहां सियासी उठापटक की अटकलें लगाई जा रही है। जाहिर है उत्तरप्रदेश में सबकुछ ठीक तो नहीं चल रहा है। ऐसे में अखिलेश यादव जोड़-तोड का गुनताड़ा कर रहे हैं तो इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है। देखना दिलचस्प होगा कि क्या उत्तरप्रदेश में महाराष्ट्र की तरह खेला हो पाएगा ?

इंडिया ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया

दांबुला । भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को हरा दिया है। टीम इंडिया ने वीमेंस एशिया कप 2024 में अपना पहला मैच 7 विकेट से जीता। भारत ने पाकिस्तान को वीमेंस एशिया कप टी20 2024 के मुकाबले में बुरी तरह हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 7 विकेट से जीत दर्ज की। पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया. इस दौरान पाक टीम 108 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई. इसके जवाब में भारत ने स्मृति मंधाना और शैफाली वर्मा की दमदार पारी के दम पर जीत दर्ज की. भारत के लिए गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा ने 3 विकेट झटके। पाकिस्तान के लिए लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम इंडिया ने 14.1 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया. भारतीय टीम का वीमेंस एशिया कप 2024 में यह पहला मुकाबला था।

10 करोड़ की नशीली दवाई जब्त

मुंबई । शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई की टीम एक तस्कर को पकड़ा। तस्कर के पास से 10 करोड़ की नशीली दवा पांच किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई। बताया गया कि यह दवा अंतरराज्यीय तस्करी के तहत हैदराबाद से मुंबई लाई गई थी। एनसीबी मामले की जांच कर रही है। एनसीबी अधिकारियों ने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का भंडाफोड़

नई दिल्ली । दिल्ली में अंतरराज्यीय अवैध किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का अंतरराज्यीय सेल, क्राइम ब्रांच की टीम ने भंडाफोड़ किया है। सरगना समेत 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और गुजरात में सक्रिय थे। आरोपियों के कब्जे से स्टाम्प, विभिन्न अधिकारियों की मुहर, विभिन्न अस्पतालों और प्रयोगशालाओं के खाली कागजात, किडनी प्रत्यारोपण के रोगियों और दाताओं की जाली कागज फाइलें और अन्य महत्वपूर्ण जाली आईडी दस्तावेजों सहित बहुत सारी आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है।

सिरसा में एक ही परिवार के 6 की मौत

सरसा (हरियाणा)। सिरसा से सालासर बालाजी दर्शन के लिए जा रहे डबवाली के एक ही परिवार के छह लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। भारत माला हाइवे पर जैतपुर के पास यह हादसा हुआ। जिसमें तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्राले में घुस गई। मरने वालो में माता-पिता उनके दो बेटे और दो बेटियां शामिल हैं। डबवाली में कॉलोनी के लोगों ने बताया कि परिवार उतरप्रदेश का रहने वाला था और सालों पहले डबवाली आकर बस गया था।

खूंखार आतंकी अमीनुल हक गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान को आतंकियों की सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है और एक बार फिर ये बात साबित हो गई है। दरअसल खूंखार आतंकी संगठन अलकायदा के एक शीर्ष आतंकी अमीनुल हक को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से पकड़ा गया है। गौरतलब है कि अमीनुल हक, ओसामा बिन लादेन का करीबी था।

बम से उड़ाने की धमकी देने वाला पकड़ाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपी शख्स के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत चालान किया है। पूछताछ में आरोपी युवक ने पुलिस को बताया कि उसने फेमस होने के लिए ऐसा किया था।

माइक्रोसाफ्ट क्लाउड ठप्प थम सी गई पूरी दुनिया

भारत - अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट कैंसिल

नई दिल्ली। माइक्रोसाफ्ट क्लाउड के ठप होने के कारण पूरी दुनिया ठप हो गई है। इसकी बड़ी वजह यह है कि दुनियाभर के तमाम बैंक, बिजनेस, एयरलाइन क्लाउड सर्वर पर निर्भर हैं। माइक्रोसाफ्ट क्लाउड के डाउन होने के कारण भारत अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया समेत दुनियाभर की सैकड़ों फ्लाइट कैंसिल हुई हैं और कईयों का समय बदला गया है। एयरलाइंस कंपनियों ने अपने यात्रियों के इस आउटेज के कारण सेवाओं में हो रही देरी को लेकर एडवाइजरी जारी की है। बता दें कि अधिकतर कंपनियां क्लाउड सर्वर का इस्तेमाल कर रही हैं और इस वक्त क्लाउड सर्विस देने वाली तीन प्रमुख कंपनियां हैं जिनमें माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन और गूगल शामिल हैं। इस आउटेज पर दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा, वैश्विक आईटी आउटेज के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर कुछ सेवाएं अस्थायी रूप से प्रभावित हुईं। हम अपने यात्रियों को असुविधा कम करने के लिए अपने पार्टनर के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब नहीं है आउटेज की समस्या, केंद्र सरकार ने कहा- स्थिति को सामान्य करने के प्रयास जारी

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज के कारण भारत में कुछ उड़ानें प्रभावित हुईं हैं। अब इस स्थिति को सामान्य करने के लिए जरूरी उपाय उठाए जा रहे हैं। नायडू ने कहा कि अब भारत में आउटेज की समस्या नहीं है और यात्रियों को होने किसी भी तरह की असुविधा का ध्यान रखा जा रहा है।

राजीव चंद्रशेखर ने कहा- जल्द बहाल होंगी सेवाएं : माइक्रोसॉफ्ट आउटेज पर बीजेपी नेता और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री तथा केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, माइक्रोसॉफ्ट 365 और माइक्रोसॉफ्टसुइट का इस्तेमाल लाखों भारतीय करते हैं। इस प्लेटफॉर्म पर कोई भी आउटेज कई कंपनियों के

एलन मस्क ने माइक्रोसॉफ्ट की उड़ाई खिल्ली, दे दिया नया नाम

टेस्ला, स्पेस एक्स और एक्स जैसी कंपनियों के मालिक एलन मस्क दिल खोलकर अपनी बात रखने के लिए जाने जाते हैं. शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के साथ हुई समस्या के बाद उन्होंने कंपनी की खिल्ली उड़ाते हुए दो पोस्ट किए। इनमें से एक में उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट का नाम बदलकर मैक्रोहार्ड कर दिया। माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर डाउन होने के चलते पूरी दुनिया में उथलपुथल मची हुई है। दुनियाभर के शेयर मार्केट डाउन हुए हैं।

छग से 6 फ्लाइट कैंसिल

दिल्ली में फंसे रहे वित्त मंत्री चौधरी नहीं कर पाए केबिनेट मीटिंग अटेंड

रायपुर/नवप्रदेश। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में तकनीकी खराबी का असर रायपुर के एयरपोर्ट पर भी पड़ा है। शुक्रवार को रायपुर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु जाने वाली 6 फ्लाइट रद्द कर दी गई है। सर्वर में समस्या की वजह से दुनियाभर में एयरलाइंस, टीवी टेलीकास्ट, बैंकिंग और कई कॉर्पोरेट कंपनियों के कामकाज पर असर पड़ा है। बता दें कि इसी समस्या की वजह से मंत्री ओपी चौधरी भी दिल्ली से रायपुर नहीं पहुंच पाए, उन्हें रायपुर कैबिनेट बैठक में शामिल होना था। भारत समेत दुनियाभर में एयरपोर्ट पर चेक इन और टिकट बुकिंग में दिक्कत आ रही है। इससे फ्लाइट्स या तो लेट है या कैंसिल की जा रही है।

रायपुर से कैंसिल हुई ये फ्लाइट-
- कोलकाता-रायपुर-कोलकाता (6E 7215/6E 7216)
- हैदराबाद-रायपुर-हैदराबाद (6E 7248/6E 7249)
- मुंबई-रायपुर-मुंबई (6E 2371/6E 5049)

■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रसंगवश

मिर्ज़ा की वफा को मौत ने कुचला...

कनक तिवारी

आशंका इन दिनों मेरे जेहन में पैठ गई है। कहती है इस उम्र में तुम्हारे साथ होना मेरा ही तकाज़ा है। कई बार सोचता अपने इंतकाल की खबर मैं किसी को कैसे दे पाऊंगा। बिना बताए ही जाना होगा। लेकिन कई लोग मेरे मन की आशंका को अपनी क्यों बनाते हैं? मेरी जवानी के दिनों में रायपुर मेरा ऐसा ठीहा था जिसे मेरी ज़िंदगी से अलग नहीं होना था। रायपुर मेरा इतिहास है। भूगोल भी रहा और ज़िंदगी गुज़ारने का अहसास भी। वहीं मैं ज़िन्दगी को समझ पाया था।

कॉलेज की पढ़ाई और अध्यापकी के दिनों में कई बहुमुखी किरदारों से तवारुफ हुआ और उसका दोस्ती में बदल जाना भी। आज मिर्ज़ा मसूद का नाम सबसे ऊपर आकर चस्पा हो गया है। सुबह ध्यान नहीं दिया कि फेसबुक या अन्य संचार माध्यमों में खबरें ढूंढनी है। काफी देर बार अचानक रमेश अनुपम की पोस्ट मिर्ज़ा मसूद की तारीफ के साथ दिखलाई पड़ी। तो एक नज़र में यूं लगा जैसे मुझे बता रहे हैं कि मिर्ज़ा अपने वायदे के मुताबिक रायपुर वापस आ गए हैं। मैं दुर्ग में। मिर्ज़ा रायपुर में। कल ही रायपुर से लौटा था। अंदाज़ होता तो रुक जाता। लेकिन पोस्ट में तो मिर्ज़ा के रुखसत हो जाने का दर्द छिपा था।

स्व. मिर्जा मसूद

यह खबर पाकर दिमाग सुन्न है। हाथ स्थिर हैं। पैर जैसे जमीन पर गड़ रहे हैं। भावनाएं उठ, गिर, तिर नहीं रही हैं। एक गहरा वीतराग, उदासीनता या निष्चेष्टता पता नहीं। मैं किस समुंदर में गिर पड़ा हूं। तैरना मुझे नहीं आता। बहुत सा नमकीन पानी आंखों और नथुनों में घुस गया है। मेरा दम घुट रहा है। सांस लेना मुश्किल हो रहा। पूरी ताकत से सैलाब से बाहर भागता हूं और किनारे रेत पर कहीं गिर पड़ा हूं।

बस मिर्ज़ा तेरे कारण मेरा यही हाल हो रहा है। बहुत सी बातें, यादें, शिकायतें, उम्मीदें किसी कबाड़ी की बोरी की तरह भरकर तुम ले गए हो। मैं पूरी तरह दीन, हीन, ठगा होकर खुद को ही देख रहा हूं। उम्मीद पाले बैठा था कि जवानी के दिनों की मिर्ज़ा की बेतकल्लुफ होती गरमी का पोचारा मुझ पर फेरा जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम और डिप्टी सीएम ने दिया शहीद जवान को कांधा

माओवादियों के खिलाफ हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहेः सीएम विष्णुदेव साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को चौथी बटालियन माना पहुंचकर गत दिवस बीजापुर जिले के तर्रेम में माओवादियों द्वारा किये आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए जवान श्री भरत लाल साहू के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर को कंधा देकर ससम्मान निवास रायपुर के सड्डू के लिए रवाना किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस मौके पर कहा कि बीजापुर जिले के तर्रेम में हुए आइईडी ब्लास्ट में हमारे वीर जवानो ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमारी सरकार बनते ही हमने माओवादियों के खिलाफ अपनी लड़ाई तेज कर दी है और हम निर्णायक लड़ाई लड़ रहे है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे जवानों की शहादत बेकार नहीं जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान शहीद जवान भरत लाल साहू के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया।

गौरतलब है कि एसटीएफ के शहीद आरक्षक भरत लाल साहू रायपुर जिले के रहने वाले थे। पिछले 17 जुलाई को बीजापुर जिले के तर्रेम में एसटीएफ का बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना हुआ था। अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा लगाए गये आईईडी ब्लास्ट में सुरक्षाबल के दो जवान शहीद और 4 जवान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनौतीपूर्ण समय में अमेरिका के साथ अहम भूमिका निभाएंगे क्वात्रा

नई दिल्ली । भारत और अमेरिका के रिश्ते में थोड़ा खट्टा-मीठा दौर चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दौर में भारत ने दुनिया के साथ संतुलन बनाया है। ऐसे दौर में भारत ने अपने पूर्व विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा को वॉशिंगटन में भारत का राजदूत बनाकर भेजा है। क्वात्रा कूटनीति के मास्टर हैं और उम्मीद की जा रही है कि आने वाले समय में वह अमेरिका के साथ रिश्तों को संजीदा बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

विनय मोहन क्वात्रा विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी तरनजीत संधू का स्थान लेंगे। तरनजीत संधू फरवरी 2020 में अमेरिका में राजदूत बनाकर भेजे गए थे। इस साल जनवरी में उनका कार्यकाल खत्म हो गया था। अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव होना है। वहां सत्ता परिवर्तन के आसार नजर आ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच अच्छी केमिस्ट्री बनी थी। इस तरह से विनय मोहन क्वात्रा की कई मायनों में चुनौती काफी बढने वाली है।

प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री का विश्वास जीतने में सफल रहे क्वात्रा

विदेश मंत्री एस जयशंकर भारत के राजनयिक, विदेश सचिव रहे हैं। विदेश नीति पर अच्छी पकड़ रखने वाले विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी एस जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई मोर्चे पर भारत के हित को साधा है। विदेश सचिव क्वात्रा भी उनकी टीम में गिने जाते हैं। क्वात्रा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विश्वास हासिल है। क्वात्रा 30 अप्रैल 2024 को ही सेवानिवृत्त हो रहे थे, लेकिन उस समय देश में चुनाव चल रहा था। लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन्हें छह महीने (31 अक्तूबर 2024) का सेवा विस्तार देने की अनुशंसा की। चुनाव बाद क्वात्रा का कार्यकाल खत्म होने से पहले ही उन्हें अमेरिका का राजदूत नियुक्त किया गया है। समझा जा रहा है कि वह अमेरिका में बनने वाली नई सरकार के साथ कामकाज का अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे।

केशव प्रसाद मौर्य की गैरमौजूदगी में हुई बीजेपी की अहम बैठक

लखनऊ । प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मचे सियासी हाहाकार के बाद बीजेपी के काशी प्रांत की बैठक शुक्रवार को संगम नगरी प्रयागराज में हुई। इस बैठक में काशी प्रांत के 16 जिलों और 14 लोकसभा सीटों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव में प्रांत में पार्टी के बेहद खराब प्रदर्शन पर विस्तार से चर्चा की गई और साथ ही उपेक्षा का आरोप लगाने वाले कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि विपक्ष ने वोटरों को बड़े पैमाने पर गुमराह कर दिया था, लेकिन कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही पार्टी यूपी में तकरीबन पैंतालीस फीसदी सीटें जीतने में कामयाब हुई। पिछले कुछ दिनों से खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे कार्यकर्ताओं को यह भरोसा दिलाया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दुकानों पर नाम प्रदर्शित करने पर देशव्यापी बहस छिड़ी

पूरे यूपी में आदेश लागू कराने के फैसले से जेडीयू और आरएलडी खफा

मुंबई । शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई की टीम एक तस्कर को पकड़ा। तस्कर के पास से 10 करोड़ की नशीली दवा पांच किलोग्राम मेफेड्रोन बरामद की गई। बताया गया कि यह दवा अंतरराज्यीय तस्करी के तहत हैदराबाद से मुंबई लाई गई थी। एनसीबी मामले की जांच कर रही है। एनसीबी अधिकारियों ने बताया कि एक खुफिया सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

यह होता है मेफेड्रोन : मेफेड्रोन ड्रग को कोड नाम के तहत म्याऊं-म्याऊं कहा जाता है। मेफेड्रोन कोई दवा नहीं, बल्कि पौधों के लिए बनी सिथेंटिक खाद है, लेकिन इसका सेवन

करने से हेरोइन और कोकीन से भी ज्यादा नशा होता है। नशे के कारोबारी इसकी खपत के लिए कॉलेजी छात्र-छात्राओं तथा पार्टी में जाने वाले युवाओं को निशाना बनाते हैं। म्याऊं-म्याऊं के सौदागर फेसबुक प्रोफाइल पर ऐसे युवाओं को तलाशते हैं, जो पार्टी या क्लब में जाना पसंद करते हैं। यह ड्रग बहुत ही सस्ता है।

गरमा - गरम

कैबिनेट का निर्णय ...

जमीन पट्टे के पुराने सर्कुलर निरस्त, मंडी अधिनियम में संशोधन, बिना पंजीयन के हो सकेगी खरीदी

मंत्री परिषद ने किया जमीन पट्टे के पुराने सर्कुलर रद्द

गुटखा से जुड़े टैक्स विधेयक और कृषि उपज मंडी अधिनियम में भी संशोधन

0 शहीद भारत के नाम पर मोवा चौक का नामकरण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की महत्वपूर्ण बैठक मंत्रालय नवा रायपुर में हुई। छत्तीसगढ़ में साय कैबिनेट की बैठक में शुक्रवार को कई अहम फैसले लिए गए हैं। जमीन के पटटे से जुड़े पुराने सभी सर्कुलर को सरकार ने रद्द कर दिया है। अब नए सर्कुलर जारी होंगे। इसके अलावा कृषि उपज मंडी अधिनियम में बाहर के खरीदारों को भी मौका दिया जाएगा जिससे प्रदेश के किसानों को अच्छा रेट मिले। ये भी तय किया गया है कि मोवा बाजार चौक का नाम शहीद के नामपर किया जाएगा। साय कैबिनेट ने पूरवर्ति सरकार के वक्त जमीन पट्टे के पुराने सर्कुलर, गुटखा से जुड़े टैक्स विधेयक और कृषि उपज मंडी अधिनियम में भी संशोधन करने का फैसला लिया है। साथ ही मंडी अधिनियम में संशोधन के अलावा बिना पंजीयन के खरीदी का निंर्णय लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य के नगरीय क्षेत्रों में शासकीय भूमि के आबंटन, अतिक्रमित भूमि के व्यवस्थापन और भूमि स्वामी को हक प्रदान करने के संबंध में मंत्रिपरिषद ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश और परिपत्रों को निरस्त कर दिया है।

कांग्रेस कार्यकाल की ऐनुअल रिपोर्ट विधानसभा में होगी पेश : छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का 22वां वार्षिक प्रतिवेदन (01 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक की अवधि के लिए) विधानसभा के पटल पर रखे जाने हेतु अग्रिम आवश्यक कार्यवाही के लिए सामान्य प्रशासन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

किसानों की आय बढ़ाने का लिया फैसला

मंडी फीस का नाम बदलकर अब "मंडी फीस-कृषक कल्याण शुल्क किया जा रहा है। मंडी बोर्ड अपनी वार्षिक आय की 10 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण निधि में जमा करेगा। इसका इस्तेमाल किसानों के लिए होगा। अब देश के कारोबारी कृषि उपज की खरीदी-बिक्री बिना पंजीयन के कर सकेंगे। इससे छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों और फसल बेचने वालों को अधिकतम मूल्य मिल पाएगा। पहले प्रदेश के बाहर के लोगों को यहां खरीदी करने में कई तरह की दस्तावेजी परेशानियां थीं, इसे सरल किया जाएगा।

अनुपूरक बजट पर भी फैसला

अनुपूरक अनुमान वर्ष 2024-2025 को विधानसभा में लाने का फैसला लिया गया। ये अनुपूरक बजट को लेकर किया गया निर्णय है। अनुपूरक बजट का मतलब है कि अतिरिक्त राशि की जरूरत पडऩा। यह बजट वित्त वर्ष के बीच में किसी विभाग या मंत्रालय की किसी योजना में अतिरिक्त राशि खर्च करने के लिए लाया जाता है। विधानसभा में 22 जुलाई से शुरू हो रहे सत्र में इस पर बात होगी।

उमस के साथ होगी दिल्ली में वीकेंड की शुरुआत

दिल्ली एनसीआर, को छोड़कर पूरे नॉर्थ इंडिया में मॉनसूनी बारिश ने रफ्तार पकड़ ली है। पहाड़ों की बात करें तो वहां पर बादल गरजने के साथ ही खूब बरस भी रहे हैं लेकिन राजधानी दिल्ली का हाल गर्मी की वजह से बेहाल है। देशभर के अधिकांश हिस्सों में हो रही मॉनसूनी बारिश से दिल्ली से मुंह ही मोड़ लिया है। दिल्ली के कुछ इलाकों में अगर बूंदाबांदी होती भी है तो कुछ मिनट में ही बंद हो जाती है। जिसकी वजह से यहां का तापमान भी बढ़ गया है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में बादल झूमकर बरस रहे हैं। आइए जानते हैं आज यानी 20 जुलाई को कैसा रहेगा देशभर का मौसम। दिल्ली में आज बारिश की एक भी बूंद नहीं गिरी है। जिसकी वजह से यहां लोग उमस और गर्मी से बेहाल हो गए हैं। आलम ऐसा है कि घर में पंखे की हवा महसूस नहीं हो रही है। मौसम विभाग की मानें तो कल दिल्ली में हल्की बारिश हो सकती है लेकिन गर्मी में कोई कमी नहीं आएगी। ढ्ढरूष्ठ के अनुसार कल दिल्ली का तापमान आज से भी अधिक होगा। कल दिल्ली का अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रह सकता है। ऐसे में दिल्लीवासियों के लिए इस वीकेंड की शुरुआत उमस के साथ होने वाली है। असम में बाढ़ की स्थिति में शुक्रवार को सुधार हुआ और राज्य के विभिन्न हिस्सों में जलस्तर घट रहा है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने दिन में पश्चिमी जिलों को छोड़कर राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश नहीं होने का अनुमान जताया है। बता दें कि कामरूप, मोरीगांव, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, ग्वालपाड़ा, शिवसागर, कछार, धुबरी, करीमगंज, नलबाड़ी, नागांव, धेमाजी और कामरूप मेट्रोपॉलिटन जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। ऐसे में जल्द ही इन इलाकों के भी हालात सुधरने के आसार हैं।

कल यूपी में बारिश की संभावना

उत्तर प्रदेश में बीते कुछ दिनों से मॉनसून की रफ्तार थोड़ी कम हुई है लेकिन बारिश नहीं रुकी है। मौसम विभाग ने बताया कि सावन के पास आते ही पूरे उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से मॉनसून एक्टिव हो जाएगा। कल उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बारिश पड़ने के आसार हैं। IMD के अनुसार कल लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, भदोही, मिर्जापुर, सोनभद्र, गाजीपुर, जौनपुर, गोरखपुर, देवरिया, बरेली, झांसी समेत कई जिलों में बारिश हो सकती है।

उत्तराखंड में जारी हुआ येलो अलर्ट

उत्तराखंड में एक बार फिर से मौसम बिगड़ने वाला है। दरअसल मौसम विभाग ने राज्य के चार जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ी जिलों में अगले चार दिनों तक भारी बारिश की भी चेतावनी जारी की है। उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से अभी भी 46 सड़कें बंद हैं। मार्ग बंद होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन सड़कों में चंपावत जिले में दो राष्ट्रीय मार्ग और टिहरी पौड़ी देहरादून पिथौरागढ़ चंपावत उधम सिंह नगर एक-एक राष्ट्रीय मार्ग और राज्य मार्ग बंद है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस-सपा मिलकर लड़ेंगी विस चुनाव!

नई दिल्ली। देश में तीसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी समाजवादी पार्टी अब अपने विस्तार के लिए नए-नए सियासी रास्ते खोजने के लिए आगे बढ़ चली हैं। इस कड़ी में सबसे पहला पड़ाव समाजवादी पार्टी का महाराष्ट्र बना है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के सभी 37 सांसदों का शुक्रवार को स्वागत समारोह होने जा रहा है। स्वागत समारोह के बहाने समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में अपनी सियासी जमीन की मजबूती तलाशने की पूरी तैयारी में है। वहीं सूत्रों की मानें तो महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी कांग्रेस के गठबंधन वाले महाविकास अगाढ़ी के साथ मिलकर मिलकर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र में होने वाले महानगरपालिका के चुनाव में भी शिरकत करने के लिए जमीनी तैयारी में लगी है।

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के बाद अपने विस्तार के लिए कई बड़ी योजनाएं तैयार की हैं। पार्टी के रणनीतिकारों की मानें, तो इस विस्तार में समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश से बाहर निकलकर मजबूती के साथ अन्य राज्यों में चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसमें सबसे पहले सियासी जनाधार की मजबूती महाराष्ट्र में तैयार की जा रही है। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी यही सियासी संदेश देने के लिए शुक्रवार को अपने सभी सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक स्वागत समारोह के माध्यम से करने जा रही है।

दिल्ली के हक के 10 हजार करोड़ वापस दें : आप

आम बजट से पहले आप ने की केंद्र सरकार से की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश के अलग-अलग हिस्सों से जो लोग टैक्स देते हैं उसका समावेश है। इस टैक्स के योगदान में दिल्ली के लोगों का बहुत बड़ा हिस्सा है। दिल्ली के लोग दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा इनकम टैक्स देते हैं, 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा सेंट्रल जीएसटी में देते हैं। जब दिल्ली वाले ढाई लाख करोड़ रुपए का टैक्स देते हैं तो दिल्ली वालों का हक बनता है कि उसमें से कुछ हिस्सा हमें वापस मिले।

आतिशी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने पिछले वर्ष टैक्स के रूप में 35 हजार करोड़ रुपए दिए। इस पैसे को केजरीवाल सरकार ने दिल्लीवालों पर खर्च किया। इस पैसे ने दिल्ली के लोगों को 24 घंटे फ्री बिजली, मुफ्त इलाज, सड़कें और फ्लाई ओवर जैसी सुविधाएं देने का काम किया। इसके साथ ही दिल्ली ने केंद्र सरकार को 2.07 लाख करोड़ रुपए इनकम टैक्स के रूप में दिया। वहीं जीएसटी के रूप में दिल्लीवालों ने 25 हजार करोड़ रुपए केंद्र को दिये। यह कुल 2.32 लाख करोड़ रुपए हुए। केंद्र सरकार को 2.32 लाख करोड़ रुपए देने के बाद भी केंद्र सरकार ने दिल्ली के ऊपर एक भी रुपया खर्च नहीं किया।

उन्होंने कहा कि मुंबई से केंद्र सरकार को पांच लाख करोड़ का टैक्स जाता है। इसके बदले में केंद्र ने महाराष्ट्र सरकार को 54 हजार करोड़ रुपये दिए जाते हैं। बेंगलुरु से भी लगभग दो लाख करोड़ रुपये का इनकम टैक्स केंद्र को जाता है। उसके बदले केंद्र 33 हजार करोड़ रुपये मिलते हैं। दिल्ली से भी दो लाख करोड़ से ज्यादा का टैक्स केंद्र को जाता है लेकिन बदले में उन्हें कुछ नहीं मिलता है। इस बार के बजट में दिल्लीवालों की मांग है कि दिल्ली को अपना हक मिलना चाहिए।

10 हजार करोड़ रुपए दिए जाएं

आतिशी ने आगे कहा कि बाकी सब राज्यों को केंद्र सरकार अपने टैक्स का एक हिस्सा देती है लेकिन हमें एक रुपया भी अपने टैक्स में से वापस नहीं मिलता। इस दो लाख करोड़ रुपए का 5त्न तो दिल्ली वालों का अधिकार है इसलिए दिल्ली सरकार की दिल्ली वालों की तरफ से मांग है कि इस बार दिल्ली में बुनियादी ढांचे के खर्च के लिए, बिजली और सड़क अवसंरचना, परिवहन को और बेहतर बनाने के लिए इस बार सेंट्रल बजट से दिल्ली को 10 हजार करोड़ रुपए दिए जाएं।

न्यूज गैलरी

विदेश मंत्री जयशंकर ने फोन पर यूक्रेनी समकक्ष कुलेबा से की बात

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जशंकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मॉस्को दौरे के दो हफ्ते से भी कम समय बाद शुक्रवार को अपने यूक्रेनी समकक्ष से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने बताया कि बातचीत में फोकस द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर था। जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, आज दोपहर यूक्रेन के विदेश मंत्री के साथ अच्छी बातचीत हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के बारे में बात हुई। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह बातचीत ऐसे वक्त में हुई है, प्रधानमंत्री ने हाल ही में रूस की यात्रा की थी। इस दौरान उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात की थी। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मोदी के मॉस्को दौरे की आलोचना की थी। उन्होंने नौ जुलाई को मोदी की यात्रा को निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए एक झटका बताया था। एक्स पर एक पोस्ट में जेलेंस्की ने कीव में बच्चों के अस्पताल पर रूस के मिसाइल हमलों का जिक्र किया था। जेलेंस्की ने कहा था, एक रूसी मिसइल ने यूक्रेन के सबसे बड़े बच्चों के अस्पताल पर हमला किया, जिसमें युवा कैंसर रोगियों को निशाना बनाया गया। कई लोग मलबे में दब गए। इसके बाद आगे उन्होंने कहा, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को दुनिया के सबसे खूनी अपराधी को ऐसे दिन मॉस्को में गले लगाते देखना बहुत निराशाजनक और शांति प्रयासों के लिए झटका है।

पीएम मोदी ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद पहली मॉस्को यात्रा 8 और 9 जुलाई को की। रूस के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के दौरान मोदी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि यूक्रेन युद्ध का समाधान संघर्ष के मैदान में संभव नहीं है और बम, बंदूक व गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती है। बाद में जेलेंस्की के बयान पर आपत्ति जताते हुए भारत ने इस मुद्दे को यूक्रेन के सामने उठाया था।

विनय मोहन क्वात्रा संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

नई दिल्ली। विनय मोहन क्वात्रा को संयुक्त राज्य अमेरिका में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया। विदेश मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। यह पद जनवरी में तरनजीत सिंह संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त पड़ा था। 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी विनय क्वात्रा इस महीने की शुरुआत में विदेश सचिव के पद से रिटायर हुए थे और उनकी जगह विक्रम मिस्त्री को विदेश सचिव नियुक्त किया गया है। विनय क्वात्रा का विदेश सचिव के तौर पर कार्यकाल 15 जुलाई को समाप्त हो गया था और उनकी जगह विक्रम मिस्त्री ने पदभार संभाला था। विक्रम मिसरी इससे पहले उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में काम कर चुके हैं और उन्होंने पाकिस्तान में राजनीतिक सलाहकार, पूर्व पीएम आईके गुजराल के निजी सचिव और चीन में भारत के राजदूत के तौर पर भी काम किया है। 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी विनय क्वात्रा अप्रैल 2022 से विदेश सचिव के पद पर थे।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा का बड़ा दावा.. 2041 तक मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा असम

दिसपुर। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ सालों में असम में मुस्लिमों की आबादी बहुत बढ़ने वाली है। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा।

एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांख्यिकीय नमूने पेश किए। उन्होंने दावा किया कि राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है। इस हिसाब से असम में मुस्लिम 2041 तक बहुसंख्यक बन जाएंगे।

उन्होंने सांख्यिकीय नमूनों का हवाला देते हुए कहा कि मुस्लिम अब असम की आबादी का 40 प्रतिशत हो चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह वास्तविकता है, इस होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि हर दस साल में हिंदुओं की आबादी 16 प्रतिशत ही बढ़ रही है। उन्होंने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मुस्लिम समुदाय के बीच जनसंख्या वृद्धि को कम करने के लिए कदम उठाए हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किया तंज

असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को रोकने में कांग्रेस की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी जनसंख्या नियंत्रण के ब्रांड एंबेसडर बन जाते हैं, तो यह स्थिति नियंत्रित हो सकती है। क्योंकि यह समुदाय केवल उनकी बात सुनता है।

हाईकोर्ट का सरकार को आदेश... विशालगढ़ किले के आसपास कोई भी ढांचा न गिराएं'

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार और पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मानसून के दौरान कोल्हापुर में विशालगढ़ जिले के आसपास कोई ढांचा न ढहाया जाए। कुछ दिन पहले वहां अतिक्रमण विरोधी अभियान हिंसक हो गया था।

विशालगढ़ किले में 14 जुलाई को अतिक्रमण हटाने के अभियान के दौरान भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर पथराव किया और संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया। जिसके चलते 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए और 21 अन्य को गिरफ्तार किया गया। हिंसा तब भड़क उठी, जब पुणे से आए कुछ दक्षिणपंथी समर्थकों को निषेधाज्ञा के मद्देनजर किले की तलहटी पर रोक दिया गया था।

न्यायमूर्ति बीपी कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदोश पूनीवाला की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि आज से विशालगढ़ किले के आसपास अगर कोई आवासीय या व्यावसायिक ढांचा ढहाया जाता है तो वह अधिकारियों पर सख्ती से कार्रवाई करेगी। सरकारी वकील पी.पी.काकड़े ने अदालत को भरोसा दिया कि राज्य सरकार के परिपत्र के अनुसार विशालगढ़ किला क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति का कोई आवासीय परिसर बारिश के मौसम में नहीं ढहाया जाएगा, चाहे वह याचिकाकर्ता हो या कोई और।

अदालत ने इलाके में 14 जुलाई को हुई हिंसा पर भी चिंता जताई। पीठ ने शाहुवाड़ी थाने के वरिष्ठ निरीक्षक को निर्देश दिया कि वह 29 जुलाई को अदालत में हाजिर होकर सूचित करें कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। पीठ ने कहा, विशालगढ़ में कानून-व्यवस्था की स्थिति का जिम्मेदार कौन है? हम चाहेंगे संबंधित पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक हमारे सामने आएं। अदालत ने काकड़े की बात को माना और कहा कि सितंबर तक कोई विध्वंस नहीं किया जाएगा।

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में पुलिस की हिरासत में रिम्स की छात्रा, पूछताछ जारी

रांची। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी को लेकर इन दिनों काफी बवाल मचा हुआ है। 24 लाख से ज्यादा छात्रों वाली प्रवेश परीक्षा कई अनियमितताओं के आरोपों के कारण विवाद का केंद्र बन गई है। अब हाल ही में रिम्स की एक छात्रा को सीबीआई ने हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ जारी है।

राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची की छात्रा को सीबीआई ने हाल ही में नीट यूजी पेपर लीक मामले में हिरासत में लिया है। मोबाइल फोन, लैपटॉप आदि को खंगाला जा रहा है। पिछले दिनों सुर्खियों में चल रहा नीट यूजी पेपर लीक मामले के तार रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज से भी जुड़े निकले हैं। सीबीआई ने यहां की एक छात्रा को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ जारी है। साथ ही छात्रा का लैपटॉप और मोबाइल फोन खंगाला जा रहा है। पेपर लीक से जुड़े सबूतों को तलाशा जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि छात्रा के माता-पिता ने प्रबंधन से संपर्क किया है और उन्हें स्थिति के बारे में जानकारी दी गई है। उसी दिन पड़ोसी राज्य बिहार में, सीबीआई ने पेपर लीक मामले की जांच के तहत एम्स पटना के चार एमबीबीएस छात्रों को गिरफ्तार किया।

365 दिन में 15 अग्निवीर बलिदान, संदिग्ध हालात में मौत, कौन देगा इसका जवाब

नई दिल्ली। देश में 'अग्निपथ' योजना के जरिए सेना में भर्ती हो रहे 'अग्निवीरों' के बलिदान होने का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। पिछले एक साल में 15 अग्निवीर बलिदान हो चुके हैं। कांग्रेस पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल रोहित चौधरी का कहना है कि 'देश में 15वां अग्निवीर बलिदान हुआ है। फिर से सुसाइड केस। गुरुवार को जम्मू कश्मीर के अखनूर में हिमाचल प्रदेश के अग्निवीर निखिल डडवाल ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली है। ये बहुत भयावह स्थिति है कि एक साल के अंदर 15 अग्निवीर बलिदान हो चुके हैं। इनमें 9 से ज्यादा केसों में सुसाइड व संदिग्ध हालात में मौत हुई है।' चौधरी ने केंद्र सरकार से सवाल किया है कि सेना में अग्निवीर जवान लगातार सुसाइड क्यों कर रहे हैं।

कांग्रेस के कर्नल रोहित चौधरी ने उठाए गंभीर सवाल

कर्नल रोहित चौधरी के अनुसार, इसी महीने 14वें शहीद अग्निवीर श्रीकांत चौधरी ने भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली थी। उन्होंने मोदी सरकार से कई सवाल किए हैं। 'पहला सवाल, सेना में अग्निवीर जवान लगातार सुसाइड क्यों कर रहे हैं? क्या अग्निवीरों को पर्याप्त ट्रेनिंग मिल पा रही है। क्या छह महीने का प्रशिक्षित अग्निवीर सेना में काम करने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम है? पिछले एक साल में कितने 'सामान्य' सैनिकों ने सुसाइड किया है। इसी दौरान कितने अग्निवीरों ने सुसाइड किया है? सरकार, संसद में श्वेत पत्र लेकर आए कि अग्निवीर सैनिक व रेगुलर सैनिक में भेदभाव क्यों है।' कर्नल रोहित चौधरी इस बात को मानते हैं कि राहुल गांधी ने जब से अग्निवीर के मुद्दे को संसद में उठाया है, इस योजना की कमियां गिनाई हैं, तब से केंद्र सरकार बैकफुट पर है। पिछले दिनों राहुल गांधी के दबाव के चलते ही 'अग्निवीर' के पक्ष में सरकार को एकाएक रक्षा मंत्री, सैन्य अधिकारी और तीन केंद्रीय बलों के आईपीएस डीजी उतारने पड़ गए थे। राहुल गांधी ने संसद में कहा था, अग्निवीर, लैंडमाइन ब्लास्ट में शहीद होता है तो मैं उसे शहीद कह रहा हूं, मगर भारत सरकार उसे शहीद नहीं कह रही है। एक शहीद को पेंशन मिलेगी और शहीद का दर्जा भी मिलेगा, दूसरे को यह सब नहीं मिलेगा।

राहुल गांधी कर चुके हैं अग्निवीर योजना को बंद करने का एलान

संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कह चुके हैं कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर अग्निवीर योजना रद्द की जाएगी। केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना लाकर, हिंदुस्तान के जवानों को मजदूरों में बदल दिया है। अग्निवीर योजना में बलिदान होने पर युवाओं को न बलिदान का दर्जा मिलेगा, न ही पेंशन मिलेगी। उन्हें न ही कोई अन्य सुविधा मिलेगी। चार साल बाद युवा फिर बेरोजगार हो जाएंगे। अग्निवीर योजना सेना की योजना नहीं थी, यह प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा बनाई गई थी।

राजनाथ सिंह ने किया था अग्निपथ योजना का बचाव

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल की इस बात पर कहा था कि वे गलत बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अग्निवीरों को सेवा के दौरान ग्रेच्युटी के अलावा अन्य लाभ न मिलने और उनके परिवार को पेंशन से वंचित करने की आलोचना की थी। राहुल गांधी ने दावा किया था कि सरकार अग्निवीरों को इस्तेमाल करके उन्हें फेंक देने वाले मजदूर के रूप में देखती है। उन्हें शहीद का दर्जा भी नहीं देती। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में अग्निवीर भर्ती को लेकर राहुल गांधी के दावों का खंडन करते हुए कहा था कि 158 संगठनों से सुझाव लेने के बाद अग्निपथ योजना को लागू किया गया था।

न्यूज गैलरी

111 आवारा मवेशियों को सड़कों से पकड़कर भेजा गौठान

रायपुर/नवप्रदेश। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुरूप रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम के सभी 10 जोनो द्वारा सड़क मार्गों में काउकेचर एवं विशेश टीम के श्रमवीरो की सहायता से आवारा मवेशियों की धरपकड़ करने अभियान सतत निरंतर जारी है। अभियान के तहत जोन 1 की टीम द्वारा 9, जोन 2 द्वारा जोन क्षेत्र में मार्ग में 14 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की गई । जोन 3 की टीम ने मार्गो से 6 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर टेकारी गौठान में छोडा। जबकि जोन 4 ने 8 और जोन 5 ने 8 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 6 की टीम ने 16 आवारा मवेशियों की धरपकड़ कर उन्हें गोकुल नगर गौठान में छोडा। जोन 7 ने 3, जोन 8 ने 12, जोन 9 ने 22 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। जोन 10 से 13 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काउकेचर वाहन एवं विशेष टीम की श्रमवीरों की सहयोग से करते हुए उन्हें गोकुल नगर गौठान छोड़ा। आज अभियान के तहत 10 जोनों की काऊकैचर टीमों ने कुल 111 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की सआवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान सतत निरंतर जारी रहेगा।

न्यूज पोर्टल्स के इम्पेनलमेंट हेतु फर्जी मैसेज करने वाले के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा न्यूज पोर्टल्स एवं न्यूज वेबसाईट के इम्पेनलमेंट के लिए आवेदकों को फर्जी मैसेज भेजने वाले के खिलाफ राखी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई है। दरअसल जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा न्यूज पोर्टल्स एवं न्यूज वेबसाइट के इम्पेनलमेंट के लिए 27 जून से 18 जुलाई 2024 तक ऑनलाईन आवेदन-पत्र आंमत्रित किए गए थे। इस दौरान 16 जुलाई को अज्ञात व्यक्ति द्वारा रबिक प्राईवेट लिमिटेड के नाम पर आवेदकों को व्हाटसअप मैसेज भेजकर यह कहा गया कि उनके आवेदन और पोर्टल्स में कुछ समस्या है, जिसके कारण जनसम्पर्क संचालनालय में उनके इम्पेनलमेंट की संभावना नहीं है। इसके समाधान के लिए आवेदक उनसे सम्पर्क करें। जनसम्पर्क संचालनालय द्वारा इसकी शिकायत मिलने पर आज नवा रायपुर स्थित राखी थाने में एएफआईआर क्रमांक 0158 दर्ज कराई गई है। राखी थाने द्वारा भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 319 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है।

11 परिवारों को 44 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

रायपुर/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को त्वरित आर्थिक सहायता स्वीकृत की जा रही है। इसी कड़ी में बस्तर जिले के कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा प्राकृतिक आपदा पीड़ित 11 परिवारों को 44 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत इन परिवारों को आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। जिनमें तहसील बस्तर अन्तर्गत दुबे उमरगांव निवासी गुली उर्फ इच्छा कश्यप की सांप काटने से मृत्यु होने के कारण उनके पिता मिठूराम को, ग्राम भोण्ड के निवासी फुलबती की मृत्यु पानी में डूबने से उसकी नानी रूकमनी को, बस्तर निवासी देवेन्द्र की नहर नाली में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता कमलू को, ग्राम घाटकवाली निवासी अन्तुराम की मृत्यु नदी के पानी में डूबने से होने पर उसकी पुत्री सुश्री लच्छमनी को, तहसील तोकापाल के कुरेंगा निवासी सदा की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर उसकी पत्नी रयमती को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। इसी प्रकार तहसील लोहण्डीगुड़ा के कोड़ेनार निवासी दयाराम की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी माता दशसाय को, तहसील भानपुरी अन्तर्गत ग्राम सिवनी निवासी गुड्डूराम की नारंगी नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उसकी पत्नी श्रीमती सुकरी को, ग्राम कावंड़गांव निवासी लखन की मृत्यु नदी में डूबने से होने के कारण उसकी पत्नी उर्मिला को, ग्राम केशरपाल निवासी गौतम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता श्री सुकनाथ को, तहसील बकावण्ड के बेलपुटी निवासी धनसिंग की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सुहागी को और ग्राम कोसमी निवासी परमेश्वर की मृत्यु पानी में डूबने से होने के कारण उनके पिता दयनु को आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक पीड़ित परिवार को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

युवाओं को क्रिकेट, बैडमिंटन, बास्केटबॉल की प्रैक्टिस के लिए शीघ्र मिलेगा सुरक्षित स्थान

युवाओं को खेल मैदानों के लिए नगर निगम रायपुर की अभिनव पहल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा राजधानी शहर में पंडरी और तेलीबांधा फ्लाई ओव्हर के नीचे युवाओं के खेलो हेतु प्रोत्साहित करने क्रिकेट बैडमिंटन बास्केट बॉल की प्रैक्टिस हेतु सुरक्षित स्थान शीघ्र उपलब्ध करवाने की तैयारी राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की समाज हितकारी मंशा के अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से तेज गति से की जा रही है।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने पंडरी व तेलीबांधा फ्लाई ओव्हर के नीचे के स्थलों पर सुरक्षित तौर पर युवाओं के कल्याणार्थ तैयार किये जा रहे बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट के कार्य की प्रगति का प्रत्यक्ष अवलोकन अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिष्नर सर्व राकेश शर्मा, रमेश जायसवाल, संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता सर्व संजय वर्मा, राजेश राठौर, पदमाकर वास, राकेश अवधिया एवं अन्य संबंधितों

की उपस्थिति में किया। बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट युवाओं के कल्याणार्थ राज्य शासन की मंशा अनुरूप रायपुर जिला प्रशासन के सहयोग से शीघ्र एक शानदार सौगात रहेगी । आयुक्त ने अधिकारियों को शेष बचे फिनिशिंग कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कर युवाओं के हित में सौगात दिलवाना प्राथमिकता से सुनिष्चित करने निर्देशित किया । आयुक्त ने तेलीबांधा एवं पंडरी फ्लाई ओव्हर के नीचे के स्थलों पर प्रगतिरत बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट के किनारे सर्विस रोड के किनारे के स्थलों को सफाई करवाकर व्यवस्थित रूप देकर वहां आने वाले युवाओं की वाहन पार्किंग की सुरक्षित व्यवस्था प्राथमिकता से पूर्व निष्चित करने निर्देशित किया।

यहां यह उल्लेखनीय है कि पंडरी एवं तेलीबांधा फ्लाई ओव्हर के नीचे के स्थलो पर सुरक्षित रूप से युवाओ के हित में बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट बनाने का कार्य तेजी के साथ पूर्णता की ओर अग्रसर है। इसी प्रकार महानगरो की तर्ज पर राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में प्रारंभिक तौर पर 15 - 17 भिन्न स्थलों को बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट हेतु चिन्हित किया गया है। वहां पर तेलीबांधा और पंडरी फ्लाई ओव्हर के नीचे बनाये गये बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट की सफलता के बाद बॉक्स बैडमिंटन कोर्ट बनाने का कार्य करवाया जाना प्रस्तावित किया जा रहा है। इससे युवाओं को सुरक्षित स्थल पर खेलो की प्रैक्टिस कर अपनी खेल प्रतिभा निखारने का सहज अवसर राजधानी शहर में शीघ्र सुलभ हो सकेगा।

जर्जर मकानों में निवासरत परिवारों ने की व्यवस्थापन की मांग

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शीघ्र व्यवस्थापन करवाने दिये निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 10 के तहत गुरू घासीदास वार्ड क्रमांक 49 के क्षेत्र में आने वाले पंडित कांशीराम शर्मा नगर के आवासीय परिसर के लगभग 225 से अधिक परिवारो ने जर्जर हो चुके मकानों से अन्यत्र शीघ्र व्यवस्थापन की मांग आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के सामने रखी जब आयुक्त ने वार्ड पार्षद मती शीतल कुलदीप बोगा , अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिष्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में पंडित कांशीराम शर्मा नगर के मकानों के परिसर का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। आयुक्त ने मकानों की वर्तमान में अत्यंत जर्जर स्थिति प्रत्यक्ष देखी । आयुक्त ने शीघ्र व्यवस्थापन की कार्यवाही करने कहा है । आयुक्त ने आवासीय परिसर क्षेत्र में निगम उद्यान की सफाई करवाकर व्यवस्थित स्वरूप देने एवं पौधरोपण करवाकर समुचित संधारण करवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता को दिये है।

इस पर आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा एवं जोन 10 जोन कमिष्नर रमेश जायसवाल को जर्जर मकानों में निवासरत पंडित कांशीराम शर्मा नगर के आवासीय परिसर के संबंधित रहवासी परिवारों को अतिशीघ्र अन्यत्र व्यवस्थापित करने की कार्यवाही के निर्देश दिये। पंडित कांशीराम शर्मा नगर के आवासीय परिसर के रहवासी जनों ने जर्जर मकानों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मठपुरैना में निर्मित पक्के मकानों में व्यवस्थापित किये जाने पर स्थल पर अपनी सहमति व्यक्त की है। आयुक्त ने प्राथमिकता से व्यवस्थापन की कार्यवाही करवाने के निर्देश दिये है ताकि जर्जर मकानों में निवासरत संबंधित परिवारो को मानसून में किसी अप्रिय स्थिति का सामना न करना पडे एवं उन्हें पक्के आवासो के साथ स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण अतिषीघ्र उपलब्ध हो सके। आयुक्त ने पंडित कांषीराम शर्मा नगर आवासीय परिसर की सफाई व्यवस्था एवं पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी लेकर स्वच्छ वातावरण बनाये रखने एवं शुद्ध पेयजल मॉनिटरिंग कर उपलब्ध करवाने के निर्देष जोन अधिकारियों को दिये।

राज्यपाल को पार्षद प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में रायपुर नगर निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर एवं अन्य सदस्यों ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने निगम क्षेत्र के अंतर्गत शारदा चौक के पास प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए राज्यपाल से उचित पहल करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित, रितेश त्रिपाठी, ज्ञान शर्मा, कुमार मेनन, अंजनी राधेश्याम विभार, द्रौपती हेमंत पटेल एवं अन्य पार्षद उपस्थित थे।

दंतेवाड़ा बीएमओ और स्वास्थ विभाग रायपुर के बाबू रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

- **एसीबी टीम की कार्रवाई, बाबू ने 20 हजार तो बीएमओ मांग रहा था 15 हजार की रिश्वत**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एसीबी की टीम ने स्वास्थ विभाग के बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। क्लर्क सूरज नाग स्टाफनर्स से 2 साल के अध्यन अवकाश

सेटलमेंट के एवज में 20 हजार रिश्वत ले रहा था, इस दौरान एसीबी की टीम ने राजेंद्र नगर विजेता कॉम्प्लेक्स स्थित घर के पास दबिश देकर बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। वहीं दंतेवाड़ा जिला अस्पताल में भी एसीबी की टीम ने छापा मारा और बीएमओ डॉ. वेणुगोपाल राव को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। चिरायु में लगी वाहन का लंबित भुगतान कराने प्रार्थी से बीएमओ 15 हजार रुपए रिश्वत ले रहा था, जिसे एसीबी की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

दो आईपीएस अफसरों का तबादला

- **प्रफुल्ल ठाकुर को सीएम सुरक्षा से हटा कर लाल उमेंद को सौंपी जिम्मेदारी**
- **राजेश अग्रवाल को बनाया बलरामपुर का नया पुलिस कप्तान**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने दो आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। बलरामपुर रामानुजगंज के एसपी लाल उमेद सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए मुख्यमंत्री सुरक्षा में पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया है. वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री सुरक्षा पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर को चौथी बटालियन भेजा गया है।

वहीं लाल उमेद सिंह की जगह पर राजेश अग्रवाल को बलरामपुर जिले का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। वहीं सूत्रों की माने तो रायपुर बिलासपुर कवर्धा समेत दुर्ग के भी पुलिस कप्तानों का जल्द होगा तबादला।

सबकी सहभागिता से होगा समाज का विकास: रामविचार नेताम

- **सर्व आदिवासी हित में काम करने की जरूरत: कश्यप**

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वर्तमान परिवेश में सबकी सहभागिता से ही समाज का विकास होगा। आदिवासी समाज की समृद्ध इतिहास और परंपरा है, उनके रीति-रिवाज और दैनिक-दिनचर्या व रहन-सहन है। इस समृद्ध, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही नई पीढ़ियों को समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि इन्हीं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के कारण आदिवासी समाज की एक अलग पहचान है। इस परम्परा को बनाएं

रखना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि समाज का विकास अच्छे कार्यों का अनुकरण और अपने सांस्कृतिक विरासतों को अन्य समाजों तक पहुंचाकर किया जा सकता है।

मंत्री नेताम ने कहा कि समाज को रचनात्मक कार्यों की दिशा में आगे आना चाहिए। दिग्भ्रमित करने वाले लोगों से बचते हुए समाज को आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक क्षेत्रों में आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती, राज मोहिनी देवी, शहीद वीर नारायण सिंह, बिरसा मुण्डा, वीर गुण्डाधूर सहित अन्य महापुरूषों के बताए हुए मार्गों पर चल हमें समाज के उत्थान के लिए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा काम करें जिससे समाज का गौरव हो, नई पीढ़ी उसके कार्यों का अनुकरण करें। मंत्री नेताम ने साहित्यिक और सामाजिक तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को प्रोत्साहन देने उनका सम्मान करने की बात कही। उन्होंने शासन की योजनाओं का शत्-प्रतिशत लाभ लेने के लिए समाज को आगे आने की अपील की।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने गोंडवाना गोड़ महासभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज के सभी तबको के विकास के लिए हमें सर्व आदिवासी हित में काम करने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति जो कई वर्षो से समाज के उत्थान में अपना जीवन समर्पित कर रहे हैं, उनका सम्मान होना चाहिए।

एसआरपी चौक और तेलीबांधा गौरवपथ मार्ग डिवाइडर में होगा पेंटिंग सौंदर्यीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजधानी शहर के जीई मार्ग में शंकरनगर एसआरपी चैक के किनारे एवं तेलीबांधा गौरवपथ मार्ग का निरीक्षण अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिष्नर रमेश जायसवाल, राकेष शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय

वर्मा , राजेश राठौर एवं संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर जिंदल उद्योग समूह की प्रतिनिधि अधिकारी उपस्थित थी।

आयुक्त ने रायपुर जिला प्रषासन की समाज हितकारी मंषा के अनुरूप राजधानी शहर के विभिन्न प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कार्य करवाने के संबंध में चर्चा कर आवष्यक निर्देष दिये। आयुक्त ने सीएसआर फंड के माध्यम से जनभागीदारी से एसआरपी चैक के किनारे के स्थान का सौंदर्यीकरण लैण्डस्केपिंग कर उसकी सुन्दरता निखारने का कार्य शीघ्र करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने तेलीबांधा गौरवपथ मार्ग का सौंदर्यीकरण करवाकर पेंटिंग कार्य करवाना सुनिष्चित करने निर्देशित किया है।

कलर्स मॉल के पीछे रिक्त शासकीय भूमि पर पौधरोपण अभियान चलाने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 10 के तहत क्षेत्र में कलर्स मॉल के पीछे रिक्त शासकीय भूमि का अवलोकन जोन 10 जोन कमिष्नर रमेश जायसवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन कमिष्नर को रिक्त शासकीय भूमि पर पौधरोपण अभियान समाज हित में पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने नगर निगम क्षेत्र में जनसहभागिता से सबको साथ लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पर्यावरण हितैषी आव्हान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री और नगरीय प्रषासन एवं विकास मंत्री अरूण साव के मार्गदर्षन में चलाये जा रहे एक पौधा मां के नाम महाभियान को अधिक से अधिक स्थान पर चलाने के निर्देष जोन कमिश्नरों को दिये है। आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने जोन 10 जोन कमिश्नर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी को रिक्त शासकीय भूमि के सामने मार्ग के दूसरी ओर डंप किये गये कचरे को अभियान पूर्वक सफाई करवाकर उठवाना शीघ्र जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु सुनिश्चित करवाने के निर्देष दिये है।

जल जीवन मिशन ने बदली भुईगांव के ग्रामीणों की जिंदगी

- **पेयजल की समस्या से मिली निजात, ग्रामीणों की आजीविका में हुआ सुधार**

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए केन्द्र शासन द्वारा शुरू की गई योजना जल जीवन मिशन से कई गांवों में पेयजल की समस्या दूर हो रही है। इससे न केवल शुद्ध पेयजल मिल रहा है बल्कि ग्रामीण जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन का कार्य तेजी से संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्तर बस्तर कांकेर जिले के चारामा विकासखण्ड के ग्राम भुइगांव जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित एक ऐसा गांव है, जहां वर्षों से पीने के साफ पानी के लिए संघर्ष कर रहे ग्रामीणों को जल जीवन मिशन के तहत् पेयजल की समस्या से निजात मिली है। पहले गांव के लोग, विशेषकर महिलाएं और बच्चे, हर दिन लंबी दूरी तय कर पानी लाते थे, जिससे उन्हें शारीरिक श्रम के साथ-साथ समय भी अधिक लगता था। ग्रामीणजन और सरपंच इस समस्या से निजात पाने का प्रयास कर रहे थे। कई ग्रामीण पानी की कमी के कारण बोर खुदवाने को भी मजबूर थे। ऐसे में गांव का भूजल स्तर भी कम होने लगा था।

ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल प्रदाय कराने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संभाग कांकेर द्वारा

जलजीवन मिशन के तहत ग्राम भुइगांव में पानी की समस्या को दूर करने के लिए योजना बनाई गई और सबसे पहले, गांव में पानी की कमी की सही स्थिति का आंकलन किया गया। इसके बाद नल से जल आपूर्ति के लिए कार्य शुरू किया गया और गांव के प्रत्येक घर में नल कनेक्शन प्रदाय करने के लिए पाइपलाइन बिछाई गई। पानी टंकी का निर्माण कर गांव के पास स्थित एक जलस्रोत से पाईपलाइन के माध्यम से पानी गांव तक पहुंचाया गया और जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच की व्यवस्था की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि ग्रामीणों को जल की गुणवत्ता की जांचने का प्रशिक्षण देकर जल परीक्षण किट्स वितरित की गई है, जिससे ग्रामीण स्वयं पानी को परख कर सकें। ग्रामवासियों को जलजीवन मिशन के महत्व और लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया। गांव में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए और जागरुकता रथ से ग्रामीणों को जल संरक्षण और स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया, साथ ही जल प्रबंधन, जल संरक्षण और स्वच्छता पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को जल की गुणवत्ता की जांच करने और जल स्रोतों को सुरक्षित रखने के तरीकों की भी जानकारी दी गई। जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी इस टंकी ने गांव में सिर्फ पानी ही नहीं, बल्कि एक नई उम्मीद भी लाई। गांव के लोगों की आजीविका में भी सुधार हुआ और वे आत्मनिर्भर बनने लगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक गैर शासकीय संगठन के सहयोग और प्रयासों से ग्रामीणों को जागरूक करने में काफी हद तक सफलता मिली।

सुविचार

प्रेम एक ऐसा अनुभव है जो व्यक्ति को कभी परास्त नहीं होने देता और घृणा कभी किसी को जीतने नहीं देती। - अज्ञात

अखिलेश यादव का मानसून आफॅर

इस बार के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने उत्तरप्रदेश में 37 सीटें जीतकर एक नया कीर्तिमान रचा है। वह उत्तरप्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं देश में वह भाजपा और कांग्रेस के बाद तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव हवा में उड़ने लगे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया है कि मानसून ऑफर है सौ लाओ और सरकार बनाओ उनके इस मानसून ऑफर से नया बवाल खड़ा हो गया है। भाजपा नेता उनके इस मानसून आफॅर की कडी आलोचना कर रहे हैं। और यह आरोप लगा रहे हैं कि अखिलेश यादव उत्तरप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को तोड़ना चाहते हैं। हालांकि अखिलेश यादव ने अपने इस पोस्ट में ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि यह मानसून ऑफर उत्तरप्रदेश के लिए है या केन्द्र के लिए है। गौरतलब है कि जब केन्द्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनी और भाजपा की सीटें कम हो गई तो कांग्रेस सहित आईएनडीआईए में शामिल पार्टियों ने हर संभव कोशिश की थी कि एनडीए की सरकार न बन पाए। चूंकि भाजपा को अकेले अपने दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। इसलिए आईएनडीआईए के नेता जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार और तेलुगू देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू पर डोरे डाल रहे थे और उन्हें बाकायदा प्रधानमंत्री पद का आफॅर भी दे रहे थे। यह बात अलग है कि उनका यह अभियान असफल रहा। इसके बाद भी कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां अभी भी यह दावा कर रही है कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाएगी और मध्यावधि चुनाव होकर रहेगा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू प्रसाद यादव ने तो भविष्यवाणी कर दी है कि मोदी सरकार अगस्त महीने में गिर जाएगी। उन्होंने तो राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं से यह आव्हान भी कर दिया है कि वे मध्यावधि चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। अब अखिलेश यादव भी इसी तरह का शिगूफा छोड़ रहे हैं। और उत्तरप्रदेश भाजपा में चल रही खटपट को लेकर योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को गिराने के लिए मुंगेरी लाल की तरह हसीन सपने देख रहे हैं। भाजपा से सौ विधायकों का अलग होना कोई हंसी खेल नहीं है। दरअसल यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के बीच उपजे मतभेद के कारण अखिलेश यादव को यह लग रहा है कि केशव प्रसाद मौर्या भाजपा से अलग हो सकते हैं। इसीलिए वे उन्हें मुख्यमंत्री पद का प्रलोभन परोस रहे हैं। समाजवादी पार्टी के अन्य नेता ऐसे बयान देकर आग में घी डालने का काम कर रहे हैं कि केशव प्रसाद मौर्या का भाजपा में अपमान हो रहा है। समाजवादी पार्टी के सुर में सुर मिलाते हुए उत्तरप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने भी दावा किया है कि उत्तरप्रदेश भाजपा में असंतोष गहरा रहा है और योगी आदित्यनाथ की सरकार पर खतरे के बादल मंडरा रहे हैं। जबकि ऐसा कुछ नहीं है। 403 सीटों वाली उत्तरप्रदेश विधानसभा में भाजपा की 251 सीटें हैं और सहयोगी दलों की सीटें मिलाकर उसके पास 282 सीटें हो जाती हैं। जो बहुमत के आंकड़े से बहुत ज्यादा है। जबकि समाजवादी पार्टी के पास 105 सीटें हैं और उसकी सहयोगी कांग्रेस के पास सिर्फ दो सीटें हैं। ऐसे में उत्तरप्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार को कोई खतरा नहीं है। इसके बाद भी अखिलेश यादव इस तरह का शिगूफा छोड़ रहे हैं तो उसका उद्देश्य सिर्फ इतना है कि उत्तरप्रदेश की 10 विधानसभा सीटों के लिए जो उपचुनाव होने जा रहे हैं। उसमें वे भाजपा पर मनोवैज्ञानिक दबाव बना सके। जबकि हकीकत यह है कि खुद अखिलेश यादव इन उपचुनाव को लेकर दबाव और तनाव में हैं। यही वजह है कि पहले तो उन्होंने सभी 10 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी लेकिन अब वे तीन सीटें कांग्रेस को देने के लिए राजी हो गए हैं। कुल मिलाकर अखिलेश यादव का यह मानसून ऑफर सिर्फ एक शिगूफेबाजी ही है।

दिखने लगा डबल इंजन की सरकार का असर

छत्तीगसढ़ और केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार बनने का असर अब दिखने लगा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से चर्चा कर छत्तीसगढ़ के विकास के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए विभिन्न प्रस्ताव रखे। जिसे केन्द्र सरकार ने सैद्धांतिक रूप से मंजूरी भी दे दी है और विष्णुदेव साय सरकार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। केन्द्रीय नेताओं के साथ बैठकों के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के दीर्घकालिक विकास के लिए बनाए गए छत्तीसगढ़ विजन पर भी विस्तार से चर्चा की और उन्हें बताया कि विकसित छत्तीसगढ़ के सपने को साकार करने के लिए राज्य सरकार ने आठ अलग-अलग क्षेत्रों का चयन किया है। और इसके लिए विशेषज्ञों से बातचीत करके एक प्रभावी कार्य योजना बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस पर भी केन्द्रीय मंत्रियों ने भी छत्तीसगढ़ सरकार को सहयोग देने का आश्वासन दिया है। कुल मिलाकर डबल इंजन की सरकार का छत्तीसगढ़ को लाभ मिलना सुनिश्चित है और इसके दूरगामी परिणाम जल्द ही सामने आने लगेंगे।

प्रेरक प्रसंग : अहंकार का उपहार

महात्मा बुद्ध के पास सेठ रतनचंद दर्शन को आए तो साथ में ढेरों साम्रगी उपहारस्वरूप लाए। वहाँ उपस्थित जन-समूह एक बार तो वाह-वाह कर उठा। सेठ रतनचंद का सिर तो गर्व से तना जा रहा था। बुद्ध के साथ वार्तालाप प्रारंभ हुआ तो सेठ ने बताया कि इस नगर के अधिसंख्य चिकित्सालयों, विद्यालयों और अनाथालयों का निर्माण मैंने ही कराया है। आप जिस सिंहासन पर बैठे हैं वह भी मैंने ही भेंट किया है, आदि-आदि। कई दान सेठजी ने गिनवा दिए। सेठ जी ने जब जाने की आज्ञा चाही तो बुद्ध बोले - "जो कुछ साथ लाए थे, सब यहाँ छोड़कर जाओ।"

सेठ जी चकित होकर बोले - 'प्रभु, मैंने तो सब कुछ आपके समक्ष अर्पित कर दिया है।'

बुद्ध बोले - "नहीं, तुम जिस अंहकार के साथ आए थे उसी के साथ वापस जा रहे हो। यह सांसारिक वस्तुएँ मेरे किसी काम की नहीं। अपना अहम यहाँ त्याग कर जाओ, वही मेरे लिए बड़ा उपहार होगा।"

महात्मा बुद्ध का यह कथन सुनकर सेठ जी उनके चरणों में नतमस्तक हो गए। भीतर समाया हुआ सारा अहंकार अश्रु बनकर बुद्ध के चरणों को धो रहा था।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:39, सूर्यास्त : 07:15, चन्द्रोदय: : 17:49, चन्द्रास्त: :27:48, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: : वर्षा, शक सम्वत: : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (काल), मास : आषाढ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्दशी, नक्षत्र : पूर्वाषाढ, योग : वैधृति, प्रथम करण : कौलव (08:18 तक), द्वितीय करण : तैतिल (19:41 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : धनु, मंगल : वृष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : सिंह (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी) शुक्र : कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:55 से 12:51, अमृत काल : 20:39 से 22:13, रवि योग : 05:28 से 23:21, विजय मुहूर्त : 14:41 से 15:37, गोधूलि मुहूर्त : 19:17 से 19:37, सायाह्न सन्ध्या : 19:18 से 20:19, निशिता मुहूर्त : 24:03 से 24:44, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 15:51 से 17:34, दुर्मुहूर्त : 08:14 से 09:09, होमाहुति : चन्द्र (23:21 तक), दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पृथ्वी (19:41 तक), चन्द्र वास : पूर्व, शिववास : नन्दी पर (19:41 से भोजन में)।

प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी

लॉन्च एंकर का आकार यूरो सैंट्रिक ब्यूटी स्टैंडर्ड को ध्यान में रखकर गढ़ा गया है जैसे गोरा रंग, एक ख़ास तय किस्म की बॉडी आदि। सूचना के क्षेत्र में प्रस्तुतिकरण में इस तरह से पूर्वाग्रहों को और स्थापित करने का काम किया जा रहा है।

एआई की दुनिया और विश्वसनीयता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अभी अपने शुरुआती चरण में है, लेकिन यह देखना वास्तव में बहुत दिलचस्प होगा कि यह पत्रकारिता को किस तरह से बदलेगा। क्योंकि आज क्लिकबेट पत्रकारिता, फेक न्यूज और प्राइम टाइम में चिल्लाने वाली पत्रकारिता का दौर है। ऐसे में क्या रोबोट, इंसानी रवैये के इतर विवेक के साथ पत्रकारिता करेंगे? प्रसिद्ध मीडिया स्तंभकार पामेल फिलिपोज ने कहा है कि एआई और उसके इस्तेमाल से पैदा खतरे वास्तविक हैं। एआई अधिक बहुस्तरीय समस्या को पैदा कर सकता है, जैसे एआई दुष्प्रचार अधिक फैला सकता है।

फिलिपोज ने आगे कहा है कि फेक न्यूज अब व्हाट्सएप टेक्स्ट और तस्वीरों के माध्यम से प्रसारित की जाती हैं और एआई की पूरी क्षमता रॉ डेटा को पुनर्जीवित करना है। इस तरह बहुत से पत्रकार और मीडिया पेशवरों का मानना है कि एल्गोरिदम और ऑटोमेशन पर बढ़ती निर्भरता से पत्रकारिता की विश्वसनीयता कम होने का खतरा है। एआई न्यूज एंकर या पत्रिकारिता में एआई की निर्भरता सूचना क्षेत्र के भविष्य के लिए दोधारी तलवार है। एक तरफइससे मीडिया के नयेपन और संचार के क्षेत्र की अपार संभावनों पर ध्यान दिया जा रहा है। वहीं इसे नैतिक और जिम्मेदारी तय करने के लिए रेग्युलेशन और निरीक्षण की आवश्यकता भी है। ऐसे दौर में जहां मीडिया में पहले से ही ग्राउंड रिपोर्ट, खोजी पत्रकारिता और जनपक्ष की कमी है, उस समय में एआई तकनीक का बढ़ता प्रभाव सूचनाओं से मानवीय पक्ष को खत्म करने वाला ज्यादा नजर आ रहा है।

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मीडिया के उलझे रिश्ते

"माननीय प्रधानमंत्री जी हम आभारी हैं कि आप हमारे बीच आए। मेरी ऑन दी जॉब लर्निंग अब शुरू हो गई है और 2024 तक मैं देश की सबसे अच्छी जर्नलिस्ट होने की कोशिश करूंगी। उम्मीद करती हूं कि तब आपसे एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू करने का मौका मुझे मिलेगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।" ये शब्द हैं भारत की पहली एआई बॉट एंकर सना के। आर्टिफिशनल इंटेलिजेंस के मीडिया जगत में बढ़ते इस्तेमाल की कई संभावनाएं हैं। इसी में से एक है कि आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री एक एआई एंकर से देश के भविष्य और योजनाओं के बारे में चर्चा करते दिखें।

दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 'टेक्स्ट टू स्पीच' फीचर की बदौलत अब भारतीय न्यूजरूम में मशीन को इंसानी चेहरे में ढालकर खबरें पेश की जा रही हैं। पिछले साल अप्रैल के महीने में इंडिया टुडे ग्रुप ने एआई एंकर से समाचार बुलेटिन का प्रसारण शुरू किया था। लॉन्च कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एंकर का परिचय देते हुए कहा गया था कि वह ब्राइट है, सुंदर है, उम्र का उन पर कोई असर नहीं होता है और न ही कोई थकान होती है, वो बहुत सारी भाषाओं में बात कर सकती हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी दुनिया को फिर से परिभाषित करने, मानवीय क्षमता की सीमाओं को पार करने और अभूतपूर्व पैमाने पर उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार देने के लिए तैयार है। मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में, एआई का आगमन कंटेंट क्रिएटर्स को सामग्री निर्माण के लिए शक्तिशाली उपकरणों से सशक्त बना रहा है, नए अनुभवों को अनलॉक कर रहा है और कलात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों का उपभोग करने, बनाने और उनसे जुड़ने के तरीके को हमेशा के लिए बदल रहा है।

हाल के कुछ समय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत चर्चा का विषय बना हुआ है और पत्रकारिता का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रह रहा है। मौजूदा समय में भारत की मेनस्ट्रीम मीडिया का बड़ा हिस्सा विज्ञापन पर निर्भर होकर काम कर रहा है। ऐसे में तकनीक के जरिये डेटा के आधार पर समाचार बुलेटिन प्रस्तुत करना और अन्य काम भी इंसान की जगह मशीन की बदौलत होने ने मीडिया इंडस्ट्री के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारिता के भविष्य से लेकर पत्रकारिता करने वालों के भविष्य को लेकर भी संकट खड़ा होने की बात कही जा रही है। लेकिन एआई पत्रकारिता वास्तव में क्या है? क्या यह चिंता का एक विषय है या फिर सूचना जगत में एक ऐसी नई क्रांति है, जो पत्रकारिता के सही आयाम स्थापित करने में कामयाब हो पाएगी।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पत्रकारिता

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन के लगभग सभी पहलूओं समेत पत्रकारिता में भी शामिल हो गई है। डिजिटल मीडिया की वजह से जाने-अनजाने में ही एआई तकनीक पर आधारित कंटेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। चाहे वह यू-ट्यूब के एल्गोदिरम की वजह से आपको दिखते वीडियो हों या वेबसाइट पर दिखने वाले विज्ञापन। सभी का एक कारण एआई तकनीक ही है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव की वजह से एआई पत्रकारिता में बड़ी भूमिका निभा रहा है। मीडिया कंपनियां अपने कंटेंट को अधिक बूस्ट करने के लिए एआई की मदद ले रही हैं। लेख लिखने से लेकर बुलेटिन प्रसारित करने तक में एआई का सहारा लिया जा रहा है। दुनिया भर के बड़े-बड़े मीडिया हाउस एआई द्वारा लिखे लेख को प्रकाशित कर रहे हैं। एक तरफतो यह काम को आसान और तेजी से कर रहा है, दूसरी ओर यह कई सवाल भी खड़े करता है जिसमें विश्वसनीयता और अखंडता सबसे पहले है। साथ ही क्या सजृनशीलता पर आधारित क्षेत्र में एआई से डेटा आधारित बातचीत और जानकारी, पत्रकारिता के धरातल पर काम कर पाएगी? पत्रकारिता के सबसे मजबूत और शुरुआती मूल्य 'ग्राउंड रिपोर्टिंग' का भविष्य इससे बच पाएगा?

खतरे में पत्रकारों की नौकरियां

इंसान की जगह मशीन के इस्तेमाल होने का पहला खतरा इंसानों पर ही पड़ता है। 'न्यूज़जीपीटी', दुनिया का पहला समाचार चैनल है, जिसका पूरा कंटेंट आर्टिफिशल इंटेलिजेंस द्वारा तैयार किया जा रहा है। चैनल के प्रमुख एलन लैवी ने इसे खबरों की दुनिया का गेम चेंजर कहा था, क्योंकि ना इसमें कोई रिपोर्टर है और ना ही यह किसी से प्रभावित है। यहां यही बात मीडिया जगत में काम करने वाले लोगों के लिए बड़ा खतरा है। जैसे-जैसे मीडिया के क्षेत्र में एआई का प्रभुत्व बढ़ रहा है, वहां मौजूदा लोगों की नौकरियों पर तकनीक का कब्जा होने की संभावना ज्यादा नजर आ रही है। लेखन, संपादन, एंकरिंग, प्रस्तुतीकरण तक के सारे कामों में एआई का सहारा लिया जा रहा है।

बीबीसी द्वारा प्रकाशित एक समाचार के अनुसार साल 2020 में माइक्रोसॉफ्ट ने बड़ी संख्या मे 'एमएसएन' वेबसाइट के लिए लेखों के चयन, क्यूरेटिंग, हेडलाइन तय करने और एडिटिंग करने वाले पत्रकारों की जगह स्वचलित सिस्टम को अपनाने की योजना बनाई। खबर के अनुसार कंपनी ने एआई तकनीक के सहारे खबरों के प्रोडक्शन के कामों को पूरा करना तय किया। माइक्रोसॉफ्ट जैसी अन्य टेक कंपनियां मीडिया संस्थानों को उनका कंटेंट इस्तेमाल करने के लिए भुगतान करती हैं। इन सब कामों के लिए पेशेवर पत्रकारों की मदद ली जाती आई है, जो कहानियां तय करने, उनका प्रकाशन कैसे होना है, हेडलाइन तय करने जैसे काम करते हैं। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के एआई तकनीक के इस्तेमाल के बाद से लगभग 50 न्यूज प्रोड्यूसर्स को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी।

ठीक इसी तरह साल 2022 के अंत में अमेरिकी टेक्नोलॉजी न्यूज वेबसाइट 'सीएनईटी' एआई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए चीजें अलग ही स्तर पर ले गई। कंपनी ने एआई प्रोग्राम के तहत लिखे गए दर्जनों फीचर लेख चुपचाप तरीके से प्रकाशित किए। जनवरी 2023 तक कंपनी ने इन सब अटकलों की पुष्टि नहीं की थी, जिसे केवल एक प्रयोग बताया जा रहा था। इतना ही नहीं एसोसिएटेड प्रेस ने भी अपनी कहानियों के लिए एआई का इस्तेमाल किया। ये सब बातें बताती हैं कि कैसे समाचारों को चुनने, उनको व्यवस्थित करने के लिए काम करने वाले मीडिया के पेशेवरों की नौकरियां एआई ले रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपने शुरुआती दौर में है, लेकिन अभी से न्यूजरूम के भीतर उसकी मौजूदगी से मीडिया पेशवरों की नौकरियों पर संकट बनना शुरू हो चुका है। डायच वेले के अनुसार हाल ही में यूरोप के सबसे बड़े पब्लिकेशन हाउस 'एक्सल स्प्रिंगर' ने कई संपादकीय नौकरियों को एआई में बदल दिया है। स्प्रिंगर में नौकरियों की कटौती से मीडिया उद्योग के रोबोट पर निर्भरता की आशंकाओं में तेजी ला दी है।

न्यूजरूम में एआई एंकर

भारत समेत कई अन्?य देशों में न्यूज एंकर के तौर पर कम्प्यूटर जनित मॉडल यानी एआई एंकर समाचार पढ़ते नज़र आ रहे हैं। बहुत हद तक इंसानी तौर पर दिखने वाले ये न्यूज एंकर कॉर्पोरेट मीडिया हाउस के मुनाफे वाले दृष्टिकोण से हितैषी हैं, क्योंकि इन्हें न कोई सैलरी की आवश्यकता है, ना छुट्टी की। ये 24 घंटे और सातों दिन डेटा के आधार पर काम कर सकते हैं। भारत की पहली एआई न्यूज एंकर सना के लॉन्च के समय इसी तरह के शब्द कहे गए थे कि वह बिना थके लंबे समय तक काम कर सकती है।

द गार्डियन के अनुसार साल 2018 में चीन की न्यूज एजेंसी 'शिन्हुआ' पहला एआई न्यूज एंकर दुनिया के सामने लाई। इस एजेंसी के किउ हाओ पहले एआई एंकर हैं, जिसने डिजिटल वर्जन पर समाचार प्रस्तुत किया। शिन्हुआ और चीनी सर्च इंजन सोगो द्वारा यह एआई एंकर विकसित किया गया है। प्रकाशकों ने चीन के वार्षिक वर्ल्ड इंटरनेट कॉन्फ्रेंस के कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की थी। इसी से जुड़ी दूसरी के अनुसार पिछले वर्ष चीन ने एआई महिला न्यूज़ एंकर रेन जियाओरॉन्ग को लॉन्च किया। चीन सरकार केंद्रित पीपल्स डेली अखबार ने दावा किया है कि इस एआई न्यूज एंकर ने हजारों न्यूज एंकर्स से स्किल सीखे हैं और वह 365 दिन 24 घंटे लगातार खबरें बता सकती है। चीन के अलावा कुवैत भी अपना एआई न्यूज एंकर लॉन्च कर चुका है। हाल ही में 'न्यूज 18' के पंजाब और हरियाणा के क्षेत्रीय चैनल की तरफसे भी एआई एंकर के बारे में बात की गई। इस एंकर का नाम एआई कौर है। हाल ही में रूस के स्वोए टीवी ने स्नेज़ना तुमानोवा को पहले वर्चुअल मौसम की खबर प्रस्तुत करने वाले के रूप में पेश किया। इस तरह से दुनिया के अलग-अलग मीडिया संस्थानों की ओर से एआई तकनीक के न्यूज एंकर को लॉन्च किया जा रहा है। एक के बाद एक एआई न्यूज एंकर के लॉन्च को मीडिया की नई क्रांति और बदलाव बताया जा रहा है। अब यह देखना होगा कि सूचना के क्षेत्र में एआई समावेशिता, विश्वसनीयता स्थापित कर पाती है या नहीं। क्योंकि अगर अब तक लॉन्च एआई एंकर्स के रूप-आकार को लेकर बात करे तो उससे पूरी तरह समावेशिता गायब है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1296-अलाउद्दीन खिलजी ने स्वयं को दिल्ली का सुल्तान घोषित किया। 1820-सार्वजनिक कार्यकर्ता गणेश वासुदेव जोशी का जन्म। 1847-जर्मनी के खगोलशास्त्री थियोडोर ने धूमकेतु ब्रोरसेन-मेटकॉफ की खोज की। 1903-फोर्ड मोटर कंपनी ने अपनी पहली कार बाजार में उतारी। 1920-रामकृष्ण परमहंस की जीवन संगिनी शारदा देवी का निधन। 1929-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध सदाबहार अभिनेता राजेंद्र कुमार का जन्म। 1950-भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध तथा प्रतिभाशाली अभिनेता नसीरुद्दीन शाह का जन्म। 1951-जॉर्डन के शाह अब्दुल्ला प्रथम यरुशलम में हमले में मारे गये। 1956-फ्रांस ने ट्यूनीशिया को स्वतंत्र देश घोषित किया। 1965-भारत के प्रसिद्ध क्रांतिकारियों में से एक बटुकेश्वर दत्त का निधन। 1966-भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का निधन। 1969-नील आर्मस्ट्रांग के रूप में मानव ने चंद्रमा की सतह पर पहला कदम रखा। 1989-माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय विकलांग अरूणिमा सिन्हा का जन्म। 1997-तिस्ता नदी के जल बंटवारे पर भारत-बंगलादेश में समझौता। 1999-यू.आर. राव (भारत) 'यूनिस्पेस-3' (अंतरिक्ष सम्मेलन) के अध्यक्ष निर्वाचित।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तुमने लिखा तुमने लिखा

तुमने लिखा तुमने लिखा था श्रृंगार उसने बिंदी लगाई तुमने लिखा नशा उसने काजल लगाई तुमने बाग लिखा वो गजरा लगाई तुमने लिखा खुशबु उसने जुल्फ लहराए तुमने समन्दर लिखा उसकी आंखें भर आई तुमने लिखा शोर उसने लब हिलाए तुमने कायनात लिखा वो बाहें फैलाई क्या क्या ना लिखा तुमने क्या क्या ना मिला उसमें वो औरत है धरती आसमां तक बस वो ही तो है।

- प्रीति श्रीवास्तव

दिल होता तो देता वार

दिल होता तो देता वार नहीं देखता कोई वार. रोज छिड़ी है देखो वार कभी सोम औ मंगलवार. जीना हो गया अब दुश्वार जीभ बन चुकी है तलवार. जीवन-रूपी नौकाओं की कहीं और रक्खी पतवार।

- जे डी कुदाल

ख़ास पाती | बढ़ने लगी मेरी मुहब्बत और तुम मुझको

बढ़ने लगी मेरी मुहब्बत और तुम मुझको न दो कोई नसीहत और तुम यूँ बेवफ़ाई का नहीं तोहमत लगा खुद भी बढ़ाओ दिल में उल्फ़त और तुम जबसे मैंने चश्मा का नम्बर बदला है दिखने लगी हो खूबसूरत और तुम तुम ख्वाब में आने लगी हो दिन में भी क्या हो गई दिल की ज़रूरत और तुम अब पूछता है दिल ये मेरा सच कहो मेरे लिए रखती हो इज़्ज़त और तुम गर सिलसिला ये प्यार का बढ़ता रहा ये दिल हमारा होगा जन्नत और तुम लब पे तबस्सुम , तेरा ये हुस्नो-जमाल क्यूँ जानेमन ढाती क़यामत और तुम'ऐनुल' मियाँ सब छोड़ कर रंगीनियाँ चलने लगे राहे - शराफ़त और तुम।

- ऐनुल बरौलवी

पाँखी चँवर ढुला रहे,हिला - हिला कर

पाँखी चँवर ढुला रहे,हिला - हिला कर पंख। बनी नगाड़ा बादली, हवा फूँकती शंख।। गीत दिवस लिख-लिख रखे,ठुमरी गाये रात। मेरे आँगन जब गिरे,सावन की बरसात।। घरर-घरर कर फेरती,घट्टी यूँ बरसात। अम्मा जैसे दल रही,भर कर मूँग परात।। बूँदों की पायल पहन,उतरी है बरसात। बादल वाली थाप पर,घूमर लेगी रात। दिवरानी सी बादली,भर -भर पानी लाय। और जिठानी सी हवा,खींच कलश ले जाय।। - **आशा पाण्डेय ओझा 'आशा'**

अब तो चौंक जाते हैं अपने साये से



अब तो चौंक जाते हैं अपने साये से भी, गुज़री है ये तमाम उम्र ही इस क़दर तन्हा। तुम बहुत हो मेरे पास पर क़रीब नहीं, कर दिया क्यों तुमने मुझे, इस हद तक तन्हा? जो समझ कर तन्हाई ओ उदासी को मेरी, गले से लगा ले मुझे, मुन्तज़िर हैं किसी ऐसे, बेहद अपने की ये निगाहें?

- निलोफर नीलु

समुंदर को तो दरिया बोलता है वो शब

समुंदर को तो दरिया बोलता है वो शब को भी सवेरा बोलता है मेरे बारे में क्या-क्या बोलता है मुझे बेहद सयाना बोलता है उठाता हूँ सभी से फ़ायदा मैं मेरे बारे में ऐसा बोलता है क़सम गीता की खाता है वो यूं तो मगर सच्चे को झूठा बोलता है वो बक देता है जो भी जी में आए हक़ीक़त को फ़साना बोलता है जो कुछ सिक्कों में खुद को बेच आया वो कहता है कि पैसा बोलता है मुहल्ले में अजब ख़ामोशियाँ हैं यहाँ केवल तमंचा बोलता है वहाँ रुकती नहीं है कोई मुश्किल जहाँ पक्का इरादा बोलता है चमकने वाला हूँ दो-चार पल में मेरी क़िस्मत का तारा बोलता है मुझे ये चांद तारे तोड़ने हैं उछल कर एक बच्चा बोलता है मुकम्मल शायरी बस वो है जिसको अगर सुन ले तो गूँगा बोलता है अदीबों की भी ऐसी राय है कुछ 'अजय अज्ञात' कड़वा बोलता है

- अजय अज्ञात

चिंता में स्वयं को जलाएं नहीं

चिंता में स्वयं को जलाएं नहीं, बल्कि चिंतन करें कि जो संकट आया है, उस पर विजय कैसे पाई जा सकती है। चिंतन से रास्ता निकलता है। चिंतन मन प्रसन्न करके समस्या से छुटकारा दिलाता है, वहीं चिंता रोगग्रस्त करती है। चिंतन संजीवनी देता है, वहीं चिंता मृत्यु के सन्निकट ले जाती है। कहते हैं न कि चिंता 'चिता' के समान है। योद्धा बनें। बाधाएं दुम दबाकर भाग जाएंगी। आप सभी का दिन शुभ हो। भगवान की कृपा बरसे। **- राज कुमार धर द्विवेदी**

नदी किनारे रेत पर या दिल के पन्नो पर

नदी किनारे रेत पर या दिल के पन्नो पर तेरा नाम लिखूं फूलों से कहूँ कलियों से कहूँ या भौरों से तेरा नाम कहूँ गले में मंगलसूत्र ,मांग में सिंदूर भरूँ मैं अपनी सारी जिंदगी तेरे नाम करूँ ।

- डॉ. दुलारी चंद्राकर

QUIZ TIME

1) गर्म जल-बैग में जल का उपयोग किया जाता है, क्योंकि

2) भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन कहाँ किया गया था?

3) सुप्रीम कोर्ट की पीठ के फैसले के अनुसार यह किस अनुच्छेद के तहत अपनी शक्तियों का उपयोग सीधे तलाक की डिग्री देने के लिए कर सकता है?

4) भारत में कृषि आय की गणना किस विधि से की जाती है?

5) अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के पूर्व उपाध्यक्ष का नाम बताइए जिनका निधन 10 मई 2023 को हो गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उसकी विशिष्ट ऊष्मा अधिक होती है (2) गाज़ियाबाद (3) अनुच्छेद 142 (4) उत्पादन विधि (5) [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज का दिन आपको अनुकूल फल देगा। आज आपका स्वभाव एवं व्यवहार बनावटी रहेगा दिखावा अधिक पसंद करेंगे।

वृष: आपका आज का दिन अशुभ फलदायी रहेगा। पूर्व में बरती लापरवाही एवं असंयमित खान-पान एवं कार्य की अधिकता के कारण सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

मिथुन: आज आप का दिन लाभदायक सिद्ध होगा। आज भौतिक सुख के साधनो में वृद्धि होगी।

कर्क: आज का दिन आपके लिए उतार चढ़ाव से भरा रहेगा। दिन के आरम्भ से ही किसी अन्य के काम से भाग दौड़ करनी पड़ेगी।

सिंह: आपका आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में समाज के श्रेष्ठ लोगो से पहचान होगी परन्तु घर के ही किसी सदस्य को इससे परेशानी हो सकती है।

कन्या: आज दिन के कुछ भाग को छोड़ शेष समय अशुभ फलदायी रहेगा। दिन के आरम्भ से ही विवाद का भय रहेगा आज किसी की बातों में ना आए।

तुला: आज का दिन शुभफलदायी है। आज आपको प्रात: काल से ही धन लाभ की संभावनाएं बनने लगेंगी लेकिन टलते टलते मध्यान के आस पाँच ही हो पाएगी।

वृश्चिक: आज का दिन आपको मिला-जुला फल देगा। आज दिन के आरम्भ से ही बे फिजूल की मानसिक दुविधाओं और उलझनों के कारण कार्य में उत्साह नही रहेगा।

धनु: आपका आज का दिन आनंददायक रहेगा। आज के दिन आपका बुद्धि विवेक जाग्रत रहेगा।

मकर: आज का दिन प्रतिकूल रहने से लगभग सभी कामो में अड़चने आएंगी। पूर्व में किये निवेश का धन फंसने अथवा हानि होने से मानसिक व्याकुलता रहेगी।

कुंभ: आज दिन आपके लिए आपके लिए लाभदायी रहेगा। आज प्रात:काल के समय दिनचर्या थोड़ी सुस्त रहेगी।

मीन: आज आपका दिन का अधिकांश भाग कार्य करते हुए भी आनंद, मनोरंजन में बीतेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

ऊपर से नीचे

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 122 का हल

दा	ढ़ी	■	की	■	खा	सो	आ	म
बा	■	त	म	ग्रा	■	■	जा	■
न	जा	क	त	■	बा	अ	द	ब
ल	■	ली	■	वि	ला	प	■	हा
■	अ	फ	सा	ना	■	मा	हि	र
दा	ब	■	■	श	गु	न	■	■
न	■	उ	प	का	र	■	शि	■
व	■	त्स	■	र	■	त	क	ला
■	सा	व	न	■	गु	रु	बा	र

न्यूज गैलरी

पेड़ में लटकी मिली लाश

भिलाई। जामुल थाना क्षेत्र में शिवपुरी वार्ड 16 रेलवे पटरी के किनारे फेब्रिकेशन कंपनी के पीछे पेड़ पर अज्ञात युवक की लाश मिली है। पुलिस मौके पर पहुंची। लाश को पेड़ से उतारा और पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आसपास के लोगों ने लाश को पहचानने से इंकार कर दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर शव की शिनाख्त में जुटी है।

बीआईटी में 5 से विभागीय परीक्षा

दुर्ग। छग शासन गृह विभाग के द्वारा 5 से 13 अगस्त तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की गई है। विभागीय परीक्षा के लिए भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को परीक्षा केंद्र नामांकित किया गया है। संभागायुक्त ने प्राचार्य भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को पत्र प्रेषित कर विभागीय परीक्षा संचालन के लिए उक्त अवधि के लिए जरुरत के अनुसार 3 कक्ष आरक्षित करने तथा परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था कराने को कहा है। इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश भीं दए हैं, ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो।

बंद रहेगा सिरसागेट अंडरब्रिज

भिलाई। सिरसा-गेट रेलवे अंडर ब्रिज काफी खराब हो गया है। वाहनों के गुजरने से भीतर धुल उड़ती है। साथ ही बारिश का गंदा पानी हमेशा बहते रहता है। इसके मेंटेनेंस के लिए 20 जुलाई को सुबह 9 बजे से इसे बंद किया जा रहा है। इसमें 22 जुलाई की शाम 6 बजे तक काम किया जाएगा। इस दौरान इसे पूरी तरह बंद रखा जाएगा।किसी भी तरह के वाहनों को आने-जाने की अनुमति नहीं होगी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए इस अंडरब्रिज का मेंटेनेंस अति आवश्यक है। इसकी वजह से अस्थायी रूप से बंद कर काम किया जाएगा। इसी अंडरब्रिज से एनएसपीसीएल के वाहन आते जाते हैं। इसी से सिरसा कला, पुरैना, सोमनी, गनियारी, जी-केबिन, उरला, देवबलौदा आदि स्थानों से ग्रामीणों का आना जाना होता है। इसके अलावा भिलाई स्टील प्लांट के हजारों नियमित और ठेका श्रमिक यहीं से बीएसपी आते जाते हैं। मेंटनेंस काम से उन्हें परेशानी हो सकती है। वह चाहें तो चरोदा में रेल नगर और रेलवे इंस्टीट्यूट होते हुए जी-केबिन से वाले मार्ग का उपयोग कर सकते हैं।

जल वितरण प्रणाली में कोई त्रुटि नहीं : इस्पात संयंत्र

भिलाई। इस्पात संयंत्र टाउनशिप को मानक मानदंडों के अनुरूप सुरक्षित पेयजल आपूर्ति करने के लिए प्रतिबद्ध है। संयंत्र ने अपने प्रयासों से बारम्बार सिद्ध किया है कि संयंत्र के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) में उपचार की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुरूप है। डब्ल्यूटीपी में जल उपचार प्रक्रिया के संचालन में तकनीकी रूप से कोई त्रुटि नहीं है और यह सुविधा टाउनशिप को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने में पूरी तरह सक्षम है। घरों में आपूर्ति किए जाने वाले पानी के मापदंडों की जांच के लिए नगर सेवा विभाग के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा नियमित अंतराल पर आवासीय क्षेत्रों से नमूने भी लिए जाते हैं। जलशोधन संयंत्र में वाटर ट्रीटमेंट हेतु प्रयोग की जाने वाली उपचार व केमिकल डोजिंग की प्रक्रिया राज्य व नगर निगमों के पेयजल उपचार संयंत्रों द्वारा अपनाई जाने वाली मानक उपचार प्रक्रियाओं के समान है। मरोदा स्थित पेयजल संयंत्र में उपचारित पेयजल की शुद्धता मानकों की पुष्टि करता है।

प्लांट गैराज को नए रॉक ब्रेकर, ट्रक और यूटिलिटी वाहन की सौगात

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के प्लांट गैराज ने ब्लास्ट फर्नेस के लिए एक हुंडई रॉक ब्रेकर अटैच्ड एक्सकेवेटर, प्लांट के फायर ब्रिगेड के लिए चार टाटा यूटिलिटी वाहन, अशोक लीलैंड के पांच बिल्ड-अप ट्रक और भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के लिए तीस महिंद्रा बोलेरो, एसयूवी सहित कई नए वाहनों को शामिल किया गया। इन नए वाहनों को शामिल कर प्रबंधन ने, संयंत्र की परिचालन दक्षता और क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन) तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (एम एंड यू) असित साहा, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) एस के गजभिये और मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) सौम्या तोकदार ने 18 जुलाई 2024 को प्लांट गैराज विभाग में आयोजित उद्घाटन समारोह का नेतृत्व किया। इस अवसर पर जिन विभागों को वाहन आवंटित किए गए थे, उनके वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह) ने रिकॉर्ड समय में खरीद प्रक्रिया पूरी करने के लिए, परियोजना प्रबंधक-महाप्रबंधक प्रभारी (प्लांट गैराज) बीडी बाबू और परियोजना समन्वयक-महाप्रबंधक (रखरखाव) प्रदीप्ता भौमिक के साथ-साथ एमएम-आईपीएम टीम पीपी एंड ई विभाग और प्लांट गैराज बिरादरी के ईमानदार प्रयासों की सराहना की। श्री साहा ने संयंत्र में परिचालन की बढ़ती मांगों को पूरा करने और विभिन्न विभागों में सेवा और उत्पादकता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के लिए उपकरणों के आधुनिकीकरण के महत्व पर जोर दिया। श्री एस के गजभिये ने संयंत्र के वाहनों के बेड़े के रखरखाव और उन्नयन में प्लांट गैराज टीम के प्रयासों की सराहना की और कहा, कि उन्हें विश्वास है कि नए वाहनों के आ जाने से न केवल संयंत्र की परिचालन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और अधिक कुशल कार्य वातावरण में भी योगदान मिलेगा। खरीदे गए नए वाहन, नवीनतम बीएस 6 उत्सर्जन मानदंडों के अनुसार उन्नत प्रौद्योगिकी, बेहतर ईंधन दक्षता, बेहतर प्रदर्शन क्षमताओं से युक्त हैं।

कर्मचारी संघ का दूसरे दिन भी हड़ताल

जामुल/नवप्रदेश। नवयुक्त अधिकारी/कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा दो सुत्रीय मांग को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जा रहा है जिसके तहत आज दूसरा दिन भी पालिका परिषद के कर्मचारियों द्वारा गेट में काला फीता लगाकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया। नीलकंठ वर्मा अध्यक्ष स्व. कर्मचारी संघ नपा परिषद ने शासन से अनुरोध किया है कि कर्मचारियों के जायज मांगों को अतिशीघ्र पुरा करें। जिसमें उपअभियंता कृष्ण नारायण ताम्रकर, विनोद कन्नौजिया, भानू चौहान, हर्षा मेहरा, आशा जंघेल, हीरोबाई, रामू देवांगन, नीलकंठ वर्मा, सेनकुमार सोनवानी, मोहन वर्मा, हीम्मत मण्डावी, श्यामरतन पटेल, नरेन्द्र मढ़रिया, प्रकाश मानिकपुरी, हरीश साहू, उपस्थित थे।

बारिश के चलते नगर निगम का बाढ़ नियंत्रण व आपदा प्रकोष्ठ हुआ एक्टिव

■ **महापौर एवं आयुक्त ने सभी इंजीनियरों को अलर्ट रहने के दिए निर्देश**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में प्रबंधन हेतु महापौर धीरज बाकलीवाल एवं कमिश्नर लोकेश चन्द्राकर द्वारा तत्परता दिखते हुए बरसात के आगमन होते ही बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ को सक्रिय होने का निर्देश दिया है क्योकि निगम क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना बनी रहती है। महापौर एवं आयुक्त ने सभी इंजीनियरो को अलर्ट रहने के निर्देश दिये है। निगम क्षेत्र के निचली बस्तियों में पानी ना भरे उसके बचाव के लिए सभी इंजीनियर्स एवं स्वास्थ्य अमले को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। बाढ़ नियंत्रण कक्ष नगर निगम दुर्ग के मुख्यकार्यालय में 24 घंटे संचालित हो। महापौर द्वारा आयुक्त से चर्चा कर आपात बैठक बुलाने और जलभराव क्षेत्र सहित निगम टीम को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए। आयुक्त ने निगम अधिकारियों की आपात बैठक बुलाई जो कि शाम 6 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में निगम मेंअधिकारी/ कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो अलर्ट मोड पर होगी। निगम ने भारी वर्षा को ध्यान रखते हुए कंट्रोल रूम भी बनाया है जिसमें आपात स्थिति में 24 घंटे संपर्क किया जा सकेगा। आयुक्त चन्द्राकर के निर्देश में तेज वर्षा को ध्यान में रखते हुए वार्डो के गलियों, मोहल्ला, निचली बस्तियों में मच्छर उन्मूलन एवं जलजनित मौसमी बिमारियों से बचाव हेतु लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश देते हुए बताया कि तेज वर्षा को ध्यान रखते हुए निचली बस्तियों एवं जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर बरसाती पानी जमा होने से एवं पानी से फैलने वाले जलजनित बिमारियों से बचने नागरिकों को अपने घरों के कुलर, पुराने टायर, टंकी, ड्रम, पुराने मटके इत्यादि को खाली रखने कहा जाए। साफपानी में ही मच्छरों का प्रजनन होने से अण्डा देता है जिससे लार्वा बनता है।

स्टॉक एक्सचेंज फ्रॉड से बचाव हेतु आईजी गर्ग ने जारी की एडवाइजरी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है। साइबर ठग फर्जी कॉल और सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से लोगों को अधिक लाभ का लालच देकर ठगी कर रहे हैं। इन घटनाओं से बचने के लिए सावधानी बरतना आवश्यक है। आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि साइबर ठग सोशल मीडिया अकाउंट या फर्जी मोबाइल नंबर से कॉल या व्हाट्सएप/ टेलीग्राम मैसेज भेजकर लोगों को शेयर ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए प्रेरित करते हैं। वे कम समय में अधिक लाभ का वादा करते हैं और पीड़ित व्यक्ति ठगों के निर्देशानुसार बड़ी राशि स्थानांतरित कर देता है। बाद में जांच में पता चलता है कि जिस नंबर से कॉल की गई थी, वह फर्जी

सिम से इस्तेमाल किया गया था। ठग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी अकाउंट और ऐप्स बनाकर लोगों को धोखा देते हैं। व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप्स में कुछ सदस्य शेयर ट्रेडिंग और निवेश के लिए अन्य लोगों को उकसा रहे हैं। किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, ये फर्जी हो सकती हैं और आप फंस सकते हैं। प्रतिदिन समाचार पत्रों और साइबर क्राइम पुलिस स्टेशनों में कई मामले रिपोर्ट किए जा रहे हैं। ये लोग आपके निवेश पर घंटों में लाभ दिखाते हैं। प्रारंभ में आप हजारों में पैसा निकाल सकते हैं, लेकिन जब निवेश लाखों या करोड़ों में पहुंच जाता है, तो वे और अधिक निवेश की शर्तें रख देते हैं और फिर निकासी की अनुमति नहीं देते। ऐसे कई ग्रुप विदेश से भी संचालित होते हैं। निवेश करने से पहले अपने जागरूक मित्र, पत्रकार, वकील या किसी पुलिस अधिकारी से जरूर चर्चा करें।

सांसद से मिले ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात की। बीएसपी में परिवहन कार्य सुचारू रूप से चलाने हेतु यूनियन द्वारा प्लांट प्रबंधन को दिए गए। सुझावों को क्रियान्वित कराने उनके सहयोग प्रदान करने के संबंध में आग्रह किया गया। परिवहन कार्य मे आने वाली समस्याओं को दूर करने यूनियन के समय समय पर प्लांट प्रबंधन को अपने महत्वपूर्ण सुझाव देती रहती है। किंतु प्रबंधन द्वारा समस्याओं पर आवश्यक निर्णय नही लिया जाता है। जिससे सरकार के राजस्व एवं परिवहनकर्ताओं का काफी नुकसान होता आ रहा है। सांसद बघेल द्वारा उक्त विषय पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान यूनियन के संरक्षक गनी खान, प्रभु नाथ मिश्रा, महेंद्र सिंग(पप्पी), गोपाल खंडेलवाल, सुधीर सिंह, अध्यक्ष इंद्रजीत सिंग (छोटू), कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, दिलिप खटवानी, बलविंदर सिंग, सुनील चौधरी, शाहनवाज़ कुरैशी, लालायादव, वाजिद अली, धनंजय सिंह, वाजिद अंसारी, जगजीत सिंह, सुनील यादव, लाला भैया, राजदीप नामदेव, कृष्णा कुमार, पंकज शर्मा, उपेंद्र यादव, सोमेश्वर, गिरीश खंडेलवाल, संजय तिलांथे, शिव पूजन, धीरमण, अमित सिंग, अभिषेक जैन, सुधीर सोनू, गुरमीत सिंग एवं अन्य सदस्य मौजूद रहें।

शटडाउन के कारण पानी सप्लाई बाधित

भिलाई/नवप्रदेश। विद्युत विभाग द्वारा सूचना दी गई है कि 20 जुलाई को विद्युत मण्डल द्वारा मेनटेनेंस का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण सुबह 11 बजे से साम 4 बजे तक शटडाउन रहेगा। विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। जिसके कारण नगर निगम भिलाई के 66 एवं 77 एमएलडी में पानी आपूर्ति समय अनुसार नहीं हो पायेगा। जलशोधन यंत्र दिन मे 11 बजे से साम 4 बजे तक बंद रहेगे। इसके कारण फरीद नगर, मदर टेरेसा नगर एवं खुर्सीपार पानी की टंकी से साम की सप्लाई प्रभावित रहेगी। विद्युत विभाग के मेनटेनेंस का कार्य पूर्ण हो जाने पर जैसे ही विद्युत सप्लाई पूर्वत शुरू हो जायेगा। निगम का फिल्टर प्लांट से जल आपूर्ति समय अनुसार की जावेगी।

विद्यारतन सेतु सेल्फी जोन नहीं : आयुक्त

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम क्षेत्रांतर्गत घड़ी चैंक सुपेला स्थित विद्यारतन भशीन सेतू अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया है। पहले नागरिको को पटरी के उस पार जाने के लिए लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ता था। ट्रेन की क्रासिंग होते ही जाम लग जाता था। अंडर ब्रिज के निर्माण से आम नागरिको को काफी सुविधा मिल रही है। अंडर ब्रिज का निर्माण नागरिको के आने-जाने से लेकर शहर की सुन्दरता को एक नया स्वरूप दिया गया है। आम नागरिको को होने वाली असुविधा को देखते हुए अंडर ब्रिज में इस पार से उस पार जाने के लिए दो अलग-अलग रास्ते बनाये गये है। एक आने का एक जाने का एवं डिवाईडर भी लगा हुआ है। रास्ते के साथ ही दिवारो को कलर पेंटिंग से संवारा गया है। जो अपने आप में बहुत ही खुबसुरत दिखता है। रात्रि में भी आने जाने वालो के लिए लाईटिंग की सुविधा दिया गया है जिससे वाहन चालको को आने-जाने में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। अंडरब्रिज के बीच में मनमोहक कलाकारी की गई है, जो आकर्षक का केन्द्र बना हुआ है। अकसर देखने में आता है कि अपनी जान जोखिम में डाल कर वहां खडे होकर लोग सेल्फी लेते है, और रील बनाते है। जो दुर्घटना का कारण बन जाता है, वह सेल्फी लेने की जगह नहीं है। सेल्फी लेते समय पकड़े जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। सांसद विजय बघेल ने सभी नागरिको से अपील की है कि दो पहिया गाड़ी चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें। कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगाये, जिससे आपका जीवन सुरक्षित रहें। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने आने जाने वाले नागरिको से अनुरोध किया है कि कोई भी व्यक्ति अंडर ब्रिज से रॉग साईड गाड़ी मत चलाए।

शिशु संरक्षण माह 23 अगस्त तक प्रथम चरण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला चिकित्सालय में आज मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा जिला स्तर पर शिशु संरक्षण माह (एसएसएम) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एच.के. साहू, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सीमा जैन, हास्पिटल कंसल्टेंट, आरएमएन सीएच ए कंसल्टेंट एवं अन्य जिला स्तर के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन एवं शासन के द्वारा जारी निर्देशानुसार नियमित टीकाकरण के साथ ही विटामिन 'ए' (09 माह से 05 वर्ष के बच्चों को प्रत्येक 6 माह में 1 बार) एवं आईएफए सिरप (06 माह से 05 वर्ष के बच्चों को सप्ताह में 2 बार 1-1 एमएल लगातार 6 माह तक पिलाया जाएगा। बच्चों व गर्भवती माताओं का टीकाकरण, गर्भवती माताओं की जांच तथा उन्हें पोषण आहार की सलाह के साथ-साथ अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर एनआरसी रिफर व मध्यम बच्चों हेतु माताओं को आहार की सलाह दी जाएगी।

गुरनाम कौर का इलाज के दौरान मौत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल शहर की होनहार बालिका गुरनाम कौर ने जीवन और मौत से संघर्ष करते हुए आज सुबह 5:30 बजे दम तोड़ दिया। सेक्टर 2 सड़क 24 क्वार्टर नंबर 13 ए निवासी पत्रकार कोमल धनेश्वर की इकलौती पुत्री गुरनाम कौर 17 वर्ष जब अपने घर को लौट रही थी उसी दौरान 9 जुलाई की दोपहर 12 बजे सुपेला अंडरब्रिज पर सेक्टर 6 पेट्रोल पंप के समीप बोलेरो वाहन के ठोक से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। उसे तत्काल घायल अवस्था में स्पर्श हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां मस्तिष्क का ऑपरेशन करने के उपरांत पिछले 11 दिनों से आईसीयू में वेंटिलेटर पर जीवन और मौत से संघर्ष करते हुए आज सुबह 5 बजे दम तोड़ दिया अस्पताल के चिकित्सकों ने भरसक प्रयास किया किंतु वे सफल नहीं हो पाए।

मुख्यमंत्री साय ने गहरा दुःख प्रकट किया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने न्यू प्रेस क्लब उपाध्यक्ष कोमल धनेसर की बेटी सुश्री गुरनाम कौर के निधन पर गहरा दुःख प्रकट किया है। श्री साय ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवारजनों को संबल प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

पं. प्रदीप मिश्रा की कथा के लिए रखी गई नींव

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। नगर में आने वाले 25 से 31 जुलाई तक जयंती स्टेडियम ग्राउंड में श्रीशिवास नमस्तुभ्यम, बोलबम, हर-हर महादेव के जयकारे लगने वाले हैं। क्योंकि सावन के पवित्र महीने में आ रहे हैं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा। शिव महापुराण की कथा पंडित सुनाएंगे। इसका आयोजन बोलबम एवं सेवा कल्याण समिति की ओर से किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष व नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह ने बताया कि आयोजन के लिए विशाल पंडाल लगेगा। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। महाराष्ट्र से पंडितजी के लिए पंडाल लगाने सामान आ गए हैं। आज भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया था। आचार्य कान्हा जी महाराज व अन्य पंडितों द्वारा भूमिपूजन का कार्यक्रम कराया गया। इस मौके पर भिलाई-दुर्ग व अन्य जिलों से आए श्रद्धालु मौजूद रहें। दया सिंह ने बताया कि, बीते छह महीने से आयोजन को लेकर तैयारी चल रही थी। बाबा के दरबार में अर्जी लगाए हुए थे। अब अंततः बाबाजी का आशीर्वाद भिलाइयंस को मिलने वाला है। आने वाले एक-दो दिनों में आयोजन की व्यवस्था के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे।

ब्रम्हाकुमारी ने गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आनंद सरोवर बघेरा में अविभाजित मध्य प्रदेश के सिंचाई विभाग से चीफ इंजीनियर प्रेमप्रकाश गुप्ता आकस्मिक निधन के उपरांत श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। 12 जून 1949 को मुंगेली में जन्मे श्री गुप्ता धनेली गुप्ता परिवार के प्रथम इंजीनियर थे। छात्र जीवन से ही मेधावी छात्र थे। अविभाजित मध्य प्रदेश के सिंचाई विभाग से चीफ इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सिंचाई विभाग में कार्यरत रहते हुए पिपरिया बिलासपुर रायपुर राजनांदगाँव ज़िलों के अनेक बाँधो एवम् नहरों के निर्माण , रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे डॉ. रेखा गुप्ता पूर्व सिविल सर्जन जिला अस्पताल दुर्ग के युगल जीवन-साथी थे। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने उनके समाजसेवी व ईश्वरीय कार्य में निःस्वार्थ सहभागिता का वर्णन करते हुए बताया इस संसार में अनेक मनुष्य जन्म लेते हैं किंतु कुछ मनुष्य आत्माएं कम समय में ही अपने श्रेष्ठ कर्मों के द्वारा जगत में अपने नाम की अमिट छाप छोड़ जाते हैं वह अपने कर्मों के द्वारा दूसरों के लिए अनुकरणीय बनते हैं। वे लगभग 16 वर्षों से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के नियमित विद्यार्थी थे।

टाउनशिप के सिविल-पीएचई कार्य हेतु निविदा

■ **निर्धारित तिथियों में किसी भी परिवर्तन के संबंध में जानकारी हेतु नोटिस बोर्ड और सेल की वेबसाइट पर देख सकते हैं।**

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के संविदा प्रकोष्ठ गैर संकार्य विभाग द्वारा, भिलाई टाउनशिप नगर सेवाएं विभाग के लिए आरसी प्रस्ताव, चेप्टर-1 सिविल-पीएचई कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों को निविदा आमंत्रण सूचना जारी की गयी है। निविदा 22 जुलाई 2024 को प्रातः 11 बजे खोली जायेगी। जबकि भरी हुई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20 जुलाई मध्याह्न 1 बजे निर्धारित की गई है। अतः इच्छुक अनुभवी ठेकेदार निर्धारित तिथि पर सभी आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा हेतु सभी आवश्यक पात्रता मानदंड पूर्ण करने वाले नए इच्छुक ठेकेदार भी इसमें भाग ले सकते हैं। निविदा हेतु पात्रता मानदंड, अनुबंध की विशेष शर्तों के खंड 27 में उल्लेखित पात्रता मानदंडों के अनुसार ही मान्य होगा। प्रत्येक प्रस्ताव का मूल्यांकन, पात्रता मानदंडों की पूर्ति के लिए आवश्यक दस्तावेजों की प्रस्तुति और वैधता के अधीन ही होगी। इस निविदा के लिए कार्यपूर्णता की अवधि 24 माह निर्धारित की गयी है। निविदा दस्तावेज महाप्रबंधक प्रभारी (सीसी-एनडब्ल्यू), कक्ष क्रमांकः 517-520 इस्पात भवन इस्पात संयंत्र के कार्यालय से सभी कार्य दिवसों रविवार और अवकाश को छोड़कर सुबह 9 से शाम 05:30 बजे के बीच आवेदन जमा करके ई-मेल के माध्यम से प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्धारित तिथियों में किसी भी परिवर्तन के संबंध में जानकारी के लिए नोटिस बोर्ड और सेल की वेबसाइट पर देखें। निविदा तिथियों में परिवर्तन (निविदा बिक्री और जमा करने की अंतिम तिथि का विस्तार, और निविदा खोलने की तिथि) का विज्ञापन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जाएगा। बीएसपी प्रबंधन बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने, उपरोक्त निर्धारित तिथियों में कोई भी परिवर्तन करने या निविदा प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। निविदा हेतु पात्रता मानदंड अनुबंध की विशेष शर्तों मानदंडों अनुसार मान्य होगा।

हटाया अवैध कब्जा

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम का अतिक्रमण हटाओ मुहिम जोर पकड़ा है। सुगम यातायात तथा व्यवस्थित पार्किंग के तहत यह अभियान चल रहा है। क्षेत्र में अतिक्रमण व अवैध निर्माण करने वालों पर शिकंजा कसने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि ऐसे अनाधिकृत कार्य करने वालों पर लगाम लगायी जा सके। निर्देश के बाद सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर के नेतृत्व में राजस्व विभाग अमला द्वारा चंडी चौक के आसपास फल,सब्जी सहित ठेले खोमचे आदि दुकानों पर कार्रवाही की गई। साथ ही शराब भट्टी से जुर्माना किया। तालाब में अवैध अतिक्रमण को हटवाने की बात कही। प्रतिबंधित झिल्ली पन्नी के लिए एक हजार जुर्माना किया।

गजेन्द्र की पहल पर बंद एस्केलेटर शुरू

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के आवागमन के लिए बनाये गये एस्कलेटर बंद हो गया था। बंद एस्कलेटर की वजह से बुजुर्ग यात्रियों को परेशानी हो रही थी जिसकी जानकारी मिलने पर विधायक गजेंद्र यादव ने पहल किये और एस्कलेटर फिर से शुरू कर दिया है। गौरतलब है की रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म न 01 पर लगे एस्केलेटर में तकनीकी खराबी आने से आवागमन बंद हो गया था। इसकी वजह से बुजुर्ग एवं बीमार व्यक्ति को प्लेटफॉर्म में सीढ़ी चढ़कर जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बंद एस्कलेटर की नागरिकों से जानकारी मिलने पर श्री यादव ने संज्ञान में लिया और रेलवे स्टेशन के अधिकारियो से बात कर शीघ्र ही तकनीकी खराबी को सुधारकर शुरू करने निर्देश दिए थे, ताकि जिलेभर से ट्रेन में सफर करने के लिए आने वाले यात्रियों को कोई समस्या न हो। सुबह के समय स्टेशन में भीड़ के समय एस्कलेटर से काफी राहत मिलती है। इस दौरान पार्षद कांशीराम कोसरे, शिवेंद्र परिहार, कृष्णा निर्मलकर गुड्डू यादव, श्याम शर्मा, अनिकेत यादव रेलवे अधिकारी एलएस मुंघेरा उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

गांवों से एक मुट्ठी दान इक्ट्ठा कर करेंगे भंडारा

उतई/नवप्रदेश। बोल बम कांवर यात्रा समिति के द्वारा पाटन नगर से भ्रमण करते हुए ठकुराइन टोला के नदी स्थित शिव मंदिर में 102 गांवों से जल एकत्रित करके जलाभिषेक किया जाएगा। बोल बम कांवर यात्रा समिति के सहयोग के रूप में क्षेत्र के प्रमुख जितेंद्र वर्मा हैं। उनके नेतृत्व में गांव-गांव में एक मुट्ठी दान शंकर के नाम से जन सहयोग प्राप्त हो रहा है जिसे उपस्थित श्रद्धालु महाप्रसादी के रूप में आनंद लेंगे इस कार्यक्रम के लिए गांव गांव में बैठक लिया जा रहा है सेलूद ढौर मुड़पार महकाकला महकाखुर्द परेवाडीह फेकारी परसाही धौराभाठा परेवाडीह पतोरा चुनकट्टा गोडपेडरी छाटा में भी जन सहयोग से मुट्ठी भर अनाज एकत्रित किया जा रहा है। बैठक में हर प्रसाद आडिल दानीराम सोनबोईर रूपेश साहू रामलाल साहू रोमनाथ साहू ज्ञानेश्वर कुरे राम भरोसा साहू भोजराम यादव वैशाखूराम सिंहा संजय वर्मा दिलीप सिंहा नरेश श्रीनिवास हेमनाथ देवांगन टीकाराम देवांगन सनत वर्मा मोक्तु साहू हितेश सिन्हा राजू साहू शशिकांत देवांगन ओमप्रकाश साहू अशोक जैन आदि मौजूद थे।

रामगढ़िया सेवक सभा महिला विंग के द्वारा तिया दा मेला

रायपुर/नवप्रदेश। महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन , टाटीबंध में बड़े ही हर्ष उल्लास से पंजाबी पारंपरिक वेशभूषा में फैशन वॉक, संगीत डांस और पकवान के साथ मनाया गया। एक खास एक्ट पुरातन समय के मेहंदी-संगीत के कार्यक्रम को महिला विंग द्वारा स्टेज पर प्रस्तुत किया गया। समाज के बड़ी उम्र के लोगों ने अपना वक्त याद किया और नई पीढ़ी को गए वक्त से अवगत कराया गया। साथ शॉपिंग स्टॉल्स का भी सब ने आनंद लिया। महिला विंग के BODs हरशरण कौर, बलविंदर कौर, कुलदीप कौर, जसबीर भुई, कमलजीत कौर, संजीत कौर, बलजीत बच्चू, नरेंद्र कौर, प्रदीप कौर(अध्यक्ष), अंशु राणा, नीतू भुई, कवलजीत कौर (सोनू), जसविंदर कौर, सिमरन कौर, जीत कौर, मंजू भामरा, स्वीटी सग्गू, रूबल रिहल, मोना और रोमा विरदी के साथ बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जुनून हो तो सपने भी साकार होते है: रीबा

रायपुर/नवप्रदेश। क्राइस्टचर्च न्यूजीलैंड में कामनवेल्थ गेम्स 2024 में फेसिंग स्पर्धा में उपविजेता रही भारतीय टीम की अहम् खिलाड़ी रीबा जैकब का महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में शुक्रवार को अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रीबा ने कहा कि अपने अंदर के पसंद को, अपने सपनों को पहचानो और उसे पूरा करने के लिए पूरे जुनून के साथ जुट जाओ। सफलता हर हालत में मिलेगी।

सरेंडा में डायरिया से फिर दो ग्रामीणों की मौत

- डायरिया से हो रही ग्रामीणों की मौत, प्रशासन लीपापोती में व्यस्ता : चन्द्रवंशी
- शासन प्रशासन की नाकामी और बदइंतजामी का खामियाजा भुगत रहे हैं ग्रामीण

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चन्द्रवंशी ने जिले के विकासखण्ड बोड़ला के वनांचल ग्राम सरेंडा में डायरिया से दो ग्रामीणों की मौत की जानकारी मिलने के बाद प्रभावित ग्राम का दौरा कर वस्तु स्थिति की जानकारी ली है और ग्रामीणों से चर्चा कर प्राप्त जानकारी के आधार पर शासन-प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

भाटापारा/नवप्रदेश। नाबालिग को बहला फुसलाकर बात करने के बहाने ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले युवक को ग्रामीण पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर रिमांड में भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पटले ने बताया कि प्रार्थिया द्वारा 15.जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग लड़की 06 जुलाई को स्कूल जाने के लिए निकली थी जो वापस नही आयी, जिसका आसपास एवं रिश्तेदारो मे पता तलाश किया गया, लेकिन कोई पता नही चला। इसके बाद अगले दिन 07 जुलाई के सुबह 09.00 बजे वापस घर आ गई। जिससे पुछताछ करने पर बताई कि आरोपी मनीष द्वारा चलो तुमसे बात करनी है, इस प्रकार की बात बोलकर, बहला फुसलाकर एवं नहीं जाने पर मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी गाड़ी में बैठाकर मदकुदीप ले गया और पास के एक घर मे ले जाकर जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म किया है। उक्त रिपोर्ट पर धारा 137(2), 87, 64(1), 351(2), बीएनएस. 04, 06 पाक्सो एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण में आरोपी मनीष निवासी परसदा चौकी मारो थाना नांदघाट जिला बेमेतरा* के विरुद्ध अपराध सबुत पाये जाने से गिरफ्तार कर रिमांड में भेज दिया गया है ।

छुरा विश्राम गृह में पूर्व सांसद चुन्नीलाल का जन्मदिन मनाया गया

छुरा/नवप्रदेश। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू के जन्मदिन वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं को गमछा से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिला महामंत्री एवं सभापति थानसिंग निषाद, जनपद अध्यक्ष श्रीमती तोकेश्वरी मांझी,मानसिंग निषाद, तुलाराम साहूजी पूर्व मंडल अध्यक्ष, अजमेर खान मंडल अध्यक्ष,मनजीत सरदारजी नरोत्तम साहूजी,शंकर सेनजी बूथ अध्यक्ष, चिंताराम सिन्हा मंडल उपाध्यक्ष, धनेश विधायक प्रतिनिधि, भारत बूथ अध्यक्ष, रामरतन साह बूथ अध्यक्ष, चमन, लुकेश्वर यादव अधिवक्ता,खूबचंद चंद्राकरजी,पप्पू राजपूत ,निखिल साहू, नंदू साहू, त्रिलोक साहूजी,ब्रिजलाल ध्रुव, संतोष ध्रुव, दिनेश निषाद दुलम बाई पूर्व पार्षद, संतोषी साहू पूर्व एल्डरमैन,भगवती दिवान कन्या शक्ति संयोजिका,जुबेर खान, पत्रकार -यसवंत कुलेश्वर सिन्हा, यामिनी चंद्राकर मेशनन्दन पांडे, उज्वल जैन, रूपनाथ बंजारे और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दीपक, रामचंद्र और जानकी का हुआ सम्मान



धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्य अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर को जलजगार अभियान के तहत जलसंरक्षण, संवर्द्धन एवं वृक्षारोपण कार्य में महत्वपूर्ण सहभागिता हेतु जिलाधीश व आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा प्रमाण पत्र देकर उनका सम्मान किया गया । साथ ही विहिप के जिलामंत्री रामचन्द्र देवांगन को वृक्षारोपण एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया । उपरोक्त अवसर पर समाज सेविका जानकी गुप्ता भी उपस्थित थी उनका भी सम्मान किया गया । इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त विनय पोयाम, शशांक मिश्रा एवम गौ सेवा से मानव , चित्रेश साहू उपस्थित थे।

कर्मचारी कर रहे काली पट्टी बांधकर कार्य

छुरा/नवप्रदेश। अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले प्रदेश के 184 नगरी निकाय के कर्मचारियों ने प्रतिमाह नियमित वेतन भुगतान को लेकर काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस संबंध में संघ के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश सचिव, प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश सोनी, मुकेश तिवारी, संदीप चंद्राकर, ऋषभ ठाकुर एवं जिला के अन्य पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरी निकायों में वेतन की समस्या हमेशा बनी रहती है वर्तमान की स्थिति में लगभग सभी नगरी निकायों में विगत एक से चार माह का वेतन भुगतान हेतु लंबित है इस संबंध में ना तो निकाय ध्यान दे रहा है ना ही शासन द्वारा वेतन लंबित होने के कारण निकाय के कर्मचारियों की आर्थिक एवं मानसिक स्थिति खराब हो गई है जिसके कारण बच्चे की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है इस संबंध में बताया गया है कि वेतन समस्या का निराकरण किया जाने हेतु विभागीय संचालक, सचिव, विभागीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री को ज्ञापन पत्र प्रेषित किया गया है किंतु शासन द्वारा इस संबंध में कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है सोनी ने बताया कि वेतन न मिलने के कारण प्रदेश में चरणबध तरीके से आंदोलन किया जा रहा है 18 एवं 19 जुलाई को काली पट्टी लगाकर शासन के रवैया के कारण विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है दिनांक 22 जुलाई को प्रदेश में कलमबध हड़ताल किया जाएगा तथा दिनांक 29 जुलाई को प्रदेश के संपूर्ण नगरी निकाय के द्वारा अपने-अपने जिला स्तर में धरना प्रदर्शन करेंगे। श्री सोनी ने कहा है कि इसके पश्चात भी कर्मचारियों के मांगों के संबंध में शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं करता है तो संघ द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल एवं मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

कार्यालय नगर पंचायत छुरा में जितेंद्र पाटकर, वीरेंद्र ठाकुर, नरेश ध्रुव, कृष्ण कुमार वैष्णव, नामेश साहू एवं अन्य कर्मचारियों ने काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन किया।

कर्म से घबराओ नहीं, समझौता करो,आया है चला जाएगाः अंकित

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान विश्व शांति यज्ञ बहुत धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रातः काल 6.30 बजे श्री वासुपूज्य भगवान की प्रतिमा पनडुकशीला में विराजमान कर मंगल अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न की गई। शांति धारा का सौभाग्य अभिनंदन मोदी एवं बाबूलाल सेवंती जैन जबलपुर को प्राप्त हुआ। शांति धारा के पश्चात भगवान की मंगल आरती संपन्न हुई ।बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया के सानिध्य में सिद्ध चक्र महामंडल विधान प्रारंभ किया गया आज सभी भक्तों ने मिलकर 256 श्रीफल अर्घ समर्पित किए गए।

बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया ने बताया सब को अपने घर में यह लिखना चाहिए यह सदा नहीं रहेगा आपको याद दिलाता रहेगा आपकी संपत्ति का . कुछ भी साथ जाने वाला नहीं है।

सभी लोग धर्म कर लो और अपने कर्मों को काटकर मोक्ष गति को प्राप्त करें । कर्म का उदय किसी को नहीं छोड़ता,चाहे वह तीर्थंकर भगवन्त हो,साधु हो, या फिर साधारण मनुष्य, आपको अपने कर्मों को स्वयं भोगना पड़ेगा।

अंकित भैया ने बतलाया कि कर्म की 10 व्यवस्था है,। अच्छे कर्म और बुरे कर्म होते हैं ।पुण्य के उदय से अच्छे कर्म होने से आप भगवान भी बन सकते हैं ।पुण्य को छोड़ना नहीं पड़ता अपने आप 12वीं गुणस्थान के बाद हट जाता है। आजकल माताएं बहने परिवार बच्चों को पढ़ाई ,पढ़ाई, करते रहते हैं,लेकिन पढ़ाई के साथ व्यवहारिक ज्ञान होना भी अत्यंत आवश्यक है। बुरे कर्म पाप के उदय से धनपति सेठ की भरी तिजोरी कैथ की तरह खाली हो जाती है, पता भी नहीं चलता, और पुण्य का उदय आता है ,तो वही तिजोरी भर जाती है।

बांधा तालाब में रिटेनिग वाल का निर्माण, परसट्टी गांव की धरोहर

धमतरी/नवप्रदेश। कुरुद के ग्राम पंचायत परसट्टी में बांधा तालाब नवीनीकरण सह रिटर्निंग वाल का निर्माण किया गया है। भू-जल स्तर में वृद्धि के साथ किसानों को सिंचाई सुविधा हेतु पानी मिल ही जाता है। स्थानीय मछुआरा समूह को मछली पालन एवं सिंघाड़े की खेती हेतु लीज पर दिया गया, ताकि समूह आजीविका के प्रति आत्मनिर्भर बन सके।

ग्राम पंचायत परसट्टी में बांधा तालाब का निर्माण वर्ष 2024-25 में किया गया। इसके लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत राशि 9 लाख 73 हजार रूपये की स्वीकृति दी गई। 20 एकड़ क्षेत्र में फैले बांधा तालाब को चारों ओर से पींचिंग कर सुदृढ़ और मजबूत बना दिया गया। आजकल सिंचाई एवं जल संरक्षण के कार्यो के लिए विभिन्न परियोजनाएं संचालित है। शासन स्तर से पंचायत एवं ग्रामीणजनों को पारम्परिक जल स्रोत को संरक्षित करने आह्वान किया जा रहा है। परसट्टी का बांधा तालाब जल संरक्षण की दिशा में कारगर साबित हो रहा है। घटते जल स्तर के बावजूद भीषण गर्मी में ग्रामीणों को निस्तार सुविधा सहित संकट से मुक्ति दिलाया है। बांधा तालाब गांव की धरोहर है। आज पंचायत में इस धरोहर को सहेजने की जरूरत है। नमी के कारण जल स्तर में स्थिरता रहेगी वहीं हेडपंप, कुंआ धरातल पर दिखाई देगी।

इस संबंध में ग्राम पंचायत सरपंच कुबेर सिंह ध्रुव ने बताया कि- ग्रामीणजनों की निस्तारी सुविधा, जमीन की नमी को सहेजने सहित पर्यावरणीय संरक्षण के लिए बांधा तालाब का निर्माण सकारात्मक सोच का प्रतिफल है। निकट भविष्य में मछली पालन, मखाना, कमल जैसे उत्पादों के उगाने की संभावना आर्थिक दृष्टि से बढ़ जाती है। रोजगार सहायक यादेश्वर साहू ने बताया कि-बांधा तालाब वर्तमान समय की आवश्यकता से अवगत कराता है। हमें जल की एक एक बूंद को बचाना होगा। जल संकट की गंभीरता को देखते हुए जल संरक्षण के लिए तालाब का होना निहायत जरूरी है तभी जलस्त्रोत से आसपास की भूमि में नमी रहेगी। ग्रामीणों द्वारा ग्रामीण विकास समिति के श्री चन्द्रशेखर साहू, लाला राम साहू, रोहित तारक, भूषण तारक, कन्हैया तारक, देवेन्द्र साहू, वामन साहू को मछली पालन हेतु लीज पर दिया गया है। बांधा तालाब में प्रथम बार 1000 किलोग्राम के मछली उत्पादन से आर्थिक रूप से सम्मुन्नत हुए हैं।

विहिप बजरंग दल ने किया बैस का सम्मान

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के जिला कार्य अध्यक्ष दीपक सिंह प्रखण्ड अध्यक्ष गौरव जैन एवं गोपाल साहू द्वारा भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस से भेंट कर उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया गया । जिले में बढ़ रहे आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करने हेतु और समाज को मानवीय मूल्यों को समझाने हेतु विस्तार से चर्चा की गई। दीपक सिंह ठाकुर ने उनसे आग्रह किया कि वर्तमान समय को देखते हुए समाज से दूरी बना चुके बच्चों को जो नशे के आदि हो चुके हैं उन्हें पुनः शालाओं की ओर भेजने की आवश्यकता है ।

कई मेडिकल स्टोर्स पर नोकार्ड टीम ने मारा छापा

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भाटापारा नितिन तिवारी के मार्गदर्शन मे नशीली दवाओं के अवैध विक्रय मे रोक लगने के लिए बनी नोकार्ड टीम के द्वारा भाटापारा शहर मे स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का जाँच किया गया। निरीक्षण के पूर्व एक व्यक्ति को डमी कॉस्टमर बना कर टेस्ट परचेस कराया गया जिसमें मेडिकल स्टोर्स से अवैध विक्रय नहीं पाया गया। निरीक्षण किये गए मेडिकल स्टोर्स को दवाइयों के क्रय विक्रय रिकॉर्ड का सत्यापन करने के निर्देश दिया गया। रिकॉर्ड मेल नहीं होने पर औषधि एवं प्रसाधन समाग्री अधिनियम 1940 के तहत कार्यवाही किया जाइएगा। भाटापारा शहर के मनोहर मेडिकल स्टोर्स,भारत मेडिकल स्टोर्स, चावला मेडिकल स्टोरर्स, ओम मेडिकल स्टोर्स, अंकित मेडिकल स्टोर्स, श्री साईं मेडिकल स्टोर्स, श्री विनायक मेडिकज़ की जाँच किया गया। निरिक्षण दल मे किशोर ठाकुर औषधि निरिक्षक, थाना प्रभारी भाटापारा शहर परिवेश तिवारी, शिव नारायण आदि थे।

बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण महोत्सव, होगा विशेष श्रृंगार

धमतरी/नवप्रदेश। श्री बूढ़ेश्वर महादेव ट्रस्ट एवं बूढ़ेश्वर महादेव मित्र मंडल व्दारा ईतवारी बाजार स्थित बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. इसी के तहत 22 जुलाई प्रथम सोमवार को बूढ़ेश्वर महादेव का भव्य फूलों से श्रृंगार, आरती पश्चात भक्तों को फलाहारी प्रसाद का वितरण किया जाएगा। .व्दितीय सावन सोमवार 29 जुलाई, तृतीय सावन सोमवार 5 अगस्त को भी बाबा का विशेष श्रृंगार पश्चात प्रसादी वितरण होगा. तृतीय सोमवार 5 अगस्त को शिव-पार्वती विवाह आयोजन भी होगा. वहीं चतुर्थ सोमवार 12 अगस्त को विशेष श्रृंगार, 56 भोग प्रसादी भोग लगाया जाएगा. इसी दिन रात्रि 8.30 बजे से तराना म्यूजिकल्स ग्रुप धमतरी, रायपुर व्दारा भजन संध्या की प्रस्तुति होगी. 19 अगस्त पंचम सोमवार को भव्य श्रृंगार, रक्षाबंधन, श्रृंगार दर्शन, विशेष प्रसादी के बाद सावन पूर्णिमा, रक्षाबंधन के साथ श्रावण महोत्सव का समापन होगा.

वहीं बोलबम कांवरिया कल्याण संघ व्दारा शिव महापुराण कथा का आयोजन 22 जुलाई से होगा। जिसके कथावाचक पं. हरिशरण वैष्णव होंगे. कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 तक होगी. बोलबम कांवरिया कल्याण संघ व्दारा सावन के प्रत्येक सोमवार को प्रातः 6.30 बजे रूद्री महानदी घाट पर गंगा आरती के पश्चात कांवर यात्रा का का आयोजन किया जाएगा जिसमें महानदी का जल लेकर शहर के प्रमुख शिवालयों में बाबा भोले का जलाभिषेक किया जाएगा अंतिम दिन 17 अगस्त शनिवार को शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा 18 अगस्त दिन रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा.

मधु कलश साहित्य परिषद की पावस काव्य गोष्ठी आयोजित

पलारी/नवप्रदेश। मधु कलश साहित्य परिषद कोसरंगी (खरोरा) के तत्वावधान में ग्राम कोसरंगी में विगत दिनों पावस काव्य गोष्ठी हुआ। जिसमें मधु कलश साहित्य परिषद÷ ने अतिथियों की आरती उतारकर, पुष्प गुच्छ भेंट कर ,माथे पर टीका लगाकर, अतिथियों का स्वागत किया। समस्त अतिथियों ने माँ वीणापाणि की पूजा की।

मनीराम तुरकाने संकुल समन्वयक तेलासी ने माँ सरस्वती की वंदना की गई। अतिथियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।जुगेश चंद्र दास ने अतिथियों का आपके आने से काव्य पाठ कर किया। कविता क्या है? कुछ दोहों से सार्थक एवं सारगर्भित उद्देश्यों की प्रस्तुति की। साहित्यकार अपनी लेखनी को राष्ट्र एवं समाज के लिए समर्पित करते हैं। साहित्यकार राष्ट्र चिंतक हैं एवं अपनी लेखनी को शस्त्र बनाकर कुरीति, अनीति, अन्याय और अत्याचार पर आघात करते हैं।

मुख्य अतिथि सुधीर आचार्य ने भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य गोपत राम टंडन ने सभापति के रूप में ÷जर गे मँझनिया के घाम म, डोंगरी तरी पानी बरसा दे गीत प्ररस्तुत किया। हरमन बघेल व्याख्याता आरंग ने आशियाना दिए ईश्वर, कवि ईश्वर जोशी ने व्यंग्य रिश्वत का पाठ किया। गजलकार पूरन जायसवाल ने आ जा घटा साँवरे, आ जा मेरे गाँव रे गीत, युवा गजलकार अशोक दास ने बच्चों से रोटी जब मिलने लगे, माँ-बाप चुप रहने लगे, कवि खेमचंद कुर्रे ने झनझनहीन बाई हास्य कविता पढ़ी. मनीराम तुरकाने के गीतों में खेत खार सुन्ना होगे नई गिरत हे पानी से वर्तमान में किसानों की व्यथा प्रस्तुत की। छंदकार मोहनलाल वर्मा छत्तीसगढ़ी में हरिगीतिका छंद आ जा लौट के गाँव मा, गजलकार ताहिर अली खान ने प्यार से प्यार का सामान बनाया जाए जो मुश्किल हो उसे आसान बनाया जाए, राष्ट्रीय कवि डॉक्टर कृष्ण कुमार वर्मा ने हास्य व्यंग्य रचना, जितेंद्र निर्मलकर के निराले अंदाज ने सबको हँसाया, संतोष धीवर ने पावस के उमंग, चंद्रहास सेन प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला परसकोल ने सबको आनंद विभोर कर दिया। नवोदित कवि दिनेश कुमार वर्मा का मुक्तक अति ही रोचक रहा। हरेंद्र कुमार साहू संकुल समन्वयक बनरसी आरंग ने मैं टिका हुआ हूँ काव्य का सरस काव्य पाठ कर सभा में समा बाँध दिया। बुजुर्ग कवि सुखीराम साहू ने वृद्धावस्था, पर छत्तीसगढ़ी कविता से सबको मंत्रमुग्ध किया। जुगेश चंद्र दास ने मंच का संचालन करते हुए अनेक छंद का पाठ कर गोष्ठी को छंदमय बनाया और पावस काव्य गोष्ठी को सफलता के शिखर तक पहुँचाया। सुधीर आचार्य मुख्य अतिथि के उद्बोधन एवं मधु कलश साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष चंद्रहास सेन ने सभी कवियों का आभार व्यक्त किया। युवा कवि अशोक कुमार दास के अथक प्रयास से गोष्ठी सफल हुआ।

निरीक्षण | आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था व पर्यटकों की सुविधाओं का लिया जायजा

रिमझिम बारिश में कलेक्टर- एसपी ने चिंगरापगार जलप्रपात स्थल पहुंचे

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्राकृतिक और वनांचल क्षेत्रों से आच्छादित गरियाबंद जिले के राजिम गरियाबंद मार्ग स्थित बारूका गांव में चिंगरापगार जलप्रपात पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध है। जलप्रपात को पर्यटकों की सुविधा के लिए व्यवस्थित करने, आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने तथा प्राकृतिक स्थल में स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने चिंगरा पगार जलप्रपात स्थल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रिमझिम बारिश के बीच वहां आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था एवं पर्यटकों की सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने पर्यटन स्थल को प्राकृतिक रूप में रखने, दूषित नहीं करने एवं साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के मौसम में जलप्रपात स्थल में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटकों की गाड़ियों के लिए व्यवस्थित पार्किंग, चेंजिंग रूम, नदी के दोनों किनारे रस्सी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटकों से अधिक जल भराव की स्थिति एवं पत्थरों से सावधानी बरतने की भी अपील की। इस दौरान वन मंडलाधिकारी लक्ष्मण सिंह, अतरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चंद्राकर, एसडीएम विशाल महाराणा, डीएसपी निशा सिन्हा एसडीओ मनोज चंद्राकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

स्वच्छ रखने में निभाएं भागीदारी:

स्थल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि प्राकृतिक स्थलों एवं पर्यटन स्थलों को सुरक्षित एवं स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। प्रकृति द्वारा दिए गए चीजों का सदुपयोग करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने, उन्हें प्राकृतिक रूप से संरक्षित रखने और पर्यावरण जागरूकता में भागीदारी निभाने की अपील लोगों से की। इस दौरान उन्होंने पर्यटकों की सुविधाओं के विस्तार के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही पर्यटन स्थल में कचरा नहीं फैलाने से संबंधित सूचना बोर्ड भी लगाने के निर्देश दिए।

61 वां निःशुल्क विकलांग शल्य शिविर 3 को

■ **जिला अस्पताल बिलासपुर में होगा शिविर**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर द्वारा आगामी शनिवार 3 अगस्त को सुबह 9 बजे से जिला अस्पताल पुराना बस स्टैंड बिलासपुर में 61 वें निःशुल्क विकलांग शल्य शिविर का आयोजन अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर, जिला प्रशासन, समाज कल्याण विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल एवं जिला पुनर्वास केंद्र बिलासपुर के सहयोग से किया जा रहा है।

यह जानकारी अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के मदन मोहन अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल राजू, जिला महामंत्री पवन लोहिया ने बताया कि 3 अगस्त की सुबह 9 बजे से आयोजित विकलांग शल्य शिविर में लाभ लेने के इच्छुक दिव्यांग अपना अग्रिम पंजीयन करवा सकते हैं, तथा इस शिविर आने वाले दिव्यांगों की जांच, चयन, पैथोलॉजी जांच, भर्ती, शल्य क्रिया पूर्व की तैयारी एवं कैलिपर्स की नाप ली जाएगी। 4 एवं 5 अगस्त को उद्घाटन समारोह के साथ ही शल्य क्रिया एवं प्लास्टर का कार्य होगा।

4 से 10 अगस्त तक अवलोकन एवं उपचार प्रतिवेदन, 11 अगस्त को सुझाव एवं दवा के साथ डिस्चार्ज सुबह 10 बजे तक, 13 अगस्त को सुबह पुन जांच, प्लास्टर निकालना, कैलिपर्स देना एवं समापन शाम 5 बजे होगा।

न्यूज गैलरी

रायगढ़ जिले में अब तक 329.1 मिमी बारिश

रायगढ़/नवप्रदेश। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 18 जुलाई तक 329.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 383.2 मिली मीटर, पुसौर में 390, खरसिया में 279.6, घरघोड़ा में 353.7, तमनार में 275.7, लैलूंगा में 291.1, मुकडेगा में 360.4, धरमजयगढ़ में 256, छाल में 345.7 एवं कापू में 354.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

23 अगस्त तक जिलेभर में चलेगा टीकाकरण अभियान

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में 23 अगस्त 2024 तक शिशु संरक्षण माह मनाया जाएगा। इस अभियान के दौरान जिले के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गर्भवती माताओं और बच्चों को टीकाकृत किया जाएगा और 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की दवा दी जाएगी। इसके अलावा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आईएफए सिरप पिलाया जाएगा। विटामिन ए की नियमित खुराक प्रत्येक छः माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण, बुखार और कुपोषण की संभावना कम हो जाती है।

5 लीटर पेट्रोल चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक 30 बाजीराव पारा में रहने वाले अमित पांडे द्वारा उसके घर के पास खड़ी उसकी पल्सर से रात्रि अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक के पेट्रोल पाइप को काटकर करीब 5 लीटर पेट्रोल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उनके घर के बाहर लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक करने पर चोर की तस्वीरें कैपचर हुई जिसे व्हाटसअप ग्रुप में शेयर करने पर आरोपी दरोगापारा के रोशन शर्मा होने का पता चला, रिपोर्ट पर आरोपी रोशन शर्मा के विरुद्ध थाना जूटमिल में अपराध क्रमांक 330/2024 धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में दिया गया ।

डायरिया प्रभावित मुंहडबरी पहुंचे अपर कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ **डायरिया रोकथाम के लिए जन जागरूकता और प्रचार-प्रसार के निर्देश**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिले के मुहडबरी मे डायरिया के दर्जन भर मरीज मिलने के बाद अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने स्वास्थ्य और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ गांव का भ्रमण किया और डायरिया प्रभावित इलाके मे जाकर मौके पर ही कारणो की जांच की । अपर कलेक्टर पटेल ने इस दौरान डायरिया रोकने अधिकारियों को जन जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर घरों में साफ-सफाई रखने, पानी उबाल कर पीने तथा घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देने की अपील की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम मुंहडबरी में लगाए गए कैप के स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा कर सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डायरिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ अमले को सतर्क रह कर 24 घण्टे मरीजों का इलाज करने एवं अधिक से अधिक संख्या में अधिकारी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने , चिकित्सकों को उनका बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ विभाग को घर-घर जाकर मरीजों का सर्वे करने और गंभीर मरीजो को सिविल अस्पताल भेजने के निर्देश दिए है। अपर कलेक्टर पटेल ने इस दौरान पीएचई विभाग के अधिकारियो को जल स्त्रोत की जाँच करने , नालियो की साफ सफाई करने के निर्देश देते गांव के सभी हैंडपंपों में क्लोरीन की दवाई डालने , नालियों में ब्लीचिंग पावडर के छिड़काव के निर्देश दिए । इस दौरान एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू, जनपद सीईओ शिशिर शर्मा, बीएमओ डॉ विवेक बिसेन सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

दूसरे दिन मिली राहत

मुहडबरी मे डायरिया की रोकथाम मे स्वास्थय अमले को सफलता मिली है । बुधवार को दोपहर से देररात तक दर्जन भर ग्रामीण डायरिया से प्रभावित हूए थे । बुधवार को ही गांव मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैंप लगाकर ग्रामीणों की जांच, दवाई वितरण, घोल दिए जाने , दूषित हैंडपंप का पानी उपयोग नही करने की हिदायत के बाद गूरूवार को कोई नया मामला सामने नही आया । इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने भी गांव पहुँच कर स्वास्थय अमले को बेहतर कार्यवाही के निर्देश दिए थे ।

नैला हाईस्कूल की जमीन से हटाया अवैध कब्जा

जांजगीर/नवप्रदेश। नगर पालिका जांजगीर-नैला क्षेत्र में अवैध कब्जा मकान, दुकान बनाने का सीलसील थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को ऐसे ही स्कूल की जमीन में अवैध कब्जा कर मकान बनाने वाले लोगों के खिलाफ नगर पालिका व राजस्व की टीम ने कार्रवाई की है। टीम ने अवैध रूप से बने मकान को तोड़ दिया।

कब्जा कर मकान बनाने के लिए जमीन घेरने वाले लोगों को समझाइश दी है। नगर पालिका सीएमओ प्रहलाद पाण्डेय ने बताया कि नगर पालिका को नैला में हाई स्कूल से लगे कई जगह में अवैध बेजा कब्जे करने की शिकायत मिली थी। शिकायत पर अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। नगर पालिका एवं राजस्व विभाग पुलिस विभाग की मदद से अवैध कब्जा हटाया गया है। साथ ही नैला हाई स्कूल के आस-पास बड़ी संख्या में अवैध निर्माण हो रहे थे। उन निर्माण पर भी तत्काल रोक लगा दी गई है। स्कूल के मैदान पर कई अवैध कब्जा करने वाले लोगों को पूर्व में नोटिस व समझाइश भी दी गई थी।

गुमगरा जंगल में काट दिए सैकड़ों बांस, तस्कर फरार

लखनपुर/नवप्रदेश। जहां सरकार पर्यावरण सुरक्षा को लेकर फिक्रमंद हैं। पेड़ लगाने अपील पर अपील कर रही है। एक पेड़ मां के नाम मुहिम चला कर पेड़ लगाने प्रेरित कर रही है। वहीं कुछ खुदगर्ज लोग अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए पर्यावरण को आघात पहुचाते हुये हरे-भरे दरख्तों की बलि चढ़ा रहे हैं।

इसी कड़ी में वन परिक्षेत्र लखनपुरके गुमगराकला बीट क्रमांक 2250 में तस्करों द्वारा सैकड़ों बास पेड़ काट दिये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार कटकोना चौक के पास ग्राम बिनकरा निवासी जगत नामक व्यक्ति द्वारा गैर कानूनी तरीके से वनखंड से बांसो को कटवा कर बिचौलियों के हाथ बेचने के फिराक में था इतिफाक से ग्रामीणो को इस बात की भनक लगी। बड़ी मात्रा में बांस का अवैध कटाई कर रात के अंधेरे में बेचने का उपक्रम किया जा रहा है। यह बात भी सामने आ रही है कि एक या दो ट्रैक्टर तकरीबन 100 से अधिक बांस को बेचा जा चुका है। तथा मौके पर 43 नग बांस जप्त किया गया है।

युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

जांजगीर/नवप्रदेश। जिले में युवक ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण फिलहाल अज्ञात है। युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। घटना नैला चौकी उप थाना क्षेत्र के कापन गांव की है। जानकारी के मुताबिक, युवक का नाम प्रकाश कश्यप (28) है। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि युवक प्रकाश कश्यप की अभी 4 महीने पहले ही शादी हुई थी। 3 दिन पहले वह अपनी पत्नी से मिलने रायगढ़ गया हुआ था।

खेल अकादमी रायपुर के लिए चयनित हुईं कस्तूरबा की छात्राएं

लखनपुर/नवप्रदेश। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रजपुरी कला लखनपुर की चार छात्राएं अनीता प्रजापति ,बबली राजवाड़े, प्रियांशी महंत ,एवं विनीता एक्का तथा अंबिकापुर कस्तूरबा की मरियम केरकेट्टा , अनुष्का टोप्पो एवं करिश्मा एक्का तीन छात्राओं का चयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गतआवासीय तीरंदाजी खेल अकादमी रायपुर के लिए हुआ है ।इन छात्रों ने चयन प्रक्रिया के लिए आयोजित राज्य स्तरीय चयन ट्रायल के दौरान बिलासपुर और रायपुर दोनों ही जगह चयन हेतु ट्रायल में भाग लिया था। जिसमें अंबिकापुर एवं लखनपुर की कुल सात छात्राएं रायपुर खेल अकादमी के लिए चयनित हुई। जो कि पूरे कस्तूरबा परिवार तथा सरगुजा जिले के लिए गौरव की बात है ।इस उपलब्धि पर रायपुर जाने से सभी छात्राएं आदरणीय कलेक्टर भोस्कर विलास संदीपान सर से मुलाकात कर की। कलेक्टर सर द्वारा बच्चों की उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की लिए बच्चों को शुभकामनाएं दिए।बच्चों को भविष्य में भी अच्छे प्रदर्शन हेतू प्रोत्साहित करते हुए उनके शानदार सफलता पर जाने से पहले लंच की व्यवस्था सरगवा पैलेस में कराई ।सभी छात्राओं ने इस अवसर का भरपूर आनंद उठाया एवं कलेक्टर महोदय को धन्यवाद दिया । छात्राओ के 12वीं तक की पढ़ाई एवं खेल की सारी व्यवस्था खेल अकादमी के द्वारा की जाएगी। जहां बच्चे अपने सुनहरे भविष्य के सपने को पूरा कर सकेंगे। इस अवसर पर छात्राओं के साथ समग्र शिक्षा डीएमसी श्री रविशंकर तिवारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग से सहायक संचालक राम कुमार सिंह ,जिला खेल अधिकारी श्री देवेंद्र सिन्हा तथा कस्तूरबा लखनपुर अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह एवं अंबिकापुर अधीक्षिका श्रीमती गुलाब खेस उपस्थिति रही।

ईडब्ल्यूएस को 10 फीसदी आरक्षण छग में लागू करने की मांग विस सत्र में उठाएं

सीपत/नवप्रदेश। केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए प्रदत्त 10 प्रतिशत आरक्षण (ईडब्लूएस) को केंद्र एवं अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी लागू करने के प्रश्न को विधानसभा सत्र के दौरान उठाने की मांग को लेकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिति के सदस्यों ने राजपूत क्षत्रिय महासभा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष नीरज सिंह क्षत्रिय के नेतृत्व में बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल एवं बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से मुलाकात की।

इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग संघर्ष समिती के सदस्यों ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 12 जनवरी 2019 को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को संविधान के मौलिक अधिकार खंड के अनुच्छेद 15 एवं 16 में संशोधन कर शैक्षणिक संस्थाओं एवं शासकीय सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है, जिसका मूल उद्देश्य सामान्य वर्ग के अंतर्गत आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर एवं गरीब वर्ग को अवसर की समानता प्रदान करना है। कार्यकर्ताओं ने आगे बताया कि देश के ज्यादातर राज्यों में इसे लागू किए 5 वर्ष से अधिक समय हो गया है लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य में यह अब तक लागू नहीं किया गया है, जिसके कारण राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों एवं अभ्यार्थियों को नौकरियों में इसका लाभ अब तक नहीं मिल पाया है।

स्वास्थ्य शिविर में 650 छात्र-छात्राओं की जांच

स्वास्थ्य परीक्षण के साथ मौसमी बीमारियों से बचने के उपायों की दी जानकारी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.एन. गुप्ता के मार्गदर्शन में अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में 15 जुलाई से शहरी क्षेत्र में संचालित छात्रावासों में शहरी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) द्वारा लगातार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य जांच जैसे डायरिया, मलेरिया, सिकलिंग, टीबी, एचबी आदि एवं सामान्य बीमारियों का इलाज कर निःशुल्क दवा वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय एवं सर्पदंश से बचाव की जानकारी, स्वच्छ पेयजल एवं पानी उबालकर पीने के सम्बंध में जागरूकता फैलाई जा रही है।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 13078

वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446N00994 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती MS SUN AND SUN INFRAMETRIC PVT LTD पिता/पति श्री --- के नाम से दर्ज है, जिसको श्री ANISH KUMAR GUPTA पिता S/O LT. J.P. GUPTA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 13066

वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR651J00971 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती USHA SHARMA पिता/पति श्री RAVI SHARMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री RAJESH PAUL पिता S/O LT. SHRI R.D. PAUL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रमांक-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
Email: rmczone10@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र. 13070

वार्ड का नाम- 53- बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR446J01589 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती DISHA PANJWANI पिता/पति श्री NARESH PANHWANI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री PURUSHOTTAM BHAI CHANIYARA पिता S/O SHRI THAKARSHI BHAI CHANIYARA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, दान पत्र, **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे,

श्री दिनेश कोसरिया
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार
-: भवन/भूमि दावा आपत्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमलेश्वर नगरीय सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 स्थित भवन ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर जैसमीन नं. 1/201 फ्लैट नं. 201 जो कि नगर पालिका परिषद के डिमांड पंजी में श्री स्व. आशीष कुमार भार्गव पिता अशोक कुमार भार्गव के नाम पर दर्ज है। जिसका मृत्यु के उपरांत श्रीमती दीपा भार्गव पति श्री आशीष कुमार भार्गव द्वारा बैनामा प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगर पालिका की डिमांड पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्संबंध में प्रकाशक/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा एवं आवेदक जिसको श्रीमती दीपा भार्गव पति स्व. आशीष कुमार भार्गव के नाम से दर्ज किया जावेगा। सूचनार्थ प्रकाशन किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

ईश्तहार
-: भवन/भूमि दावा आपत्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमलेश्वर नगरीय सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 स्थित भवन ग्रीन अर्थ सिटी अमलेश्वर जैसमीन नं. 03 फ्लैट नं. 104 जो कि नगर पालिका परिषद के डिमांड पंजी में स्व. मनीष कुमार कश्यप पिता पुनाराम कश्यप के नाम पर दर्ज है। जिसका मृत्यु के उपरान्त श्रीमती दीपा कश्यप पति स्व. मनीष कुमार कश्यप द्वारा बैनामा प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगर पालिका की डिमांड पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्संबंध में प्रकाशक/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा एवं आवेदक जिसको श्रीमती दीपा कश्यप पति स्व. मनीष कुमार कश्यप के नाम से दर्ज किया जावेगा। सूचनार्थ प्रकाशन किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

ईश्तहार
-: भवन/भूमि दावा आपत्ति :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अमलेश्वर नगरीय सीमा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 स्थित भवन ग्रीन अर्थ सिटी जैसमीन नं. 03 फ्लैट नं. 110 है जो कि नगर पालिका परिषद के डिमांड पंजी में श्री स्व. रेवत रमण चन्द्रकर पिता स्व. लीलाधर चन्द्रकर के नाम पर दर्ज है। जिसका मृत्यु के पश्चात श्रीमती गितांजलि चन्द्राकर पति श्री रेवती रमन चन्द्राकर द्वारा बैनामा प्राप्त कर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

छ.ग. नगर पालिका अधिनियम 1961 धारा 150 अंतर्गत नगर पालिका की डिमांड पंजी में स्वामित्व के रूप में नामांतरण हेतु संबंधित प्रकाशन दिनांक से 30 दिन के भीतर लिखित आपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं, तत्संबंध में प्रकाशक/ मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा विचार किया जा सकता है प्रकाशन के समयावधि पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा एवं आवेदक जिसको श्रीमती गिताजंलि चन्द्राकर पति स्व. रेवती रमन चन्द्राकर के नाम से दर्ज किया जावेगा। सूचनार्थ प्रकाशन किया जाता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद अमलेश्वर

जिला हाथकरघा कार्यालय
संयुक्त जिला कार्यालय परिसर कक्ष क्रमांक 10/1, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
फोन नं. 07744-299718, ईमेल- rajnandgaonadh@gmail.com
क्रमांक/हा./विज्ञापन/निविदा/ 2024-25/436 राजनांदगांव, दिनांक 18.07.2024

उप संचालक, जिला हाथकरघा कार्यालय, राजनांदगांव, संयुक्त जिला कार्यालय परिसर कक्ष क्रमांक 10/1, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा जिला राजनांदगांव/कवर्धा/ खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई/मोहला -मानपुर-अं. चौकी जिले की बुनकर सहकारी समितियों को लगने वाले एवं उनके द्वारा क्रय किए जाने वाले करघा तथा सहायक उपकरण के लिए एकीकृत आधार पर न्यूनतम दर प्राप्त करने के लिए हाथकरघा फ्रेमलूम (लकड़ी तथा लोहे के) एवं सहायक उपकरण सामग्री निर्माताओं/आपूर्ति कर्ताओं से मुहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है, पारित निविदा दरें स्वीकृत दिनांक से एक वर्ष के लिए मान्य रहेगी। करघा/ सहायक उपकरण हेतु विवरण तथा शर्तों सहित निविदा फार्म अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना प्रकाशन दिनांक 22.07.2024 से दिनांक 08.08.2024 शाम 5.00 बजे तक कार्यालयीन अवधि में राशि 1000/- रुपए नगद जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदाकार मुहरबंद लिफाफे में अपनी निविदा दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में पंजीकृत डाक से जमा कर सकेंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 13.08.2024 को दोपहर 03.00 बजे खोली जावेगी, निविदाकार चाहे तो उपस्थित रह सकते हैं।

उप संचालक हाथकरघा
राजनांदगांव (छ.ग.)
जी-242501212/2

कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 2 (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
(प्रथम आमंत्रण)
दिनांक 15.07.2024

निम्नांकित कार्यों हेतु आनलाईन निविदा ''डी'' श्रेणी एवं अधिक श्रेणी के ठेकेदारों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। आनलाईन निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 05.08.2024 है।

एनआईटी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO.278 Tender No.156059	जिल धमतरी के धमतरी अनुसूचित अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्गों एवं ग्रामीण मार्गों का बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।	रु. 79.96 लाख
NIT NO.279 Tender No.156060	जिला धमतरी के धमतरी अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न राज्य मार्गों में बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।	रु. 79.96 लाख
NIT NO.280 Tender No.156061	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत कसडोल बल्दाकछार सिरपुर मार्ग (एम.डी.आर.) कुल लंबाई 35.00 कि.मी. (मरम्मत कार्य लं. 20.00 कि.मी.) डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य।	रु. 67.07 लाख
NIT NO.281 Tender No.156063	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत कसलोड पिथौरा मार्ग (राज्य मार्ग क्र.-14) कुल लंबाई 41.50 कि.मी. (मरम्मत कार्य 27.20)। डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच रिपेयर का कार्य।	रु.87.27 लाख
NIT NO.282 Tender No.156064	कसडोल अनुविभाग अंतर्गत महाराजी बया मार्ग (व्ही.आर.) कुल लं. 32.80 कि.मी. (मरम्मत कार्य 5/2 से 33/8= 28.80 कि.मी. डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 75.00 लाख
NIT NO.283 Tender No.156065	जिला धमतरी के नगरी अनुविभाग अंतर्गत विभिन्न मुख्य जिला मार्ग एवं ग्रामीण मार्गों में वार्षिक संधारण कार्य अंतर्गत बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	रू. 77.27 लाख
NIT NO.284 Tender No.156066	गरियाबंद अनुविभागग क्र. 1 के अंतर्गत उपखण्ड क्र.-1 के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 45.00 लाख
NIT NO.285 Tender No.156067	गरियाबंद अनुविभागीय क्र.1 के अंतर्गत उपखण्ड क्र.-2 के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 45.00 लाख
NIT NO.286 Tender No.156068	राजिम अनुविभाग के अंतर्गत उपखंड पाण्डुका एवं छुरा के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत का कार्य।	रु. 99.00 लाख

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रु. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र एवं न्यूनतम राशि रु. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर एनेक्जर -3 का शपथ पत्र बिडकेपेसीटी उपलब्धता बाबत जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 के संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।

निविदा में होने वाले समस्त संशोधनों का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्र. 2 (छ.ग.)
जी-242501137/4
Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह

कार्यालय, सेनानी 14वीं वाहिनी (भा/र) छ.ग. बल धनोरा, जिला-बालोद (छ.ग.)
क्रमांक 14वीं वाहिनी/भा.र./छ.स.बल/धनोरा/सा.अ./309-A/2024 दिनांक 18.07.2024

-:: निविदा विज्ञप्ति ::-

सेनानी 14 वीं वाहिनी (भा/र) छसबल मुख्यालय धनोरा जिला बालोद (छ.ग.) में पीसीएण्डआर मद के अंतर्गत निम्न निर्माण कार्य के लिए सेनानी 14वीं वाहिनी की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल वीड एवं लिफाफा 'ब' में फायनेंसियल बीड) निर्माण एवं कार्य बाबत मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/ पता का लेख किया जाना आवश्यक है।

क्र.	विवरण	अनुमानित राशि लाख में	सुरक्षा निधि
01	स्नानागार एवं शौचालय निर्माण कार्य	13,14,000/-	39,420/-

01. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 05.08.2024 को समय 17:00 बजे तक,
02. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 06.08.2024 को समय 15:00 बजे तक,
03. निविदा खोलने की तिथि - 06.08.2024 को समय 16:00 बजे,

नोट :- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु राशि 1,000/-रु. का चालान, ''**लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलियिनस रिसिप्ट**'' के अंतर्गत सेनानी 14 वीं वाहिनी (भा/र) छ.स.बल धनोरा, जिला-बालोद (छ.ग.) के नाम से स्वीकार्य होगा। निर्माण कार्य हेतु नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ देय होगा।

14वीं वाहिनी (भा/र) छ.स. बल
धनोरा, जिला-बालोद (छ.ग.)
जी-242501196/3

Public Works Department
Office of The Superritanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.01, Raipur (C.G)
REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)
(1st Call)
No 02 Raipur/2024-25 Raipur, Dated 19.07.2024

Public Workes Department (PWD) invites proposal for Planning Design, Estmation and related services for the work
भारत सरकार की खेलों इंडिया योजना के तहत विकासखंड तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर में मल्टीपरपस हाल निर्माण का प्रस्ताव बाबत।
Sintutes at Raipur
Probable cost of project Rs.750.00 Lakh.
Minimum eligibility for partivipants shall be as bekiw:-

S.N.	Building project cost	The applicant Firmw, Firms Forming Joini Vanture/consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure 1 Favor of Executive Engineer, PWD Vidhansabha Division, Raipur
1	For project cost Between 1 to 10 Crore	Empanelled as architeet in Class "D" & Above Class in C.G. PWD	Rs.3,000=00

General conditon :- All the documents & Information as per para 6.4, Shall be submittied through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or bedore dated 08.08.2024 by 17.30 hours, Any documents recived after the date and time will not be enterained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ form where it can be downloaded for submission. CGPWD resrves the right to reject all or any fo the applocation without assigning any reason . Right to modiry the process of Pre-qualication is reserved with C.G.P.W.D.

Superintending Engineer
Puplic Works Department
Raipur Circle No.-1 Raipur
G-242501225/6

बिना मौके पर गए वार्ड परिसीमन का लगाया आरोप

■ कांग्रेस ने हल्ला बोला

भाटापारा/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर शासन स्तर पर तैयारी चालू कर दी है। जिसके लिए निकाय के सभी वार्डों में मतदाताओं की संख्या बराबर रखने सहित रेलवे ब्रिज, सड़क पार ना करते हुए मतदाताओं की संख्या बराबर रखने के स्पष्ट निर्देश के बाद भी शहर में पालिका द्वारा किए गए परिसीमन को नियम विरुद्ध बताते हुए कांग्रेस ने गुरुवार 18 जुलाई को एसडीएम कार्यालय पहुंच कर आपत्ति दर्ज कराई है।

इस दौरान 2 घंटे तक वहां गहमा गहमी का माहौल था। एस डी एम ने शिकायत की गंभीरता को लेकर पालिका के परिसीमन नोडल अधिकारी अजय नायडू को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया है।

कांग्रेसजनों ने गुरुवार को विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में एस डी एम कार्यालय पहुंचकर शासन के स्पष्ट निर्देश के बाद भी गलत तरीके से हुए वार्डो के परिसीमन को लेकर अपनी नाराजगी जताते लिखित में आपत्ति दर्ज कराई है। शिकायतकर्ताओं का कहना है वार्ड परिसीमन में शासन के द्वारा दी गई गाइड लाइन को दर किनार करते हुए अपनी मर्जी से वार्डो का परिसीमन कर दिया गया है। परिसीमन को देखने के बाद किसी वार्ड के मतदाताओं की संख्या मात्र 1000 है तो वहीं दूसरे वार्ड की जनसंख्या 1600 तो किसी वार्ड में 2000 से ऊपर भी है।

आपत्तिकर्ताओं का कहना है कि अनेकों वार्डो के लोगों को सड़क पार करते हुए अपनी मर्जी से दूसरे वार्ड में जोड़ा गया। रेलवे वार्ड के लोगों को भी विभाजित कर आधा आधा कर दिया गया । 1 नंबर वार्ड में सड़क क्रॉसिंग कर वार्ड नंबर 8 के लोगों को जोड़ दिया गया। वार्ड नंबर 10 के हिस्से को वार्ड नंबर 13 में जोड़ा गया।

वार्ड नंबर 12 के हिस्से को वार्ड नंबर 16 में जोड़ा गया।14 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क क्रॉस कर 19 नंबर वार्ड में,वार्ड नंबर 16 और 17 का हिस्सा को वार्ड 21 में, 29 नंबर वार्ड के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर वार्ड नंबर 31 में उसी तरह वार्ड नंबर 30 के हिस्से को सड़क और रेल क्रासिंग कर 29 नंबर वार्ड में जोड़ दिया गया है, जो बिल्कुल ही शासन की गाइड लाइन का उल्लंघन है।

विधायक इंद्र साव ने कहा कि नियम विरुद्ध नगरीय क्षेत्रों का परिसीमन हुआ है,जिसकी लिखित में शिकायत और आपत्ति दर्ज करा दी गई है।इस परिसीमन को देख कर लगता है कि किसी के इशारे या बोलने पर बिना मौके में गए अधिकारियों ने परिसीमन कर दिया है। इस दौरान एस डी एम कार्यलय में 2 घंटे तक कांग्रेसी और वार्ड वासी उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

कलेक्टोरेट परिसर में हुआ पौधरोपण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने इस दौरान मौलश्री पौधे का रोपण किया। कलेक्टर ने कहा कि पौधरोपण के साथ ही पौधों का संरक्षण भी जरूरी है। इसके लिए समय पर पानी दें और सभी मिलकर आवश्यक देखरेख भी करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम डोंगरगढ़ श्री खेमलाल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री हितेश्वरी बाधे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्री अमिय श्रीवास्तव, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री राजेश शर्मा सहित जिला कार्यालय के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी छायादार एवं शोभायमान पौधों का रोपण किया।

समर्थ अभियान के तहत संगीत विश्वविद्यालय में जागरूकता अभियान

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला पुलिस द्वारा जारी समर्थ अभियान के तहत इंदिरा कला संगीत विवि परिसर मे यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत विवि के छात्रावास के छात्र छात्राओं को नवीन कानून भारतीय न्याय सहिंता ,वाहन न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराया । कार्यक्रम मे महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, अधिकार, अनुशासन, राहत, हिम्मत, गुड टच, बैड टच,हिट एंड रन, गुड सेमेरिटन, लैंगिक अपराधों से बालको संरक्षण अधिनियम, नशा न करने, साइबर अपराध की पूर्ण जानकारी दी गई । यातायात नियमों का पालन करने के लिए वचन बद्ध होने, वाहनो का पूर्ण दस्तावेज, बीमा, लाइसेंस रखने , दोपहिया मे हेलमेट पहनने, चारपहिया मे सीटबेल्ट लगाने ,नाबालिग को वाहन चलाने न देने किसी भी तरह का सड़क दुर्घटना होने पर तत्काल लोगो की मदद करने जिससे गुड सेमेरेटीन नेक व्यक्ति के तहत लोगो को चिन्हांकित / नामांकित कर छ.ग. पुलिस के द्वारा समय -समय पर पुरुस्कृत किया करने जैसी योजनाओं की जानकारी देकर अवगत कराते यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दिया गया । संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ मे आयोजित जागरूकता कार्यक्रम ने 110 छात्र /छात्राओं एवं अन्य लोगो की उपस्थिति रही। इस दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा नवीन कानून एवं साइबर अपराध के संबंध में पूछे गए शंकाओं , सवालों का निराकरण भी किया गया।

खोपली आंगनबाड़ी में अन्नप्राशन संस्कार

उतई/नवप्रदेश। खोपली आंगनबाड़ी केंद्रों पर शिशुओं के अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही शिशु के स्वजनों को शिशुओं के लिए स्तनपान के साथ अनुपूरक आहार उपयोग करने की जानकारी दी गई। जिले में बाल कुपोषण को दूर करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा ने कहा कि बाल कुपोषण को कम करने में अनुपूरक आहार की अहम भूमिका होती है। छह माह तक शिशु का वजन लगभग दो गुना बढ़ जाता एवं एक वर्ष पूरा होने तक वजन लगभग तीन गुना एवं लंबाई जन्म से लगभग डेढ़ गुना बढ़ जाती है। जीवन के दो वर्षों में तंत्रिका प्रणाली एवं मस्तिष्क विकास के साथ सभी अंगों में संरचनात्मक एवं कार्यात्मक दृष्टिकोण से बहुत तेजी से विकास होता है। इसके लिए अतिरिक्त पोषक आहार की जरूरत होती है। इस अवसर पर सरपंच मंजू फत्तेलाल वर्मा,सचिव पुराणिक साहू,कृषि विस्तार अधिकारी दीपा आदि थे।

राजनांदगांव जिला आवास निर्माण में प्रदेश में प्रथम

■ जिले में पीएम आवास योजना 26 हजार 928 घर पूर्ण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत राजनांदगांव जिला प्रदेश में आवास निर्माण पूर्ण करने में प्रथम स्थान पर है। योजनांतर्गत ग्रामीण अंचलों में पात्र गरीब एवं आवासविहीन परिवारों को पक्का मकान मिल रहा है। शासन द्वारा जिले को वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कुल 27 हजार 442 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है। जिसमें से 26 हजार 928 आवासों का निर्माण पूरा कर लिया गया है। इस प्रकार 98.10 प्रतिशत आवास निर्माण के साथ राजनांदगांव जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत शेष बचे 514 आवासों निर्माण को हितग्राहियों से संपर्क कर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही हितग्राहियों को निर्माणाधीन आवास को शीघ्र पूर्ण कर राशि प्राप्त करने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत जिले में शेष बचे 514 आवास निर्माण को पूरा करने के लिए हितग्राहियों की सहभागिता बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने हितग्राहियों से अपने आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं योजना अंतर्गत चार किस्तों में प्राप्त होने वाली कुल 1 लाख 30 हजार रूपए तथा 95 मानव दिवस की मजदूरी राशि मनरेगा से प्राप्त करने कहा है।

मणिकंचन केंद्रों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

■ सार्वजानिक व व्यवसायिक केंद्रों द्वारा गंदगी फैलाने पर जुर्माने के निर्देश

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पालिक बेमेतरा सीमान्तर्गत शहर में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगरीय प्रशासन द्वारा शहर में और भी विशेष सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज नगरीय निकाय अंतर्गत वार्ड 13 सिंघोरी, वार्ड 21 कबीरकुटी के कमणिकंचन केंद्र में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने ठोस एवं तरल अपशिष्ट के कुशल प्रबंधन पर जोर देते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने ठोस अपशिष्ट के प्रबंधन को बताते हुए कहा की ठोस अपशिष्ट को उचित तरीके से संग्रहित और निपटान करने के लिए कचरे के वर्गीकरण, पुनर्चक्रण, और सुरक्षित निपटान की प्रक्रियाओं का पालन करने पर जोर दिया। कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि बायोडिग्रेडेबल और नॉन-बायोडिग्रेडेबल कचरे को अलग-अलग किया जाए और उचित तरीके से निपटाया जाए। तरल अपशिष्ट के सही प्रबंधन के लिए कलेक्टर ने जल शोधन संयंत्रों की नियमित देखरेख और संचालन की सख्ती से निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि अपशिष्ट जल का उपचार सही तरीके से किया जाए ताकि वह पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए। कलेक्टर ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के दौरान स्वच्छता और स्वास्थ्य मानकों का पालन करने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों से डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले स्वच्छता दीदियों द्वारा कचरा गीला एवं सूखा अलग करने की समझाइश दी गई, और नगर वासियों अपील करने को कहा की कचरे को अलग-अलग हरा नीला डब्बा कचरे को अलग कर दे, जिससे मणि कंचन केंद्र में करने वाले हमारे स्वच्छता दीदियों को कचरे को पृथक करने में कष्ट ना हो।

कोबीया शराब दुकान का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज जिला मुख्यालय भ्रमण के दौरान जिला मुख्यालय के कोबीया शराब दुकान का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने शराब दुकान के रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी नियमों और विनियमों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने शराब की पर्याप्त स्टॉक और उसकी सही कीमत पर बिक्री की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने दुकान के कर्मचारियों से बातचीत की और उनसे लाइसेंस शर्तों और अन्य नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात् शराब दुकान परिसर में स्थित आहता का निरिक्षण किया और वहा दिए जा रहें खाद्य सामग्री का परीक्षण किया।

शराब तस्करी का मुख्य सरगना फरार आरोपी साजिद शाह गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना बेरला एवं सायबर टीम बेमेतरा की संयुक्त टीम को 13 फरवरी की रात्रि को अंतरराज्यीय शराब तस्करों को पकड़ने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई थी, जिसमें आरोपीगणो के कब्जे से मध्यप्रदेश की 30 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हीसकी शराब कीमती करीबन 165000 रू. एवं होण्डा सीटी कार क्रमांक सीजी 07 एन 6600 कीमती करीबन 200000 रू. जुमला कीमती करीबन 365000 रू. को जप्त कर आरोपीगणों विरूध्द थाना बेरला में अपराध क्रमांक 46/2024 धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट 279 भादवि के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था।

शराब तस्करी का सरगना साजिद शाह घटना दिनांक से फरार था, जिसकी पता तलाश बेरला पुलिस द्वारा लगातार की जा रही थी परंतु आरोपी साजिद शाह लगातार सकुनत से फरार चल रहा था, जिसका कोई पता नहीं चल रहा था। आज 18 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि साजिद शाह अपने घर आया हुआ हैं, मुखबीर से प्राप्त सूचना से पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योती सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला तेजराम पटेल को अवगत कराकर थाना बेरला से टीम रवाना होकर फरार आरोपी साजीद शाह पिता स्व. अब्दुल रहमान उम्र 57 साल साकिन वार्ड के 11 हनुमान मंदिर कोहका रोड महर्षि दयानंद स्कूल के पीछे पुलिस चौकी स्मृति नगर थाना सुपेला जिला दुर्ग के दिये पते पर पहुंचकर आरोपी के मकान में दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमांड में भेजा गया हैं।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बेरला उनि मयंक मिश्रा, सउनि दीनानाथ सिन्हा, प्र आर लोकेश गौसेवक, आर खुशाल बोरकर, शिव यादव, महेश जांगड़े, वीरेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कलेक्टर ने किया स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का निरीक्षण



बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज स्वामी आत्मानंद इंग्लिश माध्यम स्कूल राठी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल की शैक्षणिक सुविधाओं, शिक्षकों की गुणवत्ता, और छात्रों के पढ़ाई स्तर की स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने छात्रों से बातचीत की और उनकी पढ़ाई में आ रही समस्याओं को सुना और एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर, साफ-सफाई, स्टाफरूम, लैब, आईटी रूम, लाइब्रेरी, क्लासरूम का निरीक्षण किया।

साथ ही स्कूल में बच्चों के लिए लाए गए फर्नीचर की गुणवत्ता को भी परखा। कलेक्टर ने स्कूल प्रशासन को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए और छात्रों को बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई। कलेक्टर ने स्कूल के सभी कक्षाओं में जाकर गणित, विज्ञान व सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न किये, इस दौरान उन्होंने मैथ्स के कुछ सवाल देकर हल करने को कहा। उन्होंने बच्चों को दिए गए सवालों के माध्यम से उनकी गणितीय समझ का परीक्षण किया। कलेक्टर ने देखा कि बच्चों ने सवालों को कितनी जल्दी और सही तरीके से हल करते हैं। साथ ही उन्होंने बच्चों को गणित की समस्याओं को हल करने के आसान और प्रभावी तरीके भी बताए।

कलेक्टर ने बच्चों को और अधिक मेहनत करने को कहा एवं गणित में और अधिक अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने निरीक्षण में शिक्षकों को शिक्षा के स्तर को बढ़ाने और विद्यार्थियों को अच्छे से पढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधियों को अपनाने, छात्रों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को समझने, और प्रत्येक छात्र को ध्यानपूर्वक पढ़ाने के निर्देश दिये।

विनायक स्कूल के छात्रों को ड्रेस और पाठ्य पुस्तक वितरित

सरसीवां (सारंगढ़ बिलाईगढ)/नवप्रदेश। मधाईभाठा में संचालित निजी विनायक स्कूल में आरटीई के तहत दाखिल छात्रों को निःशुल्क स्कूल ड्रेस और पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। निजी स्कूल संचालक रूद्र कुमार साहू ने बताया कि स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को ड्रेस और पुस्तक वितरण किया गया।

अभी तक 100 छात्रों को ड्रेस व पुस्तक दिया जा चुका है। और बचे 42 छात्रों को ड्रेस व पुस्तक प्राप्त नहीं हो पाया है। जिसमें कुछ छात्रों के पालकगण कुछ निजी कारणों से स्कूल पहुंचने में असमर्थ रहे हैं। इस दौरान पालकगण मनोहर, राजेश, राधिका, शिवकुमारी, दिगंबर साहू, नरेश कुमार, अरविंद साहू, यशवंत साहू, गुंजराम, कृष्ण कुमार,नकुल जायसवाल और बोधराम आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज जिले की जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय में स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। जिलाधीश ने वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचकर शहर वासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने का सख्त निर्देश देते हुए पानी को स्वच्छ बनाने वाले उपयोग होने सभी पदार्थों की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी लेकर सभी उपकरण के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने जल शुद्धिकरण प्रक्रिया का जायजा लिया और प्लांट की कार्यक्षमता का मूल्यांकन किया।

बैठक | दस वर्षों में पीएम व्दारा किए गए कार्यों का बखान

भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने जिला कार्यसमिति की बैठक लेकर दिए निर्देश

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला भाजपा कार्यसमिति की बैठक लेने पहुँचे प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय मे जिला कार्यसमिति की बैठक ली । बैठक मे जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने जिला भाजपा कार्यसमिति की तीसरी बैठक में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मोदी सरकार के 10 वर्षो के कार्यकाल के बधाई तथा राष्ट्रपति के अभिभाषण का प्रस्तावना भी किया । साहू ने जिला भाजपा द्वारा आयोजित किए गए कार्यो की विधिवत जानकारी देते कहा कि पौधारोपण मे एक पेड़ मां के नाम अभियान को चलाया जा रहा है । मंडल सदस्यो के दिवंगत परिजनो को भी इस दौरान कार्यसमिति द्वारा श्रद्धांजलि दी गई ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के मुख्य बिंदु का वाचन जिला भाजपा संयोजक टीके चन्देल ने किया। प्रस्तावना रखा जिसका समर्थन शशांक ताम्रकार ने किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि जिला कार्यसमिति या मण्डल भाजपा की बैठक मे हमे अनेक जानकारियां मिलती है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 140 करोड़ लोगों का दिल जीतकर तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभाला है । उनकी 10 साल की उपलब्धि बहुत बड़ी उपलब्धि है। जिसमे हर घर शौचालय निर्माण , 10 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना व पेयजल हेतु जल जीवन मिशन , 10 करोड़ से %यादा लोगो को आयुष्मान कार्ड का लाभ , एक देश एक टैक्स भी लागू किया । कोरोनाकाल के दौरान नरेंद्र मोदी ने लगातार काम कर देश मे मुफ्त चावल देकर 80 करोड़ लोगों को सहायता दी । धारा 370 को हटाया विकास का परिवर्तन चल रहा है । पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने छत्तीसगढ़ के राजनीति प्रस्तावना का वाचन किया जिसमे अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण कार्य पूर्ण , 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकालने ,भाजपा शासनकाल में बिजली, सड़क जैसे मूलभूत सुविधाओं को जनता तक ले जाने का काम किया है। जिला भाजपा प्रभारी राकेश यादव ने लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा कि 20 से 25 जुलाई के बीच हर मण्डल की बैठक होना है।जिसमे एक पेड़ में माँ के नाम कार्यक्रम करना है। प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि केंद्र में 10 साल बेमिसाल कार्य हुआ है पिछले 5 साल छत्तीसगढ़ में सिर्फ भ्रस्टाचार हुआ जिसके कारण जनता ने कांग्रेस सरकार को बाहर कर दिया । छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं के दम पर बनी है मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास कार्य चल रहा है। भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ में हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इस दौरान जिला, मंडल, विभिन्न मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित भाजपाई उपस्थित थे।

हाईस्पीड वाहनों पर इंटरसेप्टर की रहेगी नजर

■ इंटरसेप्टर वाहन को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कवर्धा/नवप्रदेश। पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा आबंटित नए इंटरसेप्टर वाहन को पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इंटरसेप्टर वाहन का विधिवत पूजा अर्चना भी किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, कृष्णा चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक एवं यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो सहित यातायात के जवान उपस्थित थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने उपस्थित जवानों को बताया कि यह वाहन अत्याधुनिक मशीनों से लैस है। स्पीड लेजर गन, लेजर एवं इन्फ्रारेड तकनीक में कार्य करती है। यह सडक़ पर तेज गति से चलने वाले वाहनों को 500 मीटर की दूरी से कैप्चर कर लेती है। जिससे ओव्हर स्पीड चलने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करने में सहायक होगी। साथ ही इंटरसेप्टर वाहन में एक साथ अन्य कई विशेषताएं हैं। जैसे स्पीड राडार गन से निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनों की गति मापन, ब्रीथ एनालाईजर से नशे में वाहन चलाने की जांच, सर्विलांस कैमरा से वाहनों की निगरानी, प्रकाश तीव्रता मापन यंत्र से वाहनों की तेज हेड लाईट्स की जांच, ग्लास पारदर्शिता यंत्र से आदि दिशा निर्देश शामिल है।

■ न्यूज गैलरी

आरबीआई गवर्नर ने बैंकों को चेताया

नई दिल्ली। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को मुंबई में आयोजित एफ्ई मॉडर्न बीएफएसआई समिट 2024 को संबोधित किया। उन्होंने कहा, भारत में वित्तीय परिदृश्य एक संरचनात्मक बदलाव के दौर से गुजर रहा है, और आरबीआई सक्रिय रूप से यूपीआई जैसे नवाचारों को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और भारत में अधिक समावेशी वित्तीय क्षेत्र बनाने के लिए भुगतान प्रणालियों को फिर से तैयार किया है। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बैंकों ने अन्य स्रोतों पर निर्भरता बढ़ाकर क्रेडिट और जमा के अंतर को कम करने की कोशिश की है। इससे ब्याज दरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बढ़ जाती है और तरलता प्रबंधन के लिए चुनौतियां पैदा होती हैं। इसमें बदलाव करें करने की जरूरत है। छ्र जमाओं के विभिन्न निहितार्थ हैं जिन्हें बैंकों को ध्यान में रखना होगा क्योंकि ऋष्ण वृद्धि मजबूत बनी हुई है। बैंकों को ऋष्ण हामीदारी मानकों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास कहा, आरबीआई सक्रिय रूप से यूपीआई जैसे नवाचारों को बढ़ावा दे रहा है, पहुंच बढ़ाने और भारत में अधिक समावेशी वित्तीय क्षेत्र बनाने के लिए भुगतान प्रणालियों को फिर से तैयार कर रहा है... क्रेडिट वृद्धि जमा वृद्धि से आगे नहीं बढ़नी चाहिए, दोनों के बीच उचित संतुलन होना चाहिए।

एक साल में एलआईसी के शेयरों में आई शानदार तेजी

नई दिल्ली। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) देश की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी है। एलआईसी के शेयरों ने अपने नाम एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। पिछले एक साल में कंपनी के शेयर में 74 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया है। यह उछाल देश की टॉप-10 कंपनियों में सबसे ज्यादा है। एलआईसी के बाद भारती एयरटेल लिमिटेड के शेयर ने सबसे ज्यादा रिटर्न दिया है। भारती एयरटेल लिमिटेड एकमात्र गैर-सेंसेक्स स्टॉक है। एक साल में भारती एयरटेल लिमिटेड के शेयर में 68.20 फीसदी की तेजी आई।

किसने दिया कितना रिटर्न: बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट के अनुसार-

- भारतीय स्टेट बैंक के शेयर ने एक साल में 47.64 फीसदी का रिटर्न दिया।
- मार्केट कैप के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड देश की सबसे मूल्यवान कंपनी है। आरआईएल के शेयर ने अपने निवेशकों को केवल 10.51 फीसदी रिटर्न दिया है।
- पिछले एक साल में आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के शेयर में 28.19 फीसदी की तेजी आई।
- टीसीएस के शेयर ने 24.76 फीसदी का रिटर्न दिया है।
- इन्फोसिस के शेयर में 22.61 फीसदी की बढ़त हुई है।
- एफएमसीजी सेक्टर के प्रमुख हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के शेयर ने पिछले एक साल 1.99 फीसदी का रिटर्न दिया है।

मुनाफा वसूली के दबाव में शिखर से लुढ़का बाजार

मुंबई (वार्ता)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र (आईटी) की प्रमुख कंपनी इंफ़ोसिस के चालू वित्त वर्ष के पहली तिमाही के परिणाम उम्मीद से बेहतर रहने के बावजूद ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली के दबाव में आज शेयर बाजार ऊंचाई के शिखर से नीचे लुढ़क गया।बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 738.81 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत का गोता लगाकर 81 हजार अंक के शिखर से लुढ़ककर 80,604.65 अंक पर आ गया।इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 269.95 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24,530.90 अंक रह गया।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर मुनाफा वसूली हुई, जिससे मिडकैप 2.31 प्रतिशत उतरकर 46,260.03 अंक और स्मॉलकैप 2.22 प्रतिशत टूटकर 52,481.80 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4010 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3014 में बिकवाली जबकि 906 में लिवाली हुई वहीं 90 में कोई बदलाव नहीं हुआ।इसी तरह निफ्टी की 46 कंपनियां लाल जबकि शेष चार हरे निशान पर रही।विश्लेषकों के अनुसार, सभी मापदंडों पर इंफोसिस की पहली तिमाही के परिणाम बाजार की उम्मीदों से बेहतर रहे हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इंफ़ोसिस के सीईओ की यह टिप्पणी कि वित्तीय सेवा क्षेत्र में सुधार के शुरुआती संकेत हैं÷ आश्वस्त करने वाली है और इसे टीसीएस के इस कथन के साथ देखा जाना चाहिए कि वित्त वर्ष 2025, वित्त वर्ष 2024 से बेहतर होगा।÷ इसके लिए आईटी क्षेत्र के मामूली पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता है और इससे आज शेयर बाजार में उछाल आने की संभावना थी लेकिन ऊंचे भाव पर हुई मुनाफावसूली ने बाजार को शिखर से नीचे धकेल दिया।इससे बीएसई के सभी 20 समूह में गिरावट का रुख रहा।

इस दौरान धातु 4.11, कमोडिटीज 3.07, सीडी 2.04, ऊर्जा 2.83, एफएमसीजी 0.33, वित्तीय सेवाएं 1.02, हेल्थकेयर 1.60, इंडस्ट्रियल्स 2.11, आईटी 0.21, दूरसंचार 2.15, यूटिलिटीज 2.51, ऑटो 2.53, बैंकिंग 0.70, कैपिटल गुड्स 1.85, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.99, तेल एवं गैस 2.87, पावर 2.67, रियल्टी 2.44, टेक 0.34 और सर्विसेज समूह के शेयर 2.42 प्रतिशत टूट गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा।

इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.21 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.48 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 0.18 और हांगकांग के हैंगसेंग में 2.06 प्रतिशत की गिरावट रही।

तकनीकी खराबी से बैंक व शेयर बाजार भी प्रभावित

नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट और क्राउडस्ट्राइक की सेवाओं के ठप होने का असर शेयर बाजार के कारोबारियों पर भी पड़ा है। शेयर बाजार की कई ब्रोकरेज सेवाओं और बैंकों ने तकनीकी खराबी की जानकारी दी है। ब्रोकरेज फर्म 5पैसा और आईआईएफएल ने अपने ग्राहकों से कहा है कि उनका सिस्टम माइक्रोसॉफ्ट में आई खराबी के कारण प्रभावित हुआ है। 5पैसा ने एक्स पर बताया, 'क्राउडस्ट्राइक/माइक्रोसॉफ्ट जो हमें साइबर सुरक्षा समाधान मुहैया कराते हैं, में एक वैश्विक आउटेज आने के कारण हमारे सिस्टम प्रभावित हुए हैं। हमारी टीम जल्द से जल्द इसे बहाल करने के लिए उन दोनों कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रही है।

फिलहाल भारतीय शेयर बाजार तकनीकी खराबी से अप्रभावित

फ्लिहाल राहत की खबर यह है कि भारतीय शेयर बाजार बीएसई और एनएसई इस आउटेज से अब तक अप्रभावित हैं। कई देशों में स्टॉक एक्सचेंजों के कामकाज में व्यवधान की खबरों के बीच भारत के प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि इस वैश्विक आउटेज का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। एनएसई ने कहा है कि उसके प्लेटफॉर्म पर सामान्य ढंग से कामकाज चल रहा है। एक्सचेंज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एनएसई और एनसीएल (एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड) आज सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने भी कहा है कि माइक्रोसॉफ्ट के आउटेज से एसबीआई का सिस्टम प्रभावित नहीं हुआ है। उधर, बैंकों सहित दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट उपयोगकर्ताओं को परेशानी के बाद कंपनी बताया है कि वह धीरे-धीरे माइक्रोसॉफ्ट 365 ऐप और उसकी सेवाओं तक पहुंच को प्रभावित करने वाली समस्या को ठीक कर रहा है।

ब्रोकरेज फर्म्स ने दी तकनीकी खराबी से परेशानी की सूचना

इसके अलावे, एंजेल वन, नुवामा, मोतीलाल ओसवाल पर ट्रेडिंग करने वाले कारोबारियों ने भी तकनीकी परेशानी आने की जानकारी दी है। परेशान कारोबारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने नुकसान के लिए ब्रोकरेज फर्म्स से मुआवजे की मांग करते हुए कहा कि उन्हें अपने सौंदों को बेचने परेशानी हुई। क्योंकि एप पर कोई पेंडिंग ऑर्डर नहीं दिख रहा था।

लंदन स्टॉक एक्सचेंज का कामकाज प्रभावित हुआ

लंदन स्टॉक एक्सचेंज का वर्कस्पेस न्यूज और डेटा प्लेटफॉर्म भी माइक्रोसॉफ्ट में आई खराबी के कारण प्रभावित हुआ। वहीं, भारतीय शेयर बाजार बीएसई और एनएसई पर फिलहाल माइक्रोसॉफ्ट की खराबी के बड़े असर की कोई जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, बैंकों और एयरलाइंस सहित दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट के उपयोगकर्ताओं ने व्यापक आउटेज की जानकारी दी है। टेक कंपनी ने इस मामले में प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि मुद्दे हल करने की कोशिश की जा रही है।

दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशी बाजारों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 22 रिंगिट चढ़कर 4007 रिंगिट प्रति टन हो गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.19 सेंट की तेजी के साथ 44.52 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा

सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा

चना, दाल चना, मूंग दाल, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :-

दाल-दलहन : चना 6600-6700, दाल चना 7600-7700, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 10300-10400, उड़द दाल 12700-12800, अरहर दाल 11500-11600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2750-2850 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4100-4200, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4450-4550 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 13113 रुपये, मूंगफली तेल 19560 रुपये, सूरजमुखी तेल 12344 रुपये, सोया रिफाइंड 12160 रुपये, पाम ऑयल 8833 रुपये और वनस्पति तेल 11233 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नयी दिल्ली (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे।

तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्तहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.58 प्रतिशत गिरकर 82.34 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। इसी तरह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.48 प्रतिशत की गिरावट लेकर 84.70 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

वैश्विक आउटेज को लेकर माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णन ने कहा है कि उनका मंत्रालय वैश्विक आउटेज को लेकर माइक्रोसॉफ्ट और उसके सहयोगियों के संपर्क में है।

श्री वैष्णव ने सोशल मीडिया एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि इस आउटेज का कारण पहचान लिया गया है और समस्या को हल करने के लिए अपडेट जारी कर दिए गए हैं। कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉस टीम (सीईआरटी) एक तकनीकी सलाह जारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे नेशनल इंफोर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) का नेटवर्क अप्रभावित रहा है।

उल्लेखनीय है कि वैश्विक स्तर पर इस आउटेज के कारण विमानन से जुड़ी सेवायें बुरी तरह प्रभावित हुयी है। भारत में माइक्रोसॉफ्ट के अजुरे क्लाउड प्लेटफॉर्म का उपयोग करने वाली विमानन कंपनियों की सेवायें बाधित हुयी है। इस बीच सीईआरटी ने अपने सलाह में कहा है कि क्राउड स्ट्राइक एजेंट 'फाल्कॉन सेंसर' में आउटेज की समस्या आ रही है और इसमें हाल में किये गये अपडेट के कारण यह क्रैस हो रहा है। फाल्कॉन सेंसर से जुड़े ' ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ' के कारण विंडो में दिक्कत आ रही है। इसको सही करने के लिए विंडो को अपडेट करने और रिस्टार्ट करने की सलाह दी गयी है।

इन्फोसिस का लाभ सात फीसदी बढ़कर 6,368 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। आईटी कंपनी इन्फोसिस का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में समेकित शुद्ध लाभ सात फीसदी बढ़कर 6,368 करोड़ रुपये पहुंच गया। इसके साथ ही, कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपना वृद्धि अनुमान बढ़ा दिया है। हालांकि, तिमाही आधार पर शुद्ध लाभ में 20 फीसदी की गिरावट रही। इन्फोसिस के सीईओ-एमडी सलिल पारेख ने कहा, वृद्धि के आधार पर कंपनी इस साल 15,000-20,000 फ्रेशर्स की भर्ती कर सकती है। भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) उद्योग का आकार 2029 तक 31 फीसदी की सालाना वृद्धि के साथ?करीब 420 अरब डॉलर का हो जाएगा। 2024 में इसका आकार 110 अरब डॉलर होने का अनुमान है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के गैर-कार्यकारी चेयरमैन एवं स्वतंत्र निदेशक अजय कुमार चौधरी ने कहा, डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर सरकार का कदम और युवा व प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने वाली आबादी की वजह से फिनटेक क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर जा रहा है।

एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने सीएसआर पहलों के माध्यम से

मुंबई। भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने वर्ष 2023-24 के लिए एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट में वित्तीय वर्ष के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहलों पर 945.31 करोड़ रुपये के व्यय की सूचना दी है। यह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 125 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाता है।

अपने सीएसआर ब्रांड, परिवर्तन के तहत, एचडीएफसी बैंक की पहलों ने अब तक 10.19 करोड़ लोगों के जीवन को प्रभावित किया है, जो 9,000 से अधिक गांवों और 10 लाख से अधिक परिवारों तक पहुँची है, जिसमें भारत सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) में पहचाने गए 112 जिलों में से 85 में कवरेज शामिल है।

हाशिए पर पड़े समुदायों, खास तौर पर महिलाओं के लिए स्थायी आजीविका बनाने पर केंद्रित, परिवर्तन 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में काम करता है।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल

INFY 1808.00 +2.78 %	ITC 477.90 +1.66 %	ASIANPAINT 2957.85 +0.94 %	HCLTECH 1607.85 +0.88 %	TCS 4325.70 +0.25 %	ICICIBANK 1246.05 -0.30 %
NESTLEIND 2617.00 -0.31 %	HINDUNILVR 2727.15 -0.34 %	TITAN 3249.10 -0.39 %	HDFCBANK 1607.15 -0.46 %	MARUTI 12590.10 -0.49 %	KOTAKBANK 1812.05 -0.61 %
BAJAJFINSV 1640.50 -0.66 %	LT 3628.50 -0.69 %	SUNPHARMA 1581.60 -0.76 %	AXISBANK 1298.25 -0.83 %	SBIN 885.00 -0.94 %	ADANIPORTS 1477.30 -1.10 %
BHARTIARTL 1466.20 -1.15 %	M&M 2785.55 -1.22 %	RELIANCE 3129.10 -1.30 %	NTPC 372.75 -1.32 %	BAJFINANCE 7013.50 -1.32 %	INDUSINDBK 1434.60 -1.43 %
POWERGRID 335.80 -1.52 %	TATAMOTORS 1006.15 -1.85 %	ULTRACEMCO 11423.50 -1.95 %	JSWSTEEL 910.00 -2.16 %	TECHM 1500.30 -2.58 %	TATASTEEL 161.05 -3.19 %

पेटीएम को 839 करोड़ रुपये का घाटा

नयी दिल्ली (वार्ता)। पेटीएम संचालित करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 839 करोड़ रुपये का सकल घाटा हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 357 करोड़ रुपये की तुलना में ढाई गुना अधिक है। कंपनी ने आज शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की अंतिम तिमाही उसका 550 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। फिनटेक कंपनी का परिचालन से राजस्व चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 36 फीसदी घटकर 1,502 करोड़ रुपये रह गया।

पेन कार्ड और आधार में अलग-अलग है नाम तो ऑनलाइन ऐसे करवाएं करेक्शन

नई दिल्ली। सरकारी काम हो या फिर गैर-सरकारी कामों के लिए कभी न कभी आधार कार्ड या पैन कार्ड की जरूरत पड़ जाती है। यह दोनों डॉक्यूमेंट्स आईडी-प्रूफ के तौर पर काम करती है। अगर इन दोनों दस्तावेजों में दी गई जानकारी में कुछ भी बेमेल होता है तो कई काम अटक सकते हैं।

कई लोगों के पैन कार्ड में नाम आधार कार्ड से अलग होता है। ऐसे में कई बार उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ता है। अगर आपके भी पैन में जो नाम प्रिंट है वो आधार कार्ड से अलग है तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे इसे सही कर सकते हैं। आज हम आपको बताएंगे कि आप ऑनलाइन करेक्शन कैसे कर सकते हैं।

ऑफलाइन कैसे करें करेक्शन

ऑनलाइन के अलावा आप ऑफलाइन भी पैन कार्ड को सही करवा सकते हैं। इसके लिए आपको नजदीकी पैन सुविधा केंद्र जाना होगा। यहां आपको पैन कार्ड में करेक्शन के लिए फॉर्म भरना होगा और जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी अटैच करने होंगे। इसके बाद फॉर्म को जमा कर दें और कुछ दिन में आपके घर में अपडेटेड पैन कार्ड आ जाएगा।

ऑनलाइन कैसे करवाएं करेक्शन

- आपको सबसे पहले इनकम टैक्स इंडिया की ऑफिशियल वेबसाइट (www.incometa&india.gov.in) पर जाना होगा।
- अब यहां आपको पैन नंबर का इस्तेमाल करके लॉग-इन करना होगा।
- इसके बाद पैन कार्ड करेक्शन के ऑप्शन को सेलेक्ट करना होगा।
- अब स्क्रीन पर मांगी गई सभी जानकारी और उससे जुड़े डॉक्यूमेंट्स को अपलोड करना होगा।
- इसके बाद फॉर्म सबमिट करने के लिए आपको लगभग 106 रुपये का भुगतान करना होगा जो करेक्शन फीस है।
- अब फीस भरने के बाद आपको सबमिट करना होगा, जिसके बाद आपको एक रिसिप्ट मिलेगी।
- रिसिप्ट पर दिए गए नंबर की मदद से आप ट्रैक कर सकते हैं कि आपका अपडेटेड पैन कार्ड कब तक डिलिवर होगा।
- आप NSDL e-Gov पोर्टल के जरिये भी पैन कार्ड में करेक्शन करवा सकते हैं।

'द फ्यूचर इज नाउ' थीम पर आधारित होगी इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024

■ संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वेबसाइड लॉच किया

नयी दिल्ली (वार्ता)। द फ्यूचर इज नाउ थीम पर इस वर्ष इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का आयोजन किया जायेगा और इसके लिए आईएमसी ऐप और वेबसाइट लाँच की गयी है।

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल रात यहां आयोजित एक कार्यक्रम में थीम के अनावरण के साथ ही आईएमसी ऐप और वेबसाइट को लाँच किया। इसके साथ ही आईएमसी के लिए पंजीकरण भी शुरू हो गया।

सिंधिया ने पहला पंजीकरण किया

दूरसंचार विभाग और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) द्वारा सह-आयोजित एशिया की प्रमुख डिजिटल प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी, इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का आठवां संस्करण इस वर्ष 15 अक्टूबर से नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही भारत प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों - विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली न्यू डे और वैश्विक मानक संगोष्ठी का भी आयोजन कर रहा है। इस मौके पर श्री सिंधिया ने कहा- तकनीक तब सबसे अच्छी होती है जब यह लोगों को एक साथ लाती है। हमारे देश भारत से बेहतर कोई उदाहरण नहीं हो सकता। यह प्रौद्योगिकी और संचार ही है जो अवसरों का एक मंच प्रदान करेगा। संचार और नेटवर्क भारत के पहले गांव से लेकर भारत के मध्य गांवों के लोगों को एक साथ लाएंगे।

संचार मंत्री ने आईएमसी को वैश्विक मेल्टिंग पॉइंट बताया और आने वाले समय में भारत को ऐसे आयोजनों के केंद्र में देखने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि 'द फ्यूचर इज नाउ' थीम हमारी क्षमताओं, हमारी उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं दोनों का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में दूरसंचार क्षेत्र में हुए क्रांतिकारी बदलावों पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत प्रौद्योगिकी के उपभोक्ता से अब प्रौद्योगिकी के आपूर्तिकर्ता बन गया है।

उन्होंने दूरसंचार अधिनियम 2023, पीएलआई योजना, सबसे तेज़ 5जी रोलआउट जैसे विभिन्न उपलब्धियों की सराहना की और प्रतिबद्धता जताई कि दूरसंचार अधिनियम 2023 के नियमों को अगले 180 दिनों के भीतर अधिसूचित किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

देवेन्द्र को उप संचालक कृषि का प्रभार

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से अजय अनंत, उप संचालक कृषि कोरबा के अवकाश अवधि तक आगामी आदेश पर्यंत देवेन्द्र कुमार, सहायक संचालक कृषि कोरबा को अपने कार्यों के साथ- साथ उनका सम्पूर्ण प्रभार सौंपा है।

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मौदहापारा पुलिस ने चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि समवेत शिखर कॉम्पलेक्स के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अलीमुद्दीन खान 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम देवरी मोड़ के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शत्रुहन सामंत 41 वर्ष ग्राम देवरी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीसी 1611 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे शत्रुहन की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 6 लोग गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी रवि श्रीवास 56 वर्ष, तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी शेख मोईन 25 वर्ष एवं खमतराई पुलिस ने आरोपी राजू साहू 28 वर्ष व रूपेश यादव 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी मोहम्मद साहेल 24 वर्ष व खरोरा पुलिस ने आरोपी गणेश धृतलहरे 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

घर के बाहर खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। मठपुरैना बजरंग चौक में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सीताराम साहू 40 वर्ष मठपुरैना बजरंग चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलसी 4047 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। गुलशन वाटिका सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थिया मुदिता राजपूत 60 वर्ष मकान नंबर 23 फेस 2 गुलशन वाटिका की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 48 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अटल ने पृथक राज्य बनाकर दिया, इसे संवारने की जिम्मेदारी हमारी : सीएम साय

डॉ. खूबचंद बघेल की 124वीं जयंती समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राजधानी के डॉ. खूबचंद बघेल व्यावसायिक परिसर, फूल चौक में आयोजित डॉ. खूबचंद बघेल की 124वीं जयंती समारोह में शामिल हुए। उन्होंने डॉ. खूबचंद बघेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डॉ. खूबचंद बघेल का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि वे छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा थे। एक अच्छे डॉक्टर और साहित्यकार के रूप में उनकी अलग पहचान थी। मुख्यमंत्री साय ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्रीअटल बिहारी वाजपेयी जी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर हमारे पुरखों का सपना पूरा किया। हम सभी अटल जी के आभारी हैं। अब इस राज्य को संवारने की जिम्मेदारी हम सभी की है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से सरकार के मुखिया का दायित्व मुझे मिला है। हमारी सरकार ने प्रदेश में 7 माह पूरे किए हैं और सरकार बनने के दूसरे ही दिन हमने 18 लाख गरीब परिवारों को आवास देने का काम किया। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की

खरीदी की। 13 लाख किसानों को दो साल के बकाया धान बोनस का अंतरण, महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को हर महीने एक-एक हजार रुपए सालाना 12 हजार रूपए की सहायता राशि के साथ ही तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिए संग्रहण दर 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए प्रति मानक बोरा करने जैसे कई अहम निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पुरखों ने जिस छत्तीसगढ़ का सपना देखा है, उसे आकार देने के लिए हम सभी कार्य कर रहे हैं। हमारे पास खनिज संपदा भरपूर मात्रा में है। हमारे पास कोयला, आयरन, बॉक्साइट, गोल्ड, डायमंड जैसे खनिज उपलब्ध हैं। मिनरल्स के क्षेत्र में भी हमारा छत्तीसगढ़ बहुत समृद्ध है। तरह-तरह के वनोपज हमारे छत्तीसगढ़ की शोभा बढ़ाते हैं, जिनके वैल्यू एडिशन से हम वनवासी भाइयों-बहनों के जीवन को आर्थिक रूप से सशक्त और समृद्ध बना रहे हैं। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने उपस्थित लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि हम समाज और प्रदेश के विकास में सकारात्मक भूमिका निभाएं । डॉ. खूबचंद बघेल ने समाज में भेदभाव को मिटाने के लिए और गरीब तबके को ऊपर उठाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया।

सीएम ने मिर्जा मसूद के निधन पर जताया शोक

मुख्यमंत्री साय ने मशहूर रंग निर्देशक और आकाशवाणी के वरिष्ठ उदघोषक मिर्जा मसूद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मिज़्रा मसूद ने अपना पूरा जीवन रंगमंच को समर्पित कर दिया। उनका निधन कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। मिज़्रा मसूद की करिश्माई आवाज और अंदाज उन्हें अद्वितीय बनाते थे। उन्होंने कई अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में हिंदी ब्रॉडकास्ट कमेंटेटर के रूप में भी अपनी विशेष पहचान बनाई।

कोयला घोटाले में 12,500 तो महादेव सट्टा में 6 हजार पन्नों का है चालान

एसीबी/ईओडब्लू ने की कोर्ट में चार्जशीट पेश

महादेव सट्टा और कोयला घोटाला मामला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला और महादेव सट्टा ऐप मामले में शुक्रवार को एसीबी/ईओडब्लू ने न्यायलय में चालान पेश कर दिया है। महादेव सट्टा मामले में एसीबी ने 6 से अधिक और कोयला घोटाले मामले में सभी अभियुक्तों के खिलाफ 12,500 से ज्यादा पन्नों का चालान तैयार किया है गया है। वहीं आरोपी पक्ष की पैरवी कर रहे वकीलों को चालान की छायाप्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस बात को लेकर न्यायला में दोनों पक्षों के वकीलों के बीच काफी बहस भी हुई। चालान की छायाप्रति उपलब्ध नहीं कराए जाने से आरोपी पक्ष के पक्षकारों ने कोर्ट में सवाल उठाते हुए कहा की एसीबी/ईओडब्लू हमें चालान की एक प्रति नहीं दिए जाने से हमारे मुअक्किलों पर किन अपराधों में क्या ग्राउंड बनाया गया है केस को कैसे प्रस्तुत किया गया है इसकी जानकारी नहीं मिल रही जो की नियम विरुद्ध है। वहीं न्यायलय परिसर में कोयला घोटाले के मुख्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी, सौम्य चौरसिया और निलंबित आईएएस रानू साहू पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए और बाकी सभी गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायलय में पेश किया गया। साथ ही एसीबी ने महादेव सट्टा मामले के सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया और चालान दाखिल करने के बाद उन्हें वापस जेल भेज दिया गया।

आरोपियों ने किया कोर्ट में हंगामा

महादेव सट्टा मामले में न्यायलय में पेश किए गए आरोपियों के परिवार के लोग भी उनसे मिलने पहुंचे हुए थे लेकिन पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच उनको अपने परिजनों से मिलने से रोका जा रहा था। इसी से बौखला कर आरोपी सतीश चंद्राकर ने सुरक्षा कर्मियों से बदसलूकी करना शुरू कर दिया जिसके चलते कोर्ट में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। ले दे कर पुलिस बल द्वारा मामले को शांत कराया गया और सभी आरोपियों को पेशी करवाकर वापस जेल भेज दिया गया। महादेव सट्टे मामले के आरोपी भीम यादव , अर्जुन यादव , रितेश यादव , राहुल आप्टे,सतीश चंद्राकर , असीम दास , चंद्रभूषण वर्मा , अनिल और सुनील दम्मानी को किया गया था पेश।

शिकारी के घर से बरामद हुआ जंगली सुअर और चीतल के अवशेष

कोरबा/नवप्रदेश। जंगली जानवरों का शिकार कर शिकारी फ़रार हो गए। टीम ने बंद घर का ताला तोड़कर जंगली सुअर और चीतल के अवशेष बरामद करने के साथ ही इनके शिकार में प्रयुक्त सामाग्रियों की बरामदगी की है।

कटघोरा वनमंडल के अंतर्गत वन परिक्षेत्र पाली के मुनगाडीह परिसर के अधीन आने वाले ग्राम दमिया में अवैध शिकार करने की सूचना वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को मिली थी। उन्होंने तत्काल पाली रेंजर को निर्देशित कर टीम गठित किया और उप वनमंडलाधिकारी पाली के नेतृत्व में ग्राम दमिया में उक्त स्थान पर दबिश दी गई। अमले के पहुंचने से पहले शिकारी फरार हो गए और उक्त घर में ताला लगा हुआ मिला। सर्च वारंट प्राप्त कर पंचनामा तैयार कर ताला तोड़ा गया। घर के भीतर से 1 जंगली सुअर का शव 38 किलो, 9 बंडल सेंटिंग तार, 2 नायलोन जाल, 1 नग फरसा, 1 प्लास्टिक बोरी खून सना हुआ, 2 नग लकड़ी का गुटका, चीतल का मांस कटा हुआ बाल्टी में 16 किलो एवं बोरी में 38 किलो, नायलोन का जाली 2 गुच्छा, चीतल का सींग 4 नग, 1 नग चीतल का सिर ढाई किलो, 2 बंडल बिजली तार, 1 नग कुल्हाड़ी, 1 हीरो स्प्लेंडर दुपहिया वाहन क्रमांक- सीजी 10 बीएच 0370 जप्त किया गया। डीएफओ ने बताया कि मुख्य आरोपी महेन्द्र गंधर्व पिता संताराम गंधर्व, सुरेन्द्र गंधर्व पिता संताराम गंधर्व, महावीर गंधर्व पिता धर्मेन्द्र, विरेन्द्र गंधर्व पिता संताराम गंधर्व सभी निवासी ग्राम दमिया पर वन्य प्राणी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही कर तलाश की जा रही है। जब्त जंगली सूअर एवं चीतल के मांस पशु चिकित्सक पाली के द्वारा पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया जाएगा। कार्यवाही में मुख्य रूप से परिक्षेत्र अधिकारी पाली, यशमन कुमार आदिल, दीपक कुमार पटेल, राजेश कुमार धिरही, सविता पटेल, अनिता कुंवर, विरेन्द्र कुमार, नंदकिशोर सिंह आरआई, शिवकुमार डहरिया, पुलिस थाना पाली के साथ संयुक्त कार्यवाही किया।

उपरोक्त अपराधी की सूचना प्राप्त होने पर मोबाइल नंबर 6264557647 अथवा 8319774533 पर सूचना देने पर उचित ईनाम दिया जावेगा।

जंगली जानवरों का शिकारी फरार

आपात स्थिति से निपटने कराया गया बलवा ड्रिल का अभ्यास

रायपुर/ नवप्रदेश। शुक्रवार को पुलिस लाईन रायपुर में बलवा दंगों के दौरान कानून व्यवस्था स्थापित करने हेतु बलवा ड्रील का पूर्वाभ्यास कराया गया। बलवा मॉकड्रिल रिहर्सल परेड में पुलिस जवानों की अलग-अलग टीम बनाई गई। जिसमें टियर गैस पार्टी, केन पार्टी, लाठी पार्टी, राइफल पार्टी, मेडिकल पार्टी को अपना-अपना कार्य तय कर दिशा निर्देश दिए गए। इसके उपरांत विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों से पुलिस ने बात की एवं समझाने की कोशिश की किन्तु लोगों की भीड़ अचानक उग्र हो गई एवं पुलिस पर पथराव करने लगे। यह देख पुलिस ने पहले उन्हें चेतावनी दी।

इसके बाद भी वे नहीं माने तो टियर गैस के गोले दागे तब भी नहीं माने, तब पुलिस द्वारा अनाउंसमेंट कर चेतावनी दी गई, किन्तु प्रदर्शनकारियों को उग्र होता देख कर पुलिस टीम द्वारा लाठीचार्ज भी किया गया। इसके उपरांत बेकाबू भीड़ को रोकने के लिए मजिस्ट्रेट के आदेश उपरांत

फायर किया गया। जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए और कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए जिन्हें इलाज के लिए डॉक्टर की टीम द्वारा एम्बुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। बलवा मॉकड्रिल में दोनों ही भूमिकाओं में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी थे। कानून-व्यवस्था को देखते हुए और विपरीत परिस्थितियों में भीड़ पर नियंत्रण पाने के लिए अमले को प्रशिक्षण देने और अपनी क्षमताओं की परख करने के लिए समय-समय पर इस तरह की मॉकड्रिल का आयोजन होता रहा है, ताकि कानून व्यवस्था ड्यूटी, धरना-प्रदर्शन के दौरान विपरित परिस्थितियों में पुलिसकर्मी अपने आप को सुरक्षित रखते हुए अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर भीड़ नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस दौरान पुलिसकर्मियों को विभिन्न पहलुओं पर जानकारी भी दी गई है।

इस अभ्यास में जिला रायपुर के अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पुलिस राजपत्रित अधिकारी, रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी के अतिरिक्त सैकड़ों अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मिलित हुये।

प्रदेश में अब तक 294.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 294.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 19 जुलाई सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 604.8 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 138.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 204.3 मिमी, बलरामपुर में 339.1 मिमी, जशपुर में 240.8 मिमी, कोरिया में 249.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 205.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की

गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 265.5 मिमी, बलौदाबाजार में 300.5 मिमी, गरियाबंद में 363.2 मिमी, महासमुंद में 232.7 मिमी, धमतरी में 296.9 मिमी, बिलासपुर में 339.9 मिमी, मुंगेली में 315.9 मिमी, रायगढ़ में 332.1 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 204.4 मिमी, जांजगीर-चांपा में 313.7 मिमी, सक्ती में 275.2 कोरबा में 395.0 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 342.1 मिमी, दुर्ग में 184.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 259.4 मिमी, राजनांदगांव में 260.3 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी में 280.2 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 191.0 मिमी, बालोद में 278.1 मिमी, बेमेतरा में 172.6 मिमी, बस्तर में 411.9 मिमी, कोण्डागांव में 303.7 मिमी, कांकेर में 298.6 मिमी, नारायणपुर में 333.3 मिमी, दंतेवाड़ा में 326.0 मिमी और सुकमा जिले में 464.8 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

राज्यपाल से बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने सौजन्य भेंट की । उन्होंने बच्चों में नशे की प्रवृत्ति की प्रभावी रोकथाम के लिए राज्य के सभी जिलों में नशा मुक्ति केन्द्र खोले जाने हेतु राज्यपाल से अनुरोध किया। इस अवसर पर पुष्पा पटेल, अगस्टाइन बर्नाड और शैलेन्द्र पटेल उपस्थित थे।

कैबिनेट मंत्री नेताम ने पाली में कन्या छात्रावास और शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ी का किया निरीक्षण

छात्रावास के अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु किया निर्देशित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मंत्री आदिम जाति व अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग श्री रामविचार नेताम ने कल कोरबा जिले के विकासखण्ड पाली में अपने प्रवास के दौरान कन्या छात्रावास पाली एवं शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय योजनाओं से आमजनों को प्राथमिकता से लाभांवित करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्रीकांत कसेर, जनपद सीईओ पाली भूपेंद्र सोनवानी, उद्यानिकी विभाग के अधिकारी सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने पाली में कन्या

योजनाओं के क्रियान्वयन की ली जानकारी

इस दौरान कैबिनेट मंत्री नेताम द्वारा शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ी (लाफा) का औचक निरीक्षण कर रोपणी में उपलब्ध पौधे एवं आगे की तैयारी के संबंध में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रोपणी परिसर का जायजा लेते हुए परिसर में लगे पुराने पेड़ो को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह रोपणी काफी अधिक क्षेत्रफल में विस्तृत है। यहां उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन की काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने रोपणी में सुविधाओं की विस्तार हेतु आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री नेताम ने विभागीय योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता से लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। मंत्री नेताम को उद्यान अधीक्षक ने रोपणी के कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि रोपणी में इस वर्ष आम से लगभग साढ़े सात लाख एवं लीची से 50 हजार की

छात्रावास एवं शासकीय उद्यान रोपणी पोड़ी का किया निरीक्षण

मंत्री नेताम ने पाली में आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास परिसर में छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियाँ, परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से हॉस्टल में मिलने वाली सुविधा, भोजन एवं उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा की। मंत्री नेताम ने अधीक्षिका को मेनू अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही परिसर की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं अधूरे निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया।

विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों के खुलेंगे बैंक खाते

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर अजीत वसंत ने जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर वर्ग के लोगों का ग्रामवार कैम्प आयोजित कर बैंक खाता खोलने के निर्देश लीड बैंक अधिकारी कोरबा को दिए हैं।

कलेक्टर ने सचिव व रोजगार सहायक को 25 जुलाई 2024 से सभी ग्रामों में कैम्प लगाने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही क्षेत्रांतर्गत निवासरत् विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति के लोगों को कैम्प में 02 रंगीन फोटो, आधार कार्ड एवं संपर्क नम्बर (दूरभाष क्रमांक) के साथ उपस्थित होने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

दैनिक नवप्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021